विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

प्रकृति को प्यार करो, क्योंकि तुम उसका हिस्सा हो। -स्टीफन हॉकिंग

हमें पृथ्वी विरासत में अपने पूर्वजों से नहीं मिली, बल्कि हम इसे अपने बच्चों से उधार लेते हैं। -नेल्सन मंडेला

पृथ्वी हर व्यक्ति की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त साधन प्रदान करती है, लेकिन लालच को पूरा करने के लिए नहीं। -महात्मा गांधी

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | श्रावण कृष्ण पक्ष 08, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 28 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक- 280, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

नीति आयोग की बैठक को लेकर घमासान

# विकसित भारत 2047 तक हर भारतीय का लक्ष्य : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को नेशनल इंस्टीट्यूशन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया (नीति आयोग) की गवर्निंग काउंसिल की 9वीं मीटिंग हुई। आयोग की इस बैठक में भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने हिस्सा लिया जबकि जबकि इंडी गठबंधन ने उनके शासित राज्यों के साथ बजट में भेदभाव का आरोप लगा इसका बहिष्कार किया। विपक्ष की एकमात्र पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बैठक में भाग तो लिया लेकिन महज पांच मिनट बोलने देने व माइक बंद करने का आरोप लगा बैठक से बाहर निकल गईं। इधर राजग के सहयोगी बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बैठक में शामिल नहीं हुए। उनके बदले राज्य के दोनों उपमुख्मंत्री बैठक में शामिल हुए। इसपर जदयू ने कहा कि नीतीश पहले भी नीति आयोग की बैठक में नहीं आते रहे हैं जबकि राज्य का प्रतिनिधित्व उपमुख्यमंत्री करते हैं। इस अहम मीटिंग में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत 2047 हर भारतीय की महत्वाकांक्षा है। राज्य इस लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं, क्योंकि वे सीधे लोगों से जुड़े हुए हैं। पीएम ने कहा कि ये दशक बदलावों, तकनीक और भू-राजनीतिक बदलावों के साथ-साथ ही अवसरों का भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को इन अवसरों का लाभ उठाना चाहिए और अपनी नीतियों को अंतरराष्ट्रीय निवेश के अनुकूल बनाना चाहिए। यह भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति की सीढ़ी है। पीएम ने कहा कि हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हमने 100 साल में एक बार आने वाली महामारी को हराया है, हमारे लोग उत्साह और आत्मविश्वास से भरे हुए हैं। हम सभी राज्यों के संयुक्त प्रयास से विकसित भारत 2047 के अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं। नीति आयोग की मीटिंग में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक युवा देश है। यह अपने कार्यबल के कारण पूरी दुनिया के लिए एक बड़ा आकर्षण है। हमें अपने युवाओं को एक कुशल और रोजगार योग्य कार्यबल बनाने का लक्ष्य रखना चाहिए। विकसित भारत बनाने के लिए स्किल, रिसर्च, इनोवेशन और नौकरी आधारित ज्ञान पर जोर देना जरूरी है। बैठक में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों और उपराज्यपालों के अलावा पदेन सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष तथा सदस्यों ने भाग लिया।




1. विकसित भारत के लिए जरूरी है **स्किल, रिसर्च और इनोवेशन**
2. इस लक्ष्य को प्राप्त करने में **राज्य सक्रिय भूमिका** निभा सकते हैं
3. अपने कार्यबल के कारण हम पूरी दुनिया के लिए **बड़ा आकर्षण**

## नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं हुए हेमंत, मुख्य सचिव को नहीं मिली एंट्री



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में शनिवार को दिल्ली में हुई नीति आयोग की बैठक में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल नहीं हुए। वह विपक्षी दलों के नीति आयोग की बैठक में शामिल नहीं होने के फैसले के साथ रहे। मुख्यमंत्री के बैठक में शामिल नहीं होने की वजह से राज्य के मुख्य सचिव एल खियांग्ते नीति आयोग की बैठक में शामिल होने पहुंचे, लेकिन बैठक में उन्हें एंट्री नहीं मिली। हालांकि सीएम या सरकार की ओर से इस बैठक में शामिल न होने पर अब तक आधिकारिक तौर पर न तो कोई बयान जारी किया गया है और न ही कोई वजह बताई गई है। वैसे, सीएम सोरेन ने 23 जुलाई को ही सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था, संघीय ढांचे का उदाहरण देखिए- आज बजट पेश हुआ और 27 तारीख को नीति आयोग की बैठक रखी गई है। तो फिर किसका साथ-किसका विकास? नीति आयोग की बैठक में कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने शामिल न होने की घोषणा पहले से कर रखी थी, लेकिन हेमंत सोरेन ने इस संबंध में अपना स्टैंड क्लियर नहीं किया ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## नीति आयोग की बैठक छोड़ निकलीं ममता माइक बंद करने का लगाया आरोप



**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी शनिवार को राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित नीति आयोग की नौवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक को बीच में ही छोड़कर बाहर निकल आईं। उन्होंने बंगाल के लिए मनरेगा व प्रधानमंत्री आवास योजना का फंड मांगने पर उनका माइक बंद करने का आरोप लगाया है। बैठक से बाहर निकल ममता बनर्जी ने मीडिया से कहा कि वे बैठक का बहिष्कार करके आई हैं। चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए गए, असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने 10-12 मिनट तक अपनी बात रखी, लेकिन उनको सिर्फ पांच मिनट बाद ही बोलने से रोक दिया गया। ममता ने कहा, मैं बोल रही थी तभी मेरा माइक बंद कर दिया गया। मैंने कहा कि आपने मुझे क्यों रोका, आप भेदभाव क्यों कर रहे हैं। मैं बैठक में भाग ले रही हूं, आपको खुश होना चाहिए। विपक्ष से केवल मैं ही हूं और आप मुझे बोलने से रोक रहे हैं। यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सम्मानपूर्वक सुनी गई ममता बनर्जी की बात : सीईओ सुब्रमण्यम



नई दिल्ली। नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रमण्यम ने कहा कि बैठक में कई राज्यों के मुख्यमंत्री ने हिस्सा लिया। हमारे पास 10 अनुपस्थित और 26 प्रतिभागी थे। केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, बिहार, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, झारखंड और पुडुचेरी से लोग अनुपस्थित थे। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौजूद थी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने लंच से पहले बोलने देने का अनुरोध किया था। आम तौर पर हम अल्फाबेटिकल जाते हैं लेकिन बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निवेदन का समायोजन किया गया। रक्षा मंत्री ने गुजरात से ठीक पहले उन्हें बुलाया और उन्होंने अपना वक्तव्य दिया। प्रत्येक मुख्यमंत्री को सात मिनट आवंटित किए जाते हैं और स्क्रीन के ऊपर सिर्फ एक घड़ी होती है, जो आपको शेष समय बताती है। यह सात से छह, पांच, चार और तीन तक जाता है। उसके अंत में यह शून्य दिखाता है। घड़ी में शून्य दिखाया, इसके अलावा और कुछ नहीं हुआ। इस दौरान सीएम बनर्जी ने कहा कि मैं और बोलना ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## माइक बंद करने की बात पूरी तरह झूठ : निर्मला सीतारमण



ममता बनर्जी के आरोपों पर निर्मला सीतारमण ने कहा, 'सीएम ममता बनर्जी नीति आयोग की बैठक में शामिल हुईं। हम सभी ने उन्हें सुना। हर मुख्यमंत्री को अलॉट किया हुआ समय दिया गया जो हर टेबल पर लगी स्क्रीन पर दिखाई दे रहा था। उन्होंने मीडिया में कहा कि उनका माइक बंद कर दिया गया था, यह पूरी तरह से झूठ है।

**नीति आयोग की बैठक में शामिल होने वाले सीएम**

नीति आयोग की बैठक में शामिल होने वाले सीएम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, अरुणाचल के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, अरुणाचल के उपमुख्यमंत्री चौना मीन, त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साह, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा का नाम शामिल है।

## पीआईबी फैक्ट चेक ने माइक बंद करने वाले दावे को किया खारिज

**नई दिल्ली।** पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) के तहत गठित केंद्र अधिसूचित पीआईबी फैक्ट चेक ने नीति आयोग की बैठक के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के माइक बंद करने वाले दावे को खारिज कर दिया है। पीआईबी फैक्ट चेक ने अपनी जांच में इस दावे को भ्रामक पाया है। घड़ी सिर्फ यह दिखा रही थी कि उनके बोलने का समय खत्म हो गया है। इसे चिह्नित करने के लिए घंटी भी नहीं बजाई गई।

## एक नजर

### जमीन कारोबारी कमलेश को ईडी ने कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल

**रांची।** ईडी ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। अदालत ने कमलेश कुमार को आठ अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। मामले में ईडी की ओर से रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया गया है। रिमांड पर अदालत सोमवार को सुनवाई करेगी। जमीन घोटाला से जुडे मामले में ईडी ने बीते 21 जून को कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने फ्लैट से एक करोड़ कैश और राइफल की 100 गोलियां बरामद की थीं। इसके बाद ईडी के अधिकारियों के आग्रह पर रांची के कांके थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। ईडी ने कमलेश को पांच समन भेजकर पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया लेकिन वह ईडी के समक्ष पेश नहीं हुआ था। इसके बाद ईडी ने छठा समन जारी कर 26 जुलाई को दिन के 11 बजे रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर होने को कहा था। कमलेश कुमार शुक्रवार की दोपहर एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी ऑफिस पहुंचा। ईडी ने उससे पूछताछ की लेकिन कमलेश ईडी के सवाल का स्पष्ट रूप से जवाब नहीं दे सका। इसके बाद ईडी ने कमलेश को देर रात गिरफ्तार कर लिया था।

## आज | कल




बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ रैली निकालने की तैयारी कर रहे छात्रों की पिटाई

# झारखंड में कॉलेज हॉस्टल में घुसकर पुलिस ने छात्रों को बेरहमी से पीटा, 11 से ज्यादा घायल



**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिला मुख्यालय स्थित केकेएम कॉलेज के हॉस्टल में शुक्रवार रात पुलिसकर्मियों ने करीब एक दर्जन छात्रों की बुरी तरह पिटाई की। 11 से ज्यादा ज्यादा छात्र घायल हो गए हैं, जिन्हें इलाज के लिए पाकुड़ सदर हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। छात्रों ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ शनिवार को आक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया था। आरोप है कि पुलिस अफसरों ने देर रात हॉस्टल पहुंचकर रैली रोकने का दबाव डाला। इनकार करने पर लाठी-डंडों से उनकी जमकर पिटाई की गई। दूसरी तरफ पुलिस का कहना है कि एक व्यक्ति के अपहरण की सूचना पर मोबाइल लोकेशन की जांच करते हुए पुलिस टीम हॉस्टल पहुंची थी, तब उनपर छात्रों ने हमला कर दिया। छात्र नेता कमल मुर्मू ने मीडिया को बताया कि पहले से निर्धारित आक्रोश रैली को रोकने के लिए बीती रात करीब साढ़े दस बजे एक पुलिस पदाधिकारी हॉस्टल में आए और उनसे कहा कि रैली नहीं निकलनी चाहिए। छात्रों ने इससे इनकार कर दिया। इसके बाद रात करीब एक बजे 100 से भी ज्यादा पुलिस अफसर और जवान लाठी-डंडे लेकर हॉस्टल पहुंचे और छात्रों के कमरे खुलवाकर पिटाई की। पाकुड़ नगर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक अनूप रोशन भेंगरा का कहना है कि अपहरण के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### छात्रों की पिटाई पर बाबूलाल हुए आगबबूला



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाने से हेमंत सरकार इस तरह बौखला गई है कि छात्रों पर हमला कराया जा रहा है। बाबूलाल मरांडी ने एक्स पर लिखा, बांग्लादेशी मुसलमानों के अवैध घुसपैठ के विरुद्ध प्रदर्शन करने वाले युवा छात्रों की कल देर रात हेमंत सरकार की पुलिस ने छात्रावास में घुसकर बर्बरतापूर्ण पिटाई की है। मरांडी ने हेमंत सोरेन को संबोधित करते हुए लिखा, अपनी मां-बहनों की रक्षा के लिए घुसपैठ के खिलाफ आवाज उठाने वाले युवा छात्रों पर अत्याचार और बाहरियों पर इतना प्रेम बरसाने की वजह क्या है? बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड की अस्मिता और अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं। इन्हें संरक्षण देकर आप प्रदेश की साढ़े तीन करोड़ जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। इस घटना में संलिप्त जितने भी पुलिसवाले शामिल हैं, उनके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कठोर कारवाई करें।

## मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में चीन को मिला पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण




**पेरिस।** मनु भाकर ने चेटौरौक्स फ्रेंच नेशनल शूटिंग सेंटर रेंज में पेरिस 2024 ओलंपिक शूटिंग प्रतियोगिता के पहले दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करके भारतीय शूटिंग दल को अंत में मुस्कुराने का मौका दिया। मनु के 580 के क्वालीफाइंग स्कोर ने उन्हें 44-खिलाड़ियों के मजबूत क्षेत्र में तीसरा स्थान दिया, क्योंकि हंगरी की टॉपर वेरोनिका मेजर (582) सहित शीर्ष आठ रविवार को फाइनल के लिए वापस आएंगे। यह भारतीय पिस्टल स्टार का पहला ओलंपिक फाइनल होगा। 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष वर्ग में चीन के शेंग लियाहो और हुआंग युटिंग ने कोरिया के पार्क हा-जून और केयूम जी-ह्योन को 16-12 से हराकर पेरिस ओलंपिक का पहला स्वर्ण पदक जीता। कजाकिस्तान ने एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव की जोड़ी के माध्यम से कांस्य पदक जीता।

## इंडिया

# काम के बदले नाम बदलने की राजनीति



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

किसी स्थान का नाम अक्सर एक इतिहास के प्रतीक के तौर पर चुभता है या खटकता है जिस कारण लोग इसे बदलने की मांग करते हैं। भाजपा गुलामी के प्रतीक नामों को वापस भारतीय नाम करने का तर्क देती रही है जिसने अनेक स्थानों के नाम बदले हैं पर अब इसपर भी राजनीति शुरू हो गई है। संविधान का अनुच्छेद 3 संसद को राज्यों के गठन, सीमाओं में परिवर्तन, नाम परिवर्तन आदि को विनियमित करने की शक्ति देता है। विशेष रूप से, अनुच्छेद 3 (ई) एक कानून के माध्यम से किसी स्थान के नाम में परिवर्तन की अनुमति देता है। प्रावधान में कहा गया है, "संसद कानून के जरिए किसी भी राज्य का नाम बदल सकती है।" यदि राज्य सरकार प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है तो इसे अंतिम मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय (एमएचए) को भेजा जाता है। इसके बाद गृह मंत्रालय प्रस्ताव पर विचार करेगा तथा अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी करने पर निर्णय लेने से पहले रेल मंत्रालय और डाक विभाग जैसे विभिन्न निकायों से परामर्श करता है । एक बार जब गृह मंत्रालय इस कदम को मंजूरी दे देता है, तो राज्य सरकारें अपने आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना के माध्यम से किसी स्थान का नाम आधिकारिक रूप से बदल सकती हैं। पिछले कुछ वर्षों में कई स्थानों का नाम बदला गया है, जिनमें गुड़गांव (हरियाणा) का नाम बदलकर गुरुग्राम, तथा उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद और फैजाबाद (मंडल और जिला) का नाम बदलकर क्रमशः प्रयागराज और अयोध्या करना शामिल है। बेंगलोर का नाम बदलकर बेंगलुरु किया गया। कर्नाटक के 12 दूसरे शहरों का भी नाम बदला गया जिनमें मैसूरु और मेंगलुरु प्रमुख हैं। शहरों के नाम बदलने के पीछे कन्नड़ भाषा के सही उच्चारण का तर्क दिया गया था।औरंगजेब रोड का नाम बदलकर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर रखा गया। बीजेपी सांसद महेश गिरि ने नाम बदलने पर प्रस्ताव में कहा था, 'अतीत में की गई गलतियों को ठीक करने का मौका है।'राज्य सरकारें अपने राजस्व कोड का उपयोग करके शहरों के नामों में परिवर्तन करती हैं, जिसमें अक्सर राजस्व क्षेत्र का नाम बदलने का प्रावधान होता है। अपना वर्चस्व स्थापित करने के लिए चीन ने अरुणाचल प्रदेश को अपना हिस्सा बताकर वहां की 30 जगहों के नाम बदल दिए हैं। इनमें से 11 रिहायशी इलाके, 12 पर्वत, 4 नदियां, एक तालाब और एक पहाड़ों से निकलने वाला रास्ता है। 7 सालों में ऐसा चौथी बार हुआ



है जब चीन ने अरुणाचल की जगहों का नाम बदला हो। कर्नाटक कैबिनेट ने रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु दक्षिण करने की जानकारी देते हुए कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा कि 'ब्रांड बेंगलुरु' को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा, 'बेंगलुरू ब्रांड को ध्यान में रखते हुए कैबिनेट ने रामनगर के विधायकों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है।' हालांकि मंत्री ने स्पष्ट किया, यह केवल नाम का परिवर्तन है और बाकी तालुके वही रहेंगे। भाजपा लगातार इसका विरोध कर रही है। जुलाई की शुरूआत में, उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु दक्षिण करने का प्रस्ताव सौंपा था। रामानगर जिले में पांच तालुके हैं - रामानगर, चन्नापटना, मगदी, कनकपुरा और हारोहल्ली। शिवकुमार ने ज्ञापन में कहा कि रामनगर का नाम बदलकर बेंगलुरु दक्षिण जिला करने से तालुकाओं को बेंगलुरु को प्राप्त अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।भाजपा और जेडीएस इसको लेकर कर्नाटक की कांग्रेस सरकार पर हमलावर थी। कर्नाटक बीजेपी ने कहा कि राज्य सरकार रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलुरु दक्षिण करना चाहती है क्योंकि इसमें 'राम' है। कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री सीएन अश्वथ नारायण ने कहा कि वे केवल इसे बदलना चाहते हैं क्योंकि रामनगर के नाम में 'राम' है। ऐसा सिर्फ कांग्रेस सरकार ही कर सकती है। हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते। वहीं, केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के बेटे निखिल कुमारस्वामी ने भी रामनगर का नाम बदलने के पीछे छिपे एजेंडे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, "यह कोई रहस्य नहीं है कि यह नाम परिवर्तन किसकी तुष्टीकरण के लिए किया जा रहा है।" नाम की राजनीति के बीच जनता का सवाल है कि काम से नाम बनाने की प्रक्रिया हो।

## दिल्ली में राव आईएएस अकादमी के बेसमेंट में भरा पानी, कई छात्र लापता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में राव आईएएस अकादमी के बेसमेंट में बारिश का पानी भरने से कई छात्र फंस गए हैं। कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे पानी में डूबने से एक छात्र की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक एक छात्रा का शव बरामद किया गया है। फिलहाल दिल्ली पुलिस, दमकल विभाग, और एनडीआरएफ की कई टीम कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में सर्च ऑपरेशन चल रही है। कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में लाइट ना होने के कारण सर्च ऑपरेशन चलाने में एजेंसियों को परेशानी आ रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए दिल्ली पुलिस के आलाधिकारी मौके पर मौजूद हैं। दिल्ली की मेयर और स्थानीय विधायक भी वहां पर मौजूद हैं। सूत्रों के अनुसार छात्रों की तलाश में सर्च ऑपरेशन जारी है।

### संत तुलसीदास डिग्री कॉलेज में कैंपस सलेक्शन शिविर

# दर्जनों छात्रों ने कराया निबंध




**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला बी मोड़ स्थित तुलसीदास डिग्री कॉलेज में शनिवार को कैंपस सलेक्सन शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्घाटन प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा व मध्य प्रदेश के वर्धमान फैब्रिक्स कंपनी के एचआर अशोक कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने कहा महाविद्यालय बच्चों को रोजगार मुहैया कराने हेतु इस तरह का आयोजन आगे भी करती रहेगी। ताकि इस कॉलेज के छात्रों को रोजगार मिल सके। उन्होंने कैंपस सलेक्सन शिविर को छात्रों के लिए सुनहरा अवसर बताया। एचआर अशोक कुमार तिवारी वर्धमान कंपनी के बारे में जानकारी दी। कहा कि हमारी कंपनी धागा कपड़ा और कपड़े की डिजाइनिंग का काम करती है। जिसमें पढ़े-लिखे छात्र-छात्राओं को हमारी कंपनी लेती है। चार महीने के प्रशिक्षण के बाद कंपनी काम लेना शुरू करती है। कंपनी में रहने खाने की सारी व्यवस्था है। शिविर में कॉलेज के दर्जनों छात्रों ने कंपनी ज्वाइन करने हेतु अपना निबंध कराया। मौके पर डॉ. श्याम मिश्रा, राकेश कुमार शुक्ला, शशि रंजन सिंह, रंजन दुबे, टीपी तिवारी, अजय ओझा, कृष्ण कुमार चौबे, संतोष शुक्ला, रामजी चौबे, ज्योति कुमारी, आशा कुमारी, अस्मिता पांडेय, प्रधान सहायक अमित कुमार, मधु ओझा, जितेंद्र पाठक, सुनील कुमार, रामेश्वर राम, नरेंद्र मिश्रा, गुंजन पासवान, फूल कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग तीन घंटे जाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एनएच-39 रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पिपरा आईटीआई मोड़ मरघटिया के पास शनिवार की 3 बजे भोर में अज्ञात पिकप गाड़ी ने भैंस चराने निकला पिपरा गांव निवासी रविंद्र मेहता 40 वर्ष पिता जगदीश महतो एवं एक भैंस को कुचलकर फरार हो गया। रविन्द्र मेहता व भैंस की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन व गांव के लोगों ने घटनास्थल पर पहुंचकर रांची मदिनीगर मुख्य मार्ग को सुबह 4 बजे से लेकर 7 बजे तक जाम कर दिया। मृतक के पिता पत्नी समेत गांव के दर्जनों लोगों ने सड़क को जामकर मुआवजा गाड़ी समेत चालक की गरफ्तारी की मांग करने लगे। सड़क जाम 3 घंटा रहा। घटनास्थल पर थाना प्रभारी अंचित कुमार व एएसआई बसंत दुबे समेत पूरे पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। थाना प्रभारी अंचित कुमार समेत मुखिया पति शंभू उरांव एवं सामाजिक कार्यकर्ता धीरज प्रसाद के अथक प्रयास से जाम हटा व आवागमन चालू हुआ। उन्होंने मृतक के पिता जगदीश महतो एवं पत्नी मधु लता देवी समेत सभी जाम कर्ताओं से बातचीत कर कहा कि जो भी सरकारी मुआवजा होगा उसे मैं दिलाने का पूरा प्रयास करूंगा। मृतक के पिता जगदीश महतो तथा लाल बिहारी, शम्भू मेहता ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सुबह 3 बजे भैंस चराने निकाला था कि पिपरा आईटीआई मोड़ मरघटिया के पास भैंस को अज्ञात पिकअप ने धक्का मार कर भागने लगा तब मेरा बेटा रविंद्र मेहता भाग रहे पिकअप को रोकने का प्रयास किया। यह देख पिकअप ने बेटे को कुचल कर भाग गया। जिससे इसकी मौत हो गई। मृतक के चार बच्चे हैं जिसमें तीन लड़की 18, 15 एवं 12 वर्ष तथा एक लड़का 10 वर्ष का है। मृतक के पत्नी मधुलता देवी एवं बच्चे समेत पूरे परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गाड़ी की जांच सीसी टीवी कैमरा से की जा रही है। जल्द ही गाड़ी पकड़ा जाएगा। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज मेदनीनगर भेज दिया गया। पोस्टमार्टम कराकर शव को परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं करीब 2 किलोमीटर तक दोनों तरफ गाड़ी की लाइन लगी हुई थी।




## न्यूज बॉक्स

### बूढ़ी बुका में थाना प्रभारी ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

**पाटन।** प्रखंड के नावा जयपुर थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र बूढ़ी बुका गांव में नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दवा, जांच के संबंधित स्टॉल लगाए गया था। शिविर मे ढाई सौ मरीजों के बीच मुफ्त दवा का वितरण और मुफ्त में जांच किया गया। डॉक्टरों विभिन्न रोगों का जांच किया। नावाजयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने बताया की अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा समय पर नहीं मिल पाता है। इसलिए स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। फिलहाल अभी के मौसम में कई बीमारियों के लक्षण,पाए जाते है। बीमारियों के संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। अति सुदूरवर्ती क्षेत्र में थाना प्रभारी द्वारा हमेशा घूम घूम कर अभियान चलाते रहते हैं। स्वस्थ शिविर में मौजूद कंपाउंडर, एएनएम आरक्षी जवान शामिल थे।

### भीमचूल्हा के पास रील बनाने के लिए स्टंटबाजी में युवक गंभीर रूप से घायल

**मोहम्मदगंज।** कादलकुर्मी-मोहम्मदगंज मुख्य पथ में भीम चूल्हा शिव मंदिर के पास लटपौरी गांव निवासी 17 वर्षीय सुभाष विश्वकर्मा रील बनाने के लिए बाइक पर स्टंटबाजी के दौरान गिरने से गंभीर रूप में घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। जहां वह बेहोशी की हालत में बताया गया है। डाक्टर ने उसकी स्थिति को गंभीर बताया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार युवक सुभाष विश्वकर्मा बाइक पर स्टंटबाजी कर रहा था और उसके साथी उसका वीडियो बना रहे थे। इसी दौरान अचानक बाइक पर नियंत्रण खो बैठा। परिणाम स्वरूप बाइक सड़क किनारे गिर गई। जिसमें सुभाष गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी अनुसार सुभाष के सिर में गहरी चोट लगी है। शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। वहां मौजूद ग्रामीणों ने उसे तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसकी स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे उसकी बेहतर चिकित्सा के लिए मेदिनीनगर एमएमसीएच अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

### बीएओ ने प्रतिनिधियों संग की बीज प्रत्यक्षण पर चर्चा

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार हैदरनगर में बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत उरद बीज का प्रत्यक्षण पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। जिसमें इस विषय पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों के बीच बीज प्रत्यक्षण पर विस्तार से चर्चा और विशेषता को बताया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू कुमार पासवान, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह सहित कई पंचायत प्रतिनिधि के अलावा किसान मित्र, जनसेवक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार ठाकुर, जयप्रकाश राम ने भाग लिया। उन्होंने इस प्रखंड क्षेत्र के उपजाऊ भूमि रहने के बावजूद खेती कार्य में आ रही विभिन्न समस्याओं पर भी मंथन किया।

### रेल सीटीआई के नेतृत्व में जपला रेलवे स्टेशन पर टिकट चेकिंग अभियान



**हुसैनाबाद।** रेलवे सीटीआई दीपक कुमार के नेतृत्व में जपला स्टेशन पर विभिन्न ट्रेनों व प्लेटफार्म पर विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। बेटिकट समेत रेलवे एक्ट के उल्लंघन के आरोप में 10 लोगों को पकड़ा गया। इनसे 2700 रुपये जुर्माना वसूला गया। डेहरी ऑनसोन- बरवाडीह शटल पैसेंजर, डीजीआर पैसेंजर, बरकाकाना- वाराणसी पैसेंजर समेत कई अन्य ट्रेनों में टिकट जांच की गयी। महिला व दिव्यांग डिब्बे में अनाधिकृत रूप से सफर कर रहे लोगों से भी जुर्माना वसूला गया। सीटीआई दीपक कुमार ने बताया कि इस विशेष चेकिंग अभियान का मुख्य उद्देश्य एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनों में बिना टिकट और अनियमित यात्रा पर अंकुश लगाने के साथ ही यात्रियों के बीच जागरूकता पैदा करना है। ताकि वह वैध टिकट के साथ यात्रा करें। विशेष जांच अभियान में मुख्य रूप से बुकिंग पर्यवेक्षक राजीव रंजन सिन्हा, सीबीएस राजीव रंजन सिंह, सीएस प्रशांत कुमार, टीटीई आशीष कुमार, रविंद्र कुमार, आरपीएफ के उप निरीक्षक कार्तिक बिंझा, जयप्रकाश प्रसाद, जेपी यादव समेत आरपीएफ के कई जवान मौजूद थे।

### कारगिल विजय दिवस पर आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरष्कृत

**विश्रामपुर।** पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के विश्रामपुर व पाटन शाखा में कारगिल विजय दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों के बीच शनिवार को पुरस्कारों का वितरण किया गया। वहीं कारगिल विजय दिवस पर स्कूल प्रबंधन द्वारा शुक्रवार को कई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच कई प्रतियोगिता भी हुआ था। आज उन्हीं प्रतियोगिता के विजेताओं को स्कूल के निदेशक एनके तिवारी द्वारा पुरष्कृत किया गया। तिवारी ने बच्चों को कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सेना के शौर्य और प्राकर्म के बारे में विस्तृत रूप से बताया। मौके पर शिक्षक चंदन शर्मा, श्याम किशोर चंद्रवंशी, सोनू चंद्रवंशी, शशिबाला कुमारी, सेजल गुप्ता, शानू, दुर्गा, मंजू, अंशु, टोनी सहित कई शिक्षक शिक्षिका और छात्र-छात्रा मौजूद थे।

सीओ ने किया पदभार ग्रहण, कहा-

### भूमि संबंधित त्रुटियों का सुधारने का होगा काम : सीओ

**हैदरनगर।** राजस्व व भूमि सुधार विभाग झारखंड सरकार के जारी अधिसूचना के बाद हैदरनगर अंचल में लंबे समय से रिक्त पड़े अंचल पदाधिकारी के पद पर विकास कुमार पांडेय ने पदभार ग्रहण किया है। उन्हें कर्मचारियों के साथ बैठक में कहा कि जनता का काम समय पर करना सभी का दायित्व है। किसी कार्य के लिए आमजनों को बेवजह परेशान करने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कोई व्यक्ति उनसे अपनी समस्या को लेकर सीधे मिल सकते हैं। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि सर्वे को लेकर कुछ परेशानी सामने आती रहती है। चुकी पूर्व में वे पलामू में काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधित त्रुटियों को सुधारने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो उच्चाधिकारियों का मार्गदर्शन भी लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि अंचल क्षेत्र में अवैध बालू पर भी उनकी नजर है। किसी कीमत पर अवैध बालू का उत्खनन व परिवहन नहीं होने दिया जायेगा। सीओ के पदभार ग्रहण करने पर एनसीपी नेता महबूब आलम उर्फ सज्जू खान, समाजसेवी अशरफ हसन, राजू खान, राजी अहमद उर्फ राजू, नरेंद्र कुमार सिंह, मतीन खान आदि ने बुके देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने नवपदस्थापित सीओ से भूमि संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान की अपेक्षा की है।

## एक नजर

### मोहम्मदगंज में ग्राम सभा कल



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी के आदेश के आलोक में सोमवार को सामुदायिक भवन (ब्लॉक गेट) के पास सुबह 9 बजे से ग्राम सभा आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता मुखिया कमला देवी करेंगी। ग्राम सभा में वित्तीय वर्ष 2024-25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों का चयन किया जाएगा। इस संबंध में पंचायत सचिव अविनाश कुमार ने सूचना जारी कर दी है। उन्होंने इसमें पंचायत के ग्रामीणों को ससमय ग्राम सभा में भाग लेकर योग्य लाभुकों का चयन करने की हिदायत की है।

### पेयजल स्वच्छता विभाग की टीम ने किशुनपुर पंचायत का औचक निरीक्षण किया

**पाटन।** किशुनपुर पंचायत में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग मेदनीनगर झारखंड सरकार के अलोक मे टीम निरीक्षण करने पहुंची। निरीक्षण में पेयजल स्वच्छता विभाग की टीम ने सार्वजनिक शौचालय,गोबर गैस प्लांट,सूखता बनाने के लिए निर्देशत किया। पंचायत में लगे स्वच्छता विभाग से आरो,प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रह, शोक पिट इत्यादि कार्य को देखा। तथा निर्देश किया कि स्वच्छता के बारे में जागरूक करें। मोके पर स्टेट टीम के साथ निरुपम नाथ जिला लेक धर्मेंद्र कुमार दुबे, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, मुखिया सुमन गुप्ता, निर्मला देवी विनीता देवी सुमन देवी रानी देवी प्रमोद सोनी को सोनी सुमित अन्य लोग उपस्थित थे।

### हुसैनाबाद प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रंजना भारती ने दी योगदान

**हुसैनाबाद।** शनिवार को बीआरसी कार्यालय हुसैनाबाद में प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में रंजना भारती ने योगदान दिया। उन्होंने क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम के समक्ष अपना योगदान दिया। मालूम हो कि यहां के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जयराम मेहता का स्थानांतरण बीआरसी कार्यालय नावाबजार हो गया है। इसके पूर्व रंजना भारती मोहम्मदगंज के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक के रूप में कार्यरत थीं। उनके योगदान पर स्थानीय शिक्षक और सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद के अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, उपधायक्ष रामप्रवेश राम, सचिव बैद्यनाथ पासवान, मनोज कुमार,अनिल कुमार सिंह, संतोष कुमार,अविनाश कुमार सिन्हा, रजनीश कुमार, सुनील पाठक, संजय पासवान, राजेश कुमार आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए इमानदारी पूर्वक कार्य करने की बात कही है।

# जविप्र दुकानदारों को तीन माह पूर्व से अंगूठा लगवाकर खाद्यान्न नहीं मिलने पर आक्रोश

### – नावाबाजार में गोदाम शिप्ट करने का डीलरों ने उठाया मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** प्रखंड क्षेत्र के जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा राशन कार्डधारी लाभुको से अप्रैल, मई, जून का पॉस मशीन से अंगूठा लगाया हुआ राशन डीएसडी पंड़वा गोदाम द्वारा जन वितरण दुकान तक खाद्यान्न नहीं पहुंचाये जाने के विरोध में शनिवार को प्रखंड स्तरीय जनवितरण प्रणाली दुकानदारों ने कंडा पंचायत सचिवालय में की। अध्यक्षता मनोज प्रसाद ने की। बैठक में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों ने बताया कि पंडवा गोदाम से कभी भी समय-समय पर राशन नहीं मिलने के कारण विक्रेताओं और कार्डधारियों से बराबर नोक झोंक होते रहता है। जन वितरण प्रणाली दुकानदारों ने बताया कि सहायक गोदाम प्रबंधक एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रभु राम पूर्व के चार्ज में थे। उनके रहते प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के द्वारा राशन दुकान तक नहीं पहुंचता था। सभी जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को दबाव भी बनाया जाता था। सभी राशनकार्डधारी को पॉस मशीन में अंगूठा लगवा कर ऑनलाइन कर दिया जाए। जब राशन गोदाम में आएगा तब राशन दिया जाएगा। वैसे स्थिति में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों को किसी के एक माह,किसी को दो माह, किसी को तीन माह से अंगूठा लगाया हुआ राशन अभी तक नहीं मिला है। जिससे तंग विक्रेताओं को यह कदम उठाना पड़ा। वहीं विक्रेताओं ने कहा कि हम सभी मांग करते हैं कि बहुत जल्द नावा बाजार प्रखंड के गोदाम नावा बाजार में शिफ्ट कर समय-समय पर राशन डिलीवरी किया जाए ताकि जनवितरण प्रणाली दुकानदारों एवं राशनकार्डधारीयों के बीच नोंक झोंक उत्पन्न न हो ।और सभी कार्डधारी को समय-समय पर राशन मिल सके। बैठक में धनंजय पांडे, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, कुंती कुंवर, सबीना बीवी, सोनी देवी, मदन कुमार रवि, गोरखनाथ पांडे, धनंजय यादव, संजय कुमार राम, काजल देवी, तपेश्वर सिंह, सूर्यबली पांडे, शिवकुमार पांडे, अशोक कुमार गुप्ता, शिव शंकर महतो, दामोदर प्रसाद, मनोज कुमार राम, मानमती देवी, संजू देवी, फरजाना बीवी, बजिरा बीवी मुख्य रूप से मौजूद थे।

# किसानों के बीच बीज व कीटनाशक दवा का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड कार्यालय हैदरनगर के प्रांगण में बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच मक्का, मूंगफली के बीज और अन्य कीट नाशक दवा का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा, प्रखंड प्रमुख कलावती देवी, उपप्रमुख पप्पू पासवान, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र कुमार सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, जनसेवक, किसान मित्र और अन्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर कुकही, बिलासपुर और इमामनगर बरेवा पंचायतों के 36 प्रति किसानों को चार किलोग्राम मूंगफली और 40 प्रति किसानों को पांच किलोग्राम मक्का के अलावा सभी 76 किसानों को डोलोमाइट व जिप्सम कीट नाशक दवा दी गई है। कार्यक्रम के दौरान किसानों को कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए विभिन्न आधुनिक तकनीकों और उर्वरकों के उपयोग के बारे में भी जानकारी दी गई। मुख्य अतिथियों ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत यह प्रयास किया जा रहा है कि किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीज और कृषि सामग्री समय पर उपलब्ध कराई जा सके। जिससे उनकी फसल की उत्पादकता में सुधार हो और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें।

# एपीजे अब्दुल कलाम की 9वीं पुण्यतिथि मनी

**हुसैनाबाद।** शनिवार को हुसैनाबाद मिडिल स्कूल में 11 वें राष्ट्रपति अब्दुल पाकिर जैनुल आबेदीन कलाम 'एपीजे अब्दुल कलाम' की 9 वीं पुण्यतिथि मनाई गयी। विद्यालय परिवार उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि बेहद गरीबी को करीब से देखनेवाले कलाम साहब की जिंदगी बेहद उठापटक में बीता है। इनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था। रेलवे स्टेशन पर पेपर बेचना दैनिक रुटीन वर्क था। लेकिन शिक्षा से बेहद लगाव था। इन्होंने कई पुस्तकें भी लिखीं हैं। जैसे इंडिया 2020, टर्निंग प्वाइंट आदि। मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध इन्होंने अनेकों महत्वपूर्ण पदों को भी सुशोभित किये। प्रथम, द्वितीय परमाणु परीक्षण सन 1974,1998 में क्रमशः इनके निगरानी में हुआ। कालांतर में परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बना। इनका निधन 27 जुलाई 2015 को शिलांग (मेघालय की राजधानी) में हुआ है। आज जरुरत है उनके व्यक्तित्व, कृतित्व व आदर्श को आत्मसात करने की और इनके बताये गये मार्ग चिन्हों पर चलने की, ताकि सबल राष्ट्र की नींव और सशक्त बनी रहे। वक्ताओं में कन्हैया प्रसाद एच एम, राजेश कुमार गुप्ता, मो. जुबैर अंसारी, राजेश कुमार सिंहा, श्रीमती पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, सुषमा पांडेय, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश एवं लड़कों में शिवांश कुमार, अक्षय तिवारी आदि का नाम शामिल है।

### स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में अभिभावक ने अपने बच्चों के नाम पेड़ लगाए



**हुसैनाबाद।** स्तरोन्नत उच्च विद्यालय कामगारपुर में एक अभिभावक आशीष राम ने विद्यालय में पढ़ने वाले अपने चार बच्चों के नाम चार अशोक वृक्ष लगाए। सर्वाधिक आश्चर्य की बात यह है कि आशीष ने पेड़ के साथ-साथ उसकी स्थायी घेराबंदी भी की है। उनके चार बच्चे निधि (नवम वर्ग), नंदिनी (सप्तम वर्ग), रितिक (पंचम वर्ग) तथा नीतीश (चतुर्थ वर्ग) इस विद्यालय में पढ़ते हैं। आशीष एक गरीब आदमी है, लेकिन पर्यावरण के प्रति उनकी सोच ऊंची है। यदि हर अभिभावक ठान लें कि अपने बच्चों के नाम पेड़ लगाना है तो धरती का कायाकल्प हो जाएगा। विद्यालय के वरीय शिक्षक अंगद किशोर एवं सुरेन्द्र कुमार ने आशीष के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कामगारपुर गांव में गुदड़ी के लाल हैं। सहयोग करने वाले अन्य शिक्षकों में संतोष कुमार रवि, भंवर सिंह तथा संजय कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

### डाक निरीक्षक ने अभिकर्ताओं संग बैठक कर सुनी समस्याएं, निदान का दिया भरोसा



**हुसैनाबाद।** जपला मुख्य डाकघर में डाक निरीक्षक रंजन कुमार ने सभी डाक अभिकर्ताओं के साथ बैठक कर बारी-बारी से परिचय कर उनकी समस्याओं को सुना और स्थानीय स्तर पर निदान करने और शेष को उच्च पदाधिकारियों से कराने का भरोसा दिया। अभिकर्ताओं ने अन्य समस्याओं के अलावे डाकघर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस मौके पर अरविन्द कुमार ओझा, रवि कुमार, अमित कुमार सिंह, श्रवण कुमार, देवेन्द्र नाथ गुप्ता, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, सुधीर ठाकुर, सौरभ अग्रवाल, धर्मेन्द्र कुमार, कैलास मेहता, रंजीत सिंह, रविकांत सिंह, संतोष ठाकुर, राजकुमार, रमेश कुमार उर्फ रौशन आदि मौजूद थे।

# मोहम्मदगंज के लकड़ही पहाड़ में दो छोटे पत्थरों पर टिका है हजारों टन वजनी चट्टान



**ग्रामीणों ने संरक्षित करने की जरूरत पर बल दिया**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मोहम्मदगंज-महुडंड पथ में मुड़कटवा बाबा स्थान के पास स्थित लकड़ही पहाड़ में अवस्थित विशालकाय चट्टान लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि दो छोटे पत्थरों पर सदियों पहले से टीके हजारों टन वजनी चट्टान को भी तोड़ने की कोशिश तब की गई थी, जब उत्तर कोयल परियोजना के बराज और मुख्य नहर के निर्माण को लेकर पत्थरों की जरूरत होती थी। मगर बारुद लगाने के बाद भी ऊपरी हिस्से के कुछ टूकड़े ही अलग हो सके थे। उस दौरान पत्थरों की तोड़ाई से पूरा पहाड़ नंगा और वीरान हो गया है। जबकि उसी पर अवस्थित विशालकाय चट्टान बरबस ही आने जाने वालों का आज भी ध्यान आकर्षित करती है। चरवाहों के लिए यह चट्टान धूप और बारिश से बचाव का महत्वपूर्ण स्थान बन गया है ।यह चट्टान तीन साल पहले सोशल मीडिया में तब लोगों की नजर में आया था, जब पदारथडीह के कुशवाहा रणजीत और झरिवा गांव के जेई विकास कुमार ने इसकी तस्वीर शेयर किया था। तब से लेकर लगातार सूर्खियों में बने रहने के बावजूद प्रकृति प्रदत्त कुदरत के इस करिश्मे को संरक्षित करने की दिशा में पहल नहीं की जा सकी है। आर्कोलॉजिस्ट और इतिहास के प्रोफेसर अभिषेक कुमार गुप्ता इसे डोलोमेन मेगालिथ पत्थर का एक रूप बताते हैं। उन्होंने बताया कि पलामू में हजारों साल पुराने ऐसे कई चट्टान हैं। जिनका संरक्षण जरूरी है। जो कहीं कहीं जीवाश्म रूप में भी मौजूद हैं। चतरा में भी ऐसा एक पत्थर है। पास के नगरुआ पहाड़ और गोलापत्थर गांव में गोल पत्थर प्रकृति के अनमोल धरोहर हैं। इनके संरक्षित करने से यह क्षेत्र पुरातात्विक महत्व का बड़ा केंद्र बन सकता है। युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह, प्रशांत कुमार सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, स्थानीय निवासी रामजन्म राम, गुड्डू पासवान, सुशील कुमार मेहता, रौशन कुमार, नदीम खान, पंचू रजवार, सिद्धार्थ कुमार, रामजी चौरसिया, जीतू साव और देवचंद यादव सहित अन्य कई लोगों ने इस चट्टान के अलावा क्षेत्र के सभी प्राकृतिक और प्राचीन धरोहरों को संरक्षित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा करने से पर्यटन उद्योग की स्थापना होगी। पर्यटक स्थल भीमचूल्हा के साथ सैलानियों के लिए आकर्षण के केंद्र स्थापित होने से रोजगार सृजित होंगे। जबकि सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि इस संबंध में सांसद वीडी राम को अवगत कराते हुए ऐसे प्राकृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की दिशा आवश्यक कदम उठाने की मांग करेंगे। जानकर बताते हैं कि हर 28 जुलाई को विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया जाता है। ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढाई जा सके। यह दिन इस बात पर जोर देता है कि आने वाली पीढियों के लिए पृथ्वी को संरक्षित करने के लिए टिकाऊ आदतों को अपनाना कितना महत्वपूर्ण है। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस की शुरूआत भारत में उन लोगों ने की, जो पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के बारे में चिंतित थे। नई में पर्यावरण सूचना प्रणाली केंद्र इस दिन को बढावा देता है। पर्यावरण विभाग, वन और पर्यावरण मंत्रालय व भारत सरकार पर्यावरण सूचना प्रणाली को प्रायोजित करते हैं।

# डॉ. कलाम के जीवनी से प्रेरणा लेने की जरूरत : अविनाश देव




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अबुल पाकिर जैनुलाबद्दीन अब्दुल कलाम जिन्हे दुनिया एपीजीअब्दुल कलाम के नाम से जानती है। बुद्धिजीवी जमात के लिए मिसाइल मैन आम आदमी के लिए राष्ट्रपति व विज्ञानियों के लिए वैज्ञानिक थे। एक वैज्ञानिक, कुशल प्रशासक, मंजे हुए शिक्षक,कौमी एकता के नेकदिल इंसान थे कलाम साहब। ये बातें संत मरियम आवासीय स्कूल के निदेशक अविनाश देव ने कही। वह शनिवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम की पुण्यतिथि के मौके पर उनकी चित्र पर माल्यार्पण के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि 2015 में वह इस दुनिया को अलविदा कहे थे। उनके आत्मकथा अग्नि के उड़ान से पता चलता है कि वह बच्चों से बे इंतेहा मोहब्बत करते थे। उनकी पुण्यतिथि पर संत मरियम विद्यालय के बच्चों ने याद किया। बच्चों को उनकी जीवनी के बारे में बताया गया। तमाम कठिनाइयों,गरीबी के बैरियर को तोड़ते हुए अखबार बेच कर वैज्ञानिक फिर राष्ट्रपति तक के सफर तय किए। हम सब को उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। मौके पर शिक्षक साहा, रौशन, श्याम, विकास,नेहा,अर्चना उपस्थित थे।

### महिला केन्द्रित विषय पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन

# महिला के बिना समाज अधूरा है : संतोष पांडेय




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में शनिवार को सूचना व जनसंपर्क विभाग के सभागार में महिला केन्द्रित विषय पर विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, प्रोटेक्शन ऑफिसर केडी पासवान, यूनीसेफ के तबरेज, अरुण तिवारी, एलएडीसी के वीर बिक्रम बक्स राय ने संयुक्त रूप से द्वीप जला कर किया। मौके पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि महिला के बिना समाज अधूरा है। समाज के तरक्की के लिए महिलाओं को बराबर का अधिकार दिया गया है। महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए, ताकि वह अपने अधिकार के साथ समाज के विकास में भी योगदान पा सके। महिलाओं को कभी दहेज के नाम पर तो कभी कन्या भ्रूण हत्या द्वारा जान से हाथ धोना पड़ता है। अब धीरे-धीरे समय बदल रहा है। नारी सशक्तिकरण की ओर अक्सर हो रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी समाज में पुरुषों के समान अधिकार प्राप्त है। महिलाएं पुरुषों के समान अधिकार पाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने कहा कि महिला केंद्रीत विषयों पर 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान 21 जून से चलाया जा रहा है, जो चार अक्टूबर तक चलेगा। बाल संरक्षण पदाधिकारी केडी पासवान ने कहा कि महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 व घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसी बच्चे के माता पिता या दोनों में से किसी एक की मृत्यु हो जाती है तो स्पॉन्सरशिप के तहत चार हजार रुपये दिए जाते हैं। बाल विवाह,महिला उत्पीड़न आदि पर विस्तार से चर्चा की। मौके पर यूनिसेफ के तबरेज, एलएडीसी के वीर विक्रम बक्स राय सहित आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका, सेविका, सहायिका उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री मातृत्व बंधन योजना का लाभ उठाएं : नीता चौहान

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदन, पालना, शक्ति सदन, वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्प लाइन नंबर, डायन प्रथा, बाल विवाह, लिंग भेद विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के संबंध में कहा कि इस योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने पर रजिस्ट्रेशन के बाद तीन हजार की राशि दी जाती है। बच्चे के जन्म लेने व पांच टीका पड़ने के बाद दो हजार सहित कुल पांच हजार रुपये दिया जाता है। 1400 की राशि पूर्व में दी जाती है। कुल 6400 रुपये दिए जाते हैं। दूसरी बार में बच्ची जन्म लेने पर एक मुश्त छः हजार रुपए प्रदान किया जाता है।

## एक नजर

### पत्रकार का मोटरसाइकिल चोरी खोज में जुटी पुलिस

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी पत्रकार रंजीत कुमार का मोटरसाइकिल जेएच 03 के 9926 की शुक्रवार की रात महिंद्रा मार्केट के बाहर से चोरी हो गई। रंजीत कुमार ने मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना शहर थाना की पुलिस को दी। मोटरसाइकिल चोरी होने की सूचना मिलते ही शहर थाना की पुलिस, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह महिंद्रा मार्केट पहुंचकर आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। परंतु मोटरसाइकिल चोरी करने वाले व्यक्ति का चेहरा साफ नजर नहीं आया। बताते चलें की शहर में मोटरसाइकिल चोर गिरोह सक्रिय हो गई है। हर एक-दो दिन में लोगों का मोटरसाइकिल चोरी हो रहा है। वही मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद से पुलिस चोर का पता लगाने में जुट गई है। मोटरसाइकिल चोरी की घटना से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

### कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू की

# पलामू के पांचों विधानसभा में इंडिया गठबंधन उम्मीदवारों की जीत होगी : बिट्टू पाठक

**प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रखंड प्रभारी व सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आसन्न विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को स्थानीय परिसदन भवन के सभागार में जिले के पदाधिकारियों की बैठक में विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत के साथ लड़ कर इंडिया गठबंधन की झोली में जिले के सभी पांचों विधानसभा सीट डालने का संकल्प लिया गया। चुनाव से पूर्व विधानसभा स्तर पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष जैशरंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पलामू जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी के जिला पदाधिकारियों को लिए सजग व सशक्त करने के लिए विधानसभा स्तरीय जिला पदाधिकारी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला के पांचो विधानसभा में इस बार इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार भारी मतों से चुनाव जीतेंगे। प्रशिक्षण शिविर के लिए प्रखंड प्रभारी व सह प्रभारी की नियुक्ति की गई है। प्रशिक्षण के बाद आगामी चुनाव में विधानसभा के लिए कांग्रेस पार्टी पूरे एक के साथ तैयार रहेगी। चुनाव की बारीकी को समझने के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। सभी विधानसभा की समस्याओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय का घेराव करने का भी निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक आलोक चौरसिया 10 सालों में विधानसभा क्षेत्र में कुछ भी नहीं किए हैं। बैठक में प्रदेश सचिव विजय चौबे, विनोद तिवारी, संतोष कुमार चौबे, ईश्वरी प्रसाद सिंह, मिथिलेश कुमार सिंह, गिरजा राम, महिला जिला अध्यक्ष इंदु भगत, सुधीर चौबे, अशोक तिवारी, अमरेश पांडेय, डॉ. कृष्णणि दुबे, नवल किशोर पाठक, सोनू खान, जितेंद्र कमलापुरी, सत्येंद्र सिंह, सच्चिदानंद मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने की। संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू ने किया।

### विभिन्न प्रखंडों में विस के पदाधिकारियों का शिविर आयोजित

31 जुलाई को डालटनगंज विधानसभा के पदाधिकारियों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इसी तरह 1 अगस्त को छत्तरपुर, 2 अगस्त को हुसैनाबाद प्रखंड में हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा का, 3 अगस्त को पांकी विधानसभा का प्रशिक्षण तरहसी प्रखंड में, 4 अगस्त को विश्रामपुर विधानसभा का प्रशिक्षण विश्रामपुर प्रखंड में किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### एमकेडीएवी में याद किए गए मिसाइल मैन डॉ. अब्दुल कलाम



**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल शनिवार को भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइल मैन वैज्ञानिक, भारतरत्न,डॉ. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनायी गयी। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में आयोजित समारोह की अध्यक्षता डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने की। समारोह के प्रारंभ में विद्यालय के प्राचार्य सह डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. जीएन खान ने मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ शिक्षकों के साथ डॉक्टर कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। छठी 'ब' की छात्रा सौम्या, आयुषी ने डॉक्टर कलाम पर एक सुंदर कविता प्रस्तुत की। 11वीं 'ब' की छात्रा जस्सी ने डॉक्टर कलाम पर बहुत ही मार्मिक एवं भावपूर्ण व्याख्यान दिया। मुख्य अतिथि राजेंद्र सचदेवा जी ने डॉक्टर कलाम को आधुनिक भारत का महान शिल्पकार बताया। उन्होंने कह कि डॉक्टर कलाम छात्रों के बीच रहना पसंद करते थे। उनकी मौत भी शिलांग में छात्रों के बीच ही हुई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सह डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉक्टर जीएन खान ने कहा कि डॉक्टर कलाम एक महान शिक्षाविद, उच्च कोटि के वैज्ञानिक तथा तकनीकी विशेषज्ञ, विकसित भारत के शिल्पकार थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन देश को समर्पित कर दिया था। वह युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राज किशोर राणा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षक कन्हैया राय, आलोक कुमार, चंद्रशेखर पांडेय, नीरज कुमार श्रीवास्तव,अंबरीश कुमार पांडेय, विक्रम रॉय, अनंत पाठक, प्रियंवदा मिश्रा, अनु चक्रवर्ती उपस्थित थीं।

### अवैध बालू को लेकर सदर एसडीओ की कार्रवाई, 5 ट्रैक्टर जब्त

**मेदिनीनगर।** सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी ने शनिवार को सदर अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत सतबरवा के सलैया व हलुमाड़ गांव में अवैध बालू परिवहन व भंडारण के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान उन्होंने सलैया गांव में अवैध बालू का परिवहन कर रहे एक ट्रैक्टर को जब्त किया। साथ ही 10 ट्रैक्टर अवैध बालू जो डंप कर एक स्थान पर भंडारित कर रखा गया था उसे भी जब्त किया। उन्होंने हलुमाड़ गांव के औरंगा नदी से 4 ट्रैक्टर जिसमें अवैध रूप से बालू लोड था उसे भी जब्त किया। इस कार्रवाई में सतबरवा सीओ, सतबरवा थाना पुलिस साथ थी। सभी के विरुद्ध सतबरवा थाने में एफआईआर भी दर्ज किया गया। बता दें कि जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को ही जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक कर तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत संचालित हो रहे अवैध माइनिंग या बालू पर पूर्ण रूप से प्रतिबंद्ध लगाने का निर्देश दिया था। एसडीओ अनुराग तिवारी ने बताया कि उपायुक्त द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में यह कार्रवाई की गयी है। उन्होंने कहा कि सदर अनुमंडल क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर इस तरह की कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र में कहीं भी अवैध माइनिंग को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अवैध खनन से जुड़े लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पिपरा प्रखंड अंतर्गत सुखनदिया नदी के समीप ट्रेंच खोदकर मार्ग को अवरुद्ध किया गया है, ताकि अवैध बालू का परिवहन नहीं हो।

### विधानसभा चुनाव में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : अजीत तिवारी

**मेदिनीनगर।** झारखंड युवा कांग्रेस के तत्वावधान शनिवार को स्थानीय परिसदन भवन में 'हर घर खटाखट' अभियान की शुरूआत की गई। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक अजीत तिवारी ने राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाने का आहवान किया। साथ ही युवाओं को राज्य सरकार की सभी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक ले जाने का निर्देश दिया। अभियान के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में पलामू कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी, झारखंड प्रवक्ता मणिकांत सिंह, प्रदेश सचिव पलामू जिला सह प्रभारी विजय बहादुर सिंह, युवा जिला अध्यक्ष परवेज अली, डालटनगंज विधानसभा अध्यक्ष सूर्यांश प्रताप सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर युवा कांग्रेस के हर घर खटाखट कार्यक्रम को लॉन्च किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि जिला में हर घर खटाखट कार्यक्रम लॉन्च किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता चलो पंचायत, चलो वार्ड के नारे के साथ जिला के पंचायतों में चौपाल लगाकर सरकार द्वारा जनता को दी जा रही योजनाओं की जानकारी के साथ आम लोगों के साथ चर्चा करेंगे। झारखंड युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव अभिषेक तिवारी ने कहा कि झारखंड सरकार ने सर्वजन पेंशन, 200 यूनिट बिजली फ्री, 2 लाख तक कृषि ऋण माफी,अबुवा आवास योजना, सावित्रीबाई फुले योजना के माध्यम से 8 क्लास से लेकर 18 साल तक की छात्राओं को चालीस हजार रुपए, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना, पुरानी पेंशन स्कीम योजना, मुख्यमंत्री बहन बेटी स्वावलंबन योजना के माध्यम से राज्य के करोड़ों लोगों को लाभान्वित करने का काम कर रही है। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मणिकांत सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव पलामू सह प्रभारी विजय बहादुर, सनाउल्लाह खान, पिंटू सिंह, गुलाम नबी, जहांगीर अंसारी, देवांश शुक्ला, मोहम्मद जमाल सहित अन्य मौजूद थे।

# कुम्हार संघ ने निकाला प्रतिवाद मार्च, विधायक का किया पुतला दहन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा के भाजपा विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के पेट्रोलियम पदार्थ के चोरी का आरोप लगाते हुए शहर के टीवी टावर बैरिया निवासी रविन्द्र प्रजापति के दुकान व मकान में घुसकर उनके बेटे, पत्नी, पुत्रबधु को बेरहमी से पीटने के बाद विधायक पर प्राथमिकी दर्ज नहीं होने से झारखंड कुम्हार समन्वय समिति में आक्रोश व्याप्त है। समिति ने पलामू प्रमंडल के तीनों जिला में प्रतिवाद मार्च व मशाल जुलूस निकालते हुए पुतला दहन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत शनिवार को लेस्लीगंज में गांधी चौक पर विधायक का पुतला दहन किया गया। अगली तैयारी पांकी, छतरपुर, गढ़वा, लातेहार की है। समिति के सदस्यों ने कहा कि रविन्द्र प्रजापति का छोटा बेटा विजय प्रजापति को अगवा कर थाना ले जाया गया। पलामू जिले का कोई थाना केस दर्ज नहीं किया तो रांची ले जाया गया। वहां रविंद्र प्रजापति के बड़ा बेटा का पता पूछते हुए जनकधारी प्रजापति को अगवा किया। दोनों पुत्र को पुनः बेरहमी से मारते पीटते ओरमांझी थाना ले जाया गया। इसके बाद विधायक न अपनी बेटी सिम्मी मेहता से ओरमांझी थाना में तेल चोरी और धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कर जेल भिजवा दिया। बाद में दोनों पुत्र रिहा हुए। उन्होंने कहा कि विधायक शशि भूषण मेहता पर अभी तक कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। जिससे पलामू प्रमंडल सहित पूरे राज्य के कुम्हार आक्रोशित हैं। पांकी विधायक शशि भूषण मेहता पर मुकदमा दर्ज नहीं होने तक झारखंड कुम्हार समन्वय समिति जिला कमेटी पलामू का जन आंदोलन करेगी। 24 जुलाई 2024 को प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर में प्रतिवाद मार्च एवं पुतला दहन किया गया, लेकिन अभी तक विधायक शशि भूषण मेहता पर मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। कार्यक्रम में अनूप प्रजापति, कमलेश प्रजापति, अर्जुन प्रजापति, कृष्णा प्रजापति, धंजय प्रजापति, ओम प्रजापति, रवि प्रजापति, निर्मल प्रजापति, अनुज प्रजापति, सोना देवी, कांति देवी, ललिता देवी, मनोरमा देवी, पार्वती देवी, पुष्पा देवी उपस्थित थे।

# ज्योति आईटीआई में टाटा मोटर्स का कैम्पस प्लेसमेंट कल से




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कांदू मोहल्ला स्थित ज्योति आईटीआई में देश के प्रमुख कंपनी टाटा मोटर्स जमशेदपुर द्वारा 29 जुलाई को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशिप का आयोजन किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए किसी भी आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन और फिटर ट्रेड में आईटीआई की डिग्री ली हो,वह इस कैंपस में भाग ले सकते हैं। यह जानकारी कॉलेज के प्लेसमेंट सेल के अधिकारी मनोरथ चौधरी ने दी है। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा 8 घंटे ड्यूटी के दौरान कैंटीन मेडिकल पीएफ की सुविधा मुहैया कराई जाएगी इसके लिए सबसे पहले आवेदकों को 29 जुलाई को अपनी सभी कागजात के साथ सुबह 10 से शाम 4 तक प्लेसमेंट सेल में निशुल्क रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा। उसके बाद कैंपस की प्रक्रिया की जाएगी। कैंपस आयोजन पर संस्थान के सचिव ज्योति पांडेय ने आईटीआई पास युवाओं को निमंत्रित किया है। कहा है कि यह बेहतरीन अवसर है। संबंधित व्यवसायों में पास युवा कैंपस साक्षात्कार में भाग लेकर अपनी योग्यता के आधार पर रोजगार हासिल कर सकते हैं। शुरू से ही प्रयास रहा है कि पलामू प्रमंडल के बेरोजगार एवं जरूरतमंदों को ज्योति आईटीआई के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा रोजगार का अवसर प्राप्त हो।

## जागरूकता

### गुरूकुल के छात्रों ने वन महोत्सव के तहत पौधरोपण किया

# पौधा ऑक्सीजन देता है जो जीवन के लिए महत्वपूर्ण है : अनुज सिंह

**■ पौधा के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है, इसलिए पौधा लगाना मजबूरी नहीं जरूरी है**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गुरुकुल स्कूल पाटन मोड़ के बच्चों द्वारा वन महोत्सव मनाया गया। इसके तहत बच्चों ने एनएच 39 पर पौधरोपण किया। वन महोत्सव में गुरुकुल के तीनों ग्रुप ग्रीन हाउस, रेड हाउस, ब्लू हाउस के बच्चों ने भाग लेकर पौधरोपण का कार्यक्रम किया। वन महोत्सव में मुख्य तौर पर केओसीसीएम के सीएसआर हेड शोभा रानी मोहंती के साथ गुरुकुल के अध्यक्ष अनुज सिंह, प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार पाठक, उप प्रधानाध्यापक सहेंद्र साव के साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने वन महोत्सव में भाग लिया। बच्चों ने भी उत्साह के साथ पौधरोपण किया। गुरुकुल विद्यालय के अध्यक्ष अनुज सिंह ने ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने पर जोर दिया और पौधों के महत्व के बारे में बताया। कहा कि पौधा आक्सीजन देता है जो हमारे जीवन के लिए काफी महत्वपूर्ण है। पौधा के बिना जीवन की कल्पना संभव नहीं है, इसलिए पौधा लगाना मजबूरी नहीं जरूरी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कुमार पाठक ने भी पौधों के महत्व के संबंध में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में एनएच 39 पैकेज 3 के साइट इंचार्ज प्रमोद कुमार का सराहनीय योगदान रहा। वन महोत्सव में गुरुकुल विद्यालय के 200 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर रजनी सिंह, अभिलाषा मिश्रा, नेहा शुक्ला, सीमा श्रीवास्तव, रूपेश सिंह, साकेत पांडेय, सतीश कुमार तिग्गा, संध्या मिश्रा, विपिन कुमार सिंह, विजया लक्ष्मी, अनुश्री, अनुष्का सिंह, प्रीति, रानी व सुहागा उपस्थित थी।

### पौधा से ही वातावरण शुद्ध रहता है: शोभा रानी

सीएसआर हेड शोभा रानी ने गुरुकुल विद्यालय के सभी शिक्षकों ने पर्यावरण को शुद्ध बनाए रखने के लिए पौधरोपण कार्यक्रम पर बल देने के साथ बच्चों को संदेश दिया कि भविष्य में हम तभी सुखी रह पाएंगे जब वातावरण में शुद्ध रहेगा। पौधा से ही वातावरण शुद्ध रहता है। उन्होंने कहा कि पौधा से ही समय पर वर्षा होती है और पर्यावरण हरा भरा रहता है। हम जो पौधा लगा रहे हैं उसकी देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है।

### मनरेगा कर्मी छठे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे

**मेदिनीनगर।** मनरेगा कर्मी अपनी मांगों के समर्थन में लगातार छठे दिन भी हड़ताल पर डटे रहे। समाहरणालय के समक्ष धरने पर बैठे मनरेगा कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कार्यकारी जिला अध्यक्ष नारद यादव ने कहा कि विभाग षड्यंत्र के तहत मनरेगा कर्मियों के साथ छल करने की तैयारी में है। ऐसी सूचना मिली है कि मानदेय में आंशिक बढ़ोतरी कर सरकार मामला को निपटाना चाहती है। स्थायीकरण और वेतनमान के अलावे छोटी मांग पूरा करने से हड़ताल समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हेमंत ब्रिटिश पैटर्न पर सरकार चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के श्रम मंत्रालय द्वारा निर्धारित न्यूनतम वेतन की अनदेखी कर मनरेगा कर्मियों को बंधुआ मजदूर की तरह व्यवहार किया जाता है।

# एएनएम की लापरवाही से डेढ़ माह के नवजात शिशु की गई जान

## एएनएम के इंकार के बाद परिजनों में आक्रोश



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडई।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के महिला कर्मी के लापरवाही से शुक्रवार के दिन एक डेढ़ माह के नवजात शिशु की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डंडई गांव निवासी उषा देवी पति विनय राम शुक्रवार को नजदीकी आंगनबाड़ी केंद्र पर अपने नवजात डेढ़ माह की बच्ची को लेकर टीकाकरण कराने गई थी। वहीं सहिया के कागजी प्रक्रिया के बाद एनएम किरण कुमारी के द्वारा बच्ची के शरीर मे अलग अलग जगहों पर तीन तरह का इंजेक्शन लगा दिया गया। उसके बाद घर आते ही बच्ची व्याकुलता के साथ चिल्लाना शुरू कर दी। इसी बीच उसके नाक से हल्का-हल्का खून आना शुरू हो गया। स्थिति को देख उषा अपने पति व अन्य परिजनों के साथ बेहतर इलाज को लेकर बाहर जाने की तैयारी कर ही रही थी कि इसी बीच उसकी बच्ची दम तोड़ दी। बच्ची का वजन कम से कम 3 किलो के आसपास बताया जाता है। घटना के बाद रो-रो कर परिजनों का बुरा हाल हो गया। मामला पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। वहीं जानकारी पाकर गांव के ग्रामीण एक एक कर पीड़ित परिवार के घर पहुंचते गए। साथ ही बच्ची का शव देख वे सभी घर से बाहर निकलते गए। इस दौरान सभी ग्रामीणों की आंखें पूरी तरह नाम हो गई। इससे पहले ग्रामीणों के द्वारा बच्ची के शव को बारीकी से देखा गया तो उसके दोनों जांघों पर टीकाकरण का निशान पाया गया। उसके बाद टीकाकरण का सुई लगाई एनएम किरण कुमारी से उक्त लोगों के द्वारा टेलिफोनिक संपर्क कर घटना की जानकारी देते हुए टीकाकरण की सुई की संख्या के बारे में पूछताछ किया जाने लगा। उनके पूछताछ में किरण कुमारी के द्वारा उक्त बच्ची को टीकाकरण करने से सीधा इनकार कर दिया गया। उनके द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि मैं मृतक बच्ची को टीकाकरण करने का काम नहीं किया हूं। इसी बीच ग्रामीणों के द्वारा सहिया का रजिस्टर और टीकाकरण का कार्ड का अवलोकन भी किया गया तो वर्तमान समय में किया गया टीकाकरण का कार्ड में कोई प्रमाण नहीं मिला लेकिन सईया के रजिस्टर में शुक्रवार के दिन टीकाकरण होने संबंधित रजिस्टर में प्रमाण पाया गया। ग्रामीणों ने सईया कांति देवी की क्रियाकलाप पर भी नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि टीकाकरण के बारे में सहिया के द्वारा ही परिजनों को जानकारी दी जाती है। उनके कहने पर ही नवजात शिशुओं के माता और पिता टीकाकरण को लेकर निर्धारित स्थल पर जाते हैं। उन्होंने बताया कि बच्ची का जब टीकाकरण का अवधि पूरा हुआ ही नहीं था तो उन्हें टीकाकरण की जानकारी ही नहीं देनी चाहिए थी। ग्रामीणों ने कहा कि सहिया गांव के बजाय अधिकतर समय गढ़वा में ही बताती है। घर पहुंचे घंटो देर भी नही हुवा की बच्ची चिल्ला चिल्ला कर रोना शुरू कर दी। इसी बीच उसके नाक से हल्का-हल्का खून आना शुरू हो गया। स्थिति को देख हम सभी उसके बेहतर इलाज के लिए बाहर जाने की तैयारी कर ही रहे थे की बच्ची दम तोड़ दी। पीड़ित के घर पहुंचे उक्त पदाधिकारीयों ने कहा कि मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आरोपी एनएम किरण कुमारी को इस अस्पताल से स्थानांतरण के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी जा रही है।

### आरसीएच पदाधिकारी व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी पीड़ित परिवार से मिले

घटना की जानकारी पाकर आरसीएच पदाधिकारी पुष्पा सहगल और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी वीरेंद्र राम संयुक्त रूप से पीड़ित परिवार के घर पहुंच घटना के बारे में मृतक शिशु की मां उषा देवी और उसके पिता विनय राम के साथ लंबी पूछताछ किए। उनके पूछताछ में दोनों ने बताया कि शुक्रवार के दिन सहिया के कहने पर अपनी डेढ़ माह की बच्ची को लेकर स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र भुइयां टोला पर टीकाकरण करने को लेकर गए थे। वहां पर सईया के कागजी प्रक्रिया पूरा कर लेने के बाद एएनएम किरण कुमारी के द्वारा बच्ची के शरीर में तीन तरह का इंजेक्शन एक ही साथ लगाया गया। उसके बाद हम सभी बच्ची को लेकर अपने घर चले आए।

## एक नजर

### स्कूल रुआर कार्यक्रम के तहत बीआरसी में कार्यशाला आयोजित

**खरौंधी।** प्रखंड संसाधन केंद्र खरौंधी में प्रखंड स्तरीय स्कूल रुआर कार्यक्रम का 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश कुमार रजक, सांसद प्रतिनिधि राम खेलावन पासवान, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य बीडीसी शीलवंती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। रूआर के तहत विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित है उसमें पहले दिन सर्वप्रथम स्कूल पहुंचने वाले दस छात्रों को फूल देकर शिक्षकों के द्वारा स्वागत करना तथा विद्यालय प्रबंधन समिति, शिक्षक माता समिति की बैठक कर लगातार अनुपस्थित रहने वाले बच्चों को चिन्हित करना एवं होम विजिट कर नियमित उपस्थिति हेतु प्रेरित करने का कार्य करना। अभियान के दूसरे दिन बच्चों की अगली कक्षा में प्रोन्नति एवं बच्चों के स्कूल में ठहराव की स्थिति की समीक्षा करना, साथ ही पोषक क्षेत्रों का भ्रमण कर अनामांकित या ड्रॉप आउट बच्चों के अभिभावकों से मिलकर बच्चे के नामांकन हेतु उन्हें प्रेरित करने का कार्यक्रम करना। तीसरे दिन स्कूल टैगिंग तथा अनामांकित बच्चों के अभिभावकों से मिलने का कार्यक्रम। चौथे दिन यह दायित्व हाउस कप्तान निभाएंगे।

### हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन

**गढ़वा।** ऑल इंडिया मजलिस -ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के तत्वावधान में गढ़वा जिला के रमकंडा प्रखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ हल्ला बोल, पोल खोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रखंड के उदयरपुर उच्च विद्यालय के मैदान में आयोजित उक्त कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ता सम्मेलन सह सदस्यता ग्रहण समारोह का भी आयोजन किया गया।

## दिव्यांग बच्चों का जांच शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बड़गड़।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को झारखंड शिक्षा परियोजना गढ़वा के तत्वाधान में, समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों का जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। स्थानीय मध्य विद्याल के प्रांगण में आयोजित उक्त शिविर में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के दिव्यांग बच्चों की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क उपकरण उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी भंडरिया के रंभा चौबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में दिव्यांग बच्चों की जांच भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को भुवनेश्वर, उड़ीसा( भारत सरकार का उपक्रम) के टीम द्वारा किया गया। टीम में डॉक्टर दीपक कुमार मंडल, पी.एंड ओ, डॉक्टर ज्ञानेंदु कुमार सिंह, ऑडियोलॉजिस्ट, अरुण कुमार यादव,पी एंड ओ.टेक्नीशियन तथा डाटामैन आकाश सैनी के नाम शामिल हैं। दिव्यांग छात्रों के बीच जो उपकरण बांटे गए उनमें 1 व्हीलचेयर, एल्बो क्रच 14 जोड़ी, श्रवण यंत्र 26 पीस, कैलीपर्स 8 जोड़ी के नाम शामिल हैं। इस मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे सीआरपी ब्रह्मदेव राम, प्रधानाध्यापक अजय मिंज आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जमीन का कागजात दिखाकर कर लोगों को कर रहे है गुमराह मुखिया पति : ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रमकंडा प्रखंड के सबाने गांव के आदिवासी परिवार के सदस्यों ने जिला प्रशासन से अविलंब उनके जमीन को कब्जा से मुक्त कराने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बैठक कर आगे की रणनीति तैयार की। ग्रामीणों ने कहा कि मुखिया पति राजकिशोर यादव की खरीदगी जमीन से उन्हें कोई लेना-देना नही है। मुखिया पति हमसभी ग्रामीणों का कब्जा किए हुए सात एकड़ भूमि को मुक्त करें। जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि मुखिया पति अपना खरीदगी जमीन का कागजात दिखाकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे है। हमसभी सभी ग्रामीणों को जमीन का खाता 39, प्लॉट 205 कुल रकबा 43 एकड़ 75 डीसमिल भूमि में से सात एकड़ जमीन से ही मतलब है। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त खाता-प्लॉट के कुल रकबा का सात एकड़ जमीन हमलोगों का है। जिसका खतियान, लगान और रसीद सहित अन्य कगजात है। लेकिन मुखिया पति उक्त जमीन का बात नही कर, अपना खरीदगी जमीन की चर्चा कर लोगों को गुमराह कर रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि मुखिया पति पहले हमलोगों के जमीन पर ईट् बनाने का काम शुरू किए। उसके बाद वहीं जमीन में पहले से मौजूद बांध को तालाब बनवाया। ग्रामीणों ने कहा कि तालाब बनवाने के समय मुखिया पति ने कहा कि आपलोगों के जीवन-बसर के लिए तालाब का निर्माण करा रहे है। ताकि आप सभी ग्रामीण तालाब में मछली पालन कर अपना जीवकोपार्जन कर सके। तालाब निर्माण के दो साल तक मुखिया पति ग्रामीणों ने बिना पूछे तालाब में मछली डाल रहे है। इसके अलावा ग्रामीणों का सात एकड़ जमीन पर कब्जा भी कर लिए है। जब हम लोगों जमीन को कब्जा से मुक्त कराने के लिए डीसी को आवेदन सौंपा। उसके बाद मुखिया पति उक्त सात एकड़ जमीन की चर्चा नही कर अपना खरीदगी जमीन कागजात दिखाकर लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे है। ग्रामीणों ने कहा कि हमलोगों के हित में जो भी लड़ाई लड़ेगा। सभी ग्रामीणों उसी के सहयोग में खड़ा रहेंगे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अविलंब मुखिया पति से जमीन का कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। मौके पर सिंहराय मुंडा, रामसहाय मुंडा, जीता मुंडा, सोमा मुंडा, बुका मुंडा, महंगु मुंडा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## शिक्षकों ने चप्पल पहनकर शिक्षण कार्य कर विरोध जताया



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर खरौंधी प्रखंड के शिक्षकों ने शनिवार को झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के बयान के विरोध में नंगे पैर रहकर स्कूलों में पठन पाठन किया। बता दें की शिक्षा परियोजना निदेशक आदित्य रंजन के कथित वायरल वीडियो में यह कहते सुना जा रहा है कि यदि कोई भी शिक्षक विद्यालय में चप्पल पहन कर आते हैं तो वह उसी चप्पल से उन्हें पीटेंगे। संघ के प्रखंड अध्यक्ष अमरेश कुमार राम ने कहा की शिक्षक समाज का सबसे प्रतिष्ठित वर्ग होता है। शैक्षणिक कार्य को बेहतर बनाने के लिए हंटर और गाली- गलौज नहीं बल्कि सम्मान और संसाधन चाहिए। एक वरिष्ठ अधिकारी से ऐसे अशिष्ट बयान की उम्मीद नहीं की जा सकती। इसकी घोर निंदा करते हैं। सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड इकाई ने भी इस बयान का विरोध किया। इसे अपमानजनक एवं शिक्षक की गरिमा के विरुद्ध बताया।

### चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बंका रोड में एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टेन के प्रांगण में चार दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रशिक्षण आयोजित शिविर का समापन हुआ। समापन के मौके पर प्रशिक्षक विकास कुमार सिन्हा ने बच्चों को स्काउट एंड गाइड के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों का सामना करने एवं जन सेवा ही राष्ट्र एवं ईश्वर सेवा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी ने संबोधित करते हुए बच्चों को खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों को इस, उम्र में राष्ट्र से प्रेम एवं प्रशिक्षण प्राप्त करना निश्चित रूप से लाभकारी है। विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अनिल साह ने कहा कि इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर आज अनेकों बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान कर, अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है।

## न्यूज बॉक्स

### 12 करोड़ रुपये की लागत से दो सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण, सरकार ने दी स्वीकृति

**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से करीब 15 किलोमीटर लंबी दो सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जायेगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जायेगा। जानकारी देते हुये गढ़वा विधायक व झारखंड के पीएचईडी मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार ने दो सड़कों के सुदृढ़ीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जल बीछ रहा है। उन्होंने कहा कि उनके विरोधी अब विधानसभा में घूमते रह जाएंगे। उन्होंने पूर्व के जनप्रतिनिधियों पर चुटकी लेते हुए कहा कि वे लोग न तो खुद विकास किये और न ही दूसरे को विकास करने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि काफी कम समय में गढ़वा में काफी तेज गति से चहुंमुखी विकास हो रहा है। जिससे विरोधियों की बेचैनी बढ़ गई है। बेचैन नेताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें फिर से मुंहतोड़ जवाब देगी।

#### इन सड़कों की मिली स्वीकृति

रंका रमकंडा पथ से मध्य विद्यालय होते हुए सोनपुरवा पथ तक 4.5 किलोमीटर पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 2 करोड़ 95 लाख 50 हजार 500 रुपए में किया जाएगा जबकि चिनियां मे राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खुर्री पालामाटी होते हुए नगसीली तक 10.4 पथ किलोमीटर पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य 8 करोड़ 94 लाख 5 हजार 200 सौ रूपए में किया जाएगा।

### अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान

**रमना।** बिजली उपभोक्ताओं के लिए सरकार 200 यूनिट मुफ्त की योजना ला रही है, जिससे की कम बिजली खपत करने वाले उपभोक्ताओं का लाभ मिल सके। लेकिन बिजली वितरण निगम की घोर लापरवाही से रमना प्रखंड के लोग त्राहि त्राहि कर रहे, कम वर्षात और उमस भारी गर्मी से शुकुन पाने के लिए लोग बिजली पंखा की ओर भाग रहे है परन्तु वहां भी सुकून नहीं। गत तीन चार दिन से दिन और रात में बिजली वितरण निगम के द्वारा बिजली आपूर्ति में अनियमितता के कारण गर्मी से लोगो का हाल बेहाल है। बिजली वितरण निगम का ऐसा हाल है कि हलकी बूंदा-बांदी के बाद ही तेतिस हजार में फॉल्ट हो जा रहा है ना कोई आंधी न तूफान बस हलकी बारिश में ही पुरे प्रखंड परसवान पॉवर हॉउस से जुड़े ग्रामो को छोड़ कर भागोडीह पावर हॉउस से जुड़े सभी ग्रामो में अंधकार हो जा रहा है। शुक्रवार की रात्री दस - ग्यारह बजे जोरो कि बारिश हुई जिसमें आंधी तूफान नहीं था फिर भी तेतिस हजार प्रवाहित विद्युत तार में फॉल्ट हो, जबकी मध्य रात्री में ही बर्षा बंद हो गयी फिर भी पूरी रात बिजली बंद रहा। इस सम्बन्ध में घर छुट्टी आये जागा राम बताये कि बिजली कि अनियमित सप्लाई और उमस भरी गर्मी में पूरी रात बच्चों को पंखा हाकते बीत गया कि अब बिजली आएगी लेकिन पूरी रात बिजली नहीं आयी। प्रदीप कुमार बताये कि बिजली नहीं रहने और एन्वर्टर जबाब देने के वजह से पूरी रात जगवारी करते बीत गया। शनिवार को सुबह करीब दस बजे बिजली बहाल हो सकी लाइनमैन का कहना है की पॉवर हाउस से बिजली सप्लाई की शक्ति कम है, जिससे फॉल्ट नहीं रहने के बावजूद भी मशीन ट्रिप कर जाता है यदी पॉवर बढ़ा दिया जाय तो यह समस्या नहीं आएगा और कही भी फॉल्ट होगा तो अवाज और स्पार्क होगा जिससे फॉल्ट की सुचना जनता द्वारा बता दिया जायेगा की कहा खराबी हुआ है।

पुलिस की कारवाई से बालू चोरों में हड़कंप

### धुरकी : बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**धुरकी।** पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार की सुबह ग्राम रक्सी से एक अवैध बालू लोड ट्रैक्टर एवम रक्सी कदवा सिमाना के पास करीब 2500 सीएफटी अवैध बालू को जब्त कर घघरी निवासी बब्लू बैठा उर्फ बिशुनदेव बैठा, पिता रामकुमार बैठा तथा ट्रैक्टर के मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। इस संबंध में धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 5 गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी रात्रि में कनहर नदी से बबलू बैठा के द्वारा बालू चोरी कर ग्राम रक्सी कदवा के सिमाना के पास रखा जाता है जहां अभी करीब 2500 सीएफटी बालू रखा हुआ है तथा बबलू बैठा उस बालू को बेचने के लिए ट्रैक्टर में लोड कर जिसके बाद पुलिस ने छापामारी की जिसक्रम में पुलिस ने रक्सी से एक बालू लोड ट्रैक्टर को पकड़कर थाना ले गई जिस संबंध में थाना प्रभारी द्वारा जिला खनन पदाधिकारी, गढ़वा को पत्राचार किया गया जिसके बाद उक्त 2500 सीएफटी बालू को जब्त कर बबलू बैठा और ट्रैक्टर के मालिक व चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देश पर धुरकी पुलिस थाना क्षेत्र में लगातार छापामारी कर रही है। अवैध बालू का कारोबार किसी भी कीमत में चलने नही दिया जायेगा तथा अवैध बालू कारोबार में संलिप्त कारोबारी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। इधर धुरकी पुलिस के द्वारा इस तरह की लगातार छापामारी से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप है। विदित हो कि धुरकी पुलिस ने विगत एक सप्ताह में 3 ट्रैक्टर एवम 8000 सीएफटी बालू जप्त कर 8 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है। छापामारी दल में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार, सब इंस्पेक्टर बीकु कुमार रजक, एएसआई शैलेंद्र कुमार यादव, एवम थाना के जवान शामिल थे।

### दुर्भावाना से ग्रसित होकर भानू का मुकदमा दर्ज कराया गया: भाजपा

**हरिहरपुर।** स्थानीय भाजपा मंडल इकाई के कार्यकर्ताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भानु प्रताप शाही पर हुए एससी-एसटी एक्ट को गैर संवैधानिक बताया है। स्थानीय विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र राम व भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के कांडी मंडल अध्यक्ष दुर्गा राम ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि झारखंड सरकार के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर कर इसारों पर दुर्भावना से ग्रसित होकर गैर संवैधानिक तरीके से भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही पर एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराने की भर्त्सना किया है। दुर्गा राम ने कहा कि झारखंड सरकार लूट और बलात्कार के आरोपी को सजा नहीं दे रही है। बालू चोर और प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को रोकने के बजाय अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले को दमनकारी नीति के तहत दबाया जा रहा है। सुरेंद्र ने कहा कि एससी एसटी एक्ट का गलत तरीके से इस्तेमाल करने वाले लोगों को न्यायालय से जरूर झटका मिलेगा।

## सीआरपीएफ 172 बटालियन का 86वां स्थापना दिवस मनाया गया

# शहीदों के पराक्रम, बलिदान और कर्तव्यपरायणता को सम्मान दिया



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सीआरपीएफ 172 बटालियन का 86 वां स्थापना दिवस पुलिस लाइन स्थित सीआरपीएफ कैंप में धूम धाम से मनाया गया। स्थापना दिवस के मौके पर कमांडेंट नृपेन्द्र कुमार सिंह ने शहीद जवानों शहीद जवान आशीष कुमार तिवारी व शहीद आशीष सिंह के शहीद स्मारक पर कमांडेंट ने माल्यार्पण किया। जिसमें उनके परिजन एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे। तदोपरान्त 172वीं वाहिनी मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें नृपेन्द्र कुमार सिंह कमाण्डेंट 172 वाहिनीं द्वारा सीआरपीएफ के शहीदों के पराक्रम, बलिदान और कर्तव्यपरायणता को सम्मान दिया और बल के कर्मियों एवं उनके परिजनों को बल के गौरवशाली इतिहास की याद दिलाते हुए स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनायें दीं। उन्होंने बताया कि कैसे 21 अक्टूबर 1959 को सीआरपीएफ की एक छोटी टुकड़ी ने चीनी सैनिकों का मुकाबला किया जिसमें 10 कार्मिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी और उनके सम्मान में भारतवर्ष के सभी पुलिस बल प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाते हैं। साथ ही उन्होंने बताया कि कैसे रन ऑफ कच्छ में सीआरपीएफ की एक कंपनी ने तोपों से सजी पूरी पाकिस्तानी ब्रिगेड को न सिर्फ रोक दिया बल्कि 34 पाकिस्तानी सैनिकों को बंधक भी बना लिया साथ ही श्री राम जन्मभूमि अयोध्या एवं संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले को नाकाम कर आतंकवादियों को मार गिराया। देश सेवा में अनगिनत सीआरपीएफ कार्मिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। मौके पर कमांडेंट ने कहा कि सीआरपीएफ के लिए 27 जुलाई का दिन विशेष महत्व रखता है। सीआरपीएफ बल की स्थापना 27 जुलाई को हुई थी। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ 172 बटालियन गढ़वा व इसके सुदूरवर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सल उन्मूलन के कार्यों में लगी हुई है। जबकि ग्रामीणों को अनेक प्रकार से सहयोग कर उनका जीवन स्तर उंचा करने में भी योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर पौधरोपण का कार्य किया गया।

### क्यो मनाते हैं स्मृति दिवस

21 अक्टूबर 1959 को सीआरपीएफ की एक छोटी टुकड़ी ने चीनी सैनिकों का मुकाबला किया जिसमें 10 कार्मिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी और उनके सम्मान में भारतवर्ष के सभी पुलिस बल प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाते हैं।

## बच्चों को विद्यालय से जोड़ना सभी की जिम्मेवारी: प्रमुख



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** बीआरसी कार्यालय भवन केतार में शनिवार को स्कूल रूआर कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने किया। इस कार्यशाला में 05 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के नामांकित बच्चों की स्कूल में उपस्थिति सुनिश्चित करने, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने, पिछले वर्ष एक से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि, सभी बच्चों की उपस्थिति ई विद्या वाहिनी में दर्ज करने एवं नियमित अनुश्रवण तथा नामांकित बच्चों को की उपस्थिति सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि विद्यालय में नामांकित सभी बच्चों को विद्यालय में उपस्थिति करना हम सबों की जवाबदेही बनती है। हम सबों के प्रयास से इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है। बीपीओ रवि बैद ने कहा कि जो बच्चे स्कूल नहीं आ रहें हैं उन्हें हर हाल में विद्यालय लाना है। इस मौके पर बीपीओ रवि बैद, सीआरपी श्याम किशोर सिंह, शिक्षक दीपक सिंह, दीपक पाल, आशीष पाठक, दिनानाथ गुप्ता, शिवनाथ राम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**गढवा।** जिले में चौकीदार बहाली को लेकर उपायुक्त कार्यालय द्वारा जारी विगत दिनों विज्ञापन संख्या 01/2024 दिनांक- 24/07/24 जिसमें गढवा जिला में 94 पद पर चौकीदार के भर्ती हेतु निकाला गया। जिसमे आरक्षण को लेकर वीर बाबा चोहरामल कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष चंदन पासवान ने कहा कि दुर्भाग्य की बात यह है कि झारखंड राज्य का जिला गढवा जो अनुसूचित जाति बाहुल्य क्षेत्र है। जहां अनुसूचित जाति के लिए उपरोक्त पद हेतु आरक्षण शून्य दिखाया गया है। और बाकि कैटेगरी को कैटेगरी वाइज आरक्षण दे दिया गया है। इसमें ऐसा प्रतीत होता है। कि अनुसूचित जाति के आरक्षण रोस्टर के साथ छेड़छाड़ कर दुसरे वर्ग को लाभ पहुंचाने हेतु कुचक्र रचा गया है। जो वीर बाबा चौहरमल कल्याण समिति जिला गढवा किसी भी किमत पर बर्दाशत नहीं करेगा। सर्वविदित है कि आजादी से अभी तक इस पद पर पासवान जाति का बहाली होता था। कहीं कहीं अन्य जाति के लोग भी थे। और अभी तक विज्ञापन के द्वारा कभी भी इस पद के लिए बहाली नहीं हुआ था।

## एक नजर

### आरक्षी ने शूटिंग कंपटीशन में द्वितीय स्थान लाकर विभाग का मान बढ़ाया

**लातेहार।** पुलिस आरक्षी 1042 हरिनारायण विश्वकर्मा ने बोकारो में आयोजित प्रतियोगिता में ओवर आल द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बता दें कि पलामू क्षेत्रीय पुलिस 2024 शूटिंग प्रतियोगिता का बोकारो में संगठन सचिव पुलिस अधीक्षक गढ़वा द्वारा आयोजन किया गया था। जिसमें लातेहार, पलामू, गढ़वा के विभिन्न जिलों से पुलिस की टीम शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लिए थे। ओवर ऑल राइफल स्पर्धा में लातेहार तृतीय, तो पिस्टल रिवाल्वर स्पर्धा में लातेहार प्रथम, कार्बाइन स्पर्धा में लातेहार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ओवरऑल लातेहार द्वितीय स्थान प्राप्त कर लातेहार पुलिस का मान बढ़ाया। गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय व लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने मेडल और शील्ड के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान लातेहार एसपी अंजनी अंजन ने शूटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का हौसला अफजाई की।

### सड़क दुर्घटना में युवक की रांची में ईलाज के दौरान मौत

**कुंदा (चतरा)।** लावालौंग थाना क्षेत्र में लावालौंग से कुंदा मुख्य सड़क पर स्थित सोहान मोड़ के समीप शनिवार को मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक युवक की मौत ईलाज के दौरान रांची में हो गयी। युवक कुंदा थाना क्षेत्र के मांझीपारा गांव के कुलदीप भारती के 18 वर्षीय पुत्र धीरेंद्र कुमार था। परिजनों ने बताया कि बुधवार को धीरेंद्र मोटरसाइकिल से कुछ निजी काम के लिए लावालौंग गया था। काम पूरा कर वापस लौट रहा था। इस बीच सोहान मोड़ के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे ट्रेंच में जा गिरी, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे चतरा अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हजारीबाग के चिकित्सकों ने भी उसे रांची रेफर कर दिया। वहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

### महुआडांड़ प्रखंड से कांवरियों का पहला जत्था रवाना

**महुआडांड़।** प्रखंड स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर से पूजा-अर्चना कर कांवरियों का पहला जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। कांवरियों का जत्था हर हर महादेव, बोल बम के गगनभेदी नारे लगाते हुए प्रखंड स्थित शिव मंदिर, देवी मंडप मंदिर पहुंचे। जहां पूजा अर्चना कर गंतव्य के लिए प्रस्थान किये। जात्था में मुख्य रूप से पंकज दास बाबु,भोला केसरी, उज्जवल धनुष, नीतीश कुमार, विवेक शर्मा, अतुल कुमार शामिल थे। इन्होंने बताया कि सुल्तानगंज देवघर बासुकीनाथ समेत अन्य आसपास के क्षेत्र का भ्रमण करेंगे।

# टीएसपीसी उग्रवादियों का उत्पात, दो हाइवा में लगाई आग, जलकर खाक



**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के उग्रवादियों ने शुक्रवार की मध्य रात्रि में हेरहंज थाना क्षेत्र के नवादा डीही मुरूप मार्ग पर उत्पात मचाया। वहां उग्रवादियों ने चाया ग्राम स्थित जंगल में दो हाइवा वाहनों में आग लगा दी और घंटो सड़क पर जमे रहे। मिली जानकारी के अनुसार एक हाइवा लातेहार सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत तुबेद कोलियरी से कोयला लेकर बालूमाथ के कुसमाही रेलवे कोयला साइडिंग जा रही थी। दूसरा हाइवा बालूमाथ कुशमाही रेलवे साइडिंग से कोयला खाली कर तुबेद कोलियरी जा रही थी। इसी दौरान दोनों वाहनों को उग्रवादियों ने चाया जंगल के समीप रोककर आग लगा दी। चालकों को चेतावनी देते हुए भगा दिया। जिससे दोनों वाहन जलकर खाक हो गया। इस दौरान वाहन के चालक ने जंगल में छिपकर रात बिताई। जलाए गए एक हाइवा वाहन थाना क्षेत्र अंतर्गत डीही ग्राम निवासी अशोक राम का बताया जा रहा है। जबकि दूसरा वाहन डीवीसी कंपनी की बताई जा रही है। इस घटना के बाद से तुबेद कोलियरी से कोयला का परिवहन ठप हो गया है। इस घटना की जिम्मेवारी टीएसपीसी ने घटनास्थल पर अपना पर्चा छोड़कर ली है। जिसे थाना पुलिस जब्त कर आगे की कार्रवाई के साथ पड़ताल में जुट गई है। जबकि वाहन के चालकों को थाना में पूछताछ किया जा रहा है। टीएसपीसी द्वारा घटनास्थल पर छोड़े गए पर्ची में टीएसपीसी ने संगठन के आदेश का उल्लंघन करने पर संगठनात्मक कार्रवाई के साथ-साथ वाहन चालकों पर कार्रवाई करने का धमकी दिया है।

### मुखिया ने सांसद से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं को रखा

**मयूरहंड (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के मंझगावां पंचायत के मुखिया मंजीत कुमार सिंह तथा करमा पंचायत के मुखिया रामनाथ यादव ने शनिवार को सांसद कालीचरण सिंह से मुलाकात किया। इस दौरान करमा व मंझगावां पंचायत क्षेत्र के सभी गांव में बिजली एकतारा फीडर से बहाल करवाने की मांग की। वर्तमान स्थिति में दोनों पंचायत को इटखोरी फीडर से बिजली बहाल है। बिजली की अनियमितता से लोग नाराज चल रहे हैं। दूसरे तरफ मंझगावां,करमा,पंदनी,बेलखोरी पंचायत क्षेत्र में डीएम एफटी फंड से कार्य नही होने की सूचना दिया ।साथ ही मयूरहंड आकांक्षी प्रखंड है, वहां सर्वांगीण विकास के लिए मानव संसाधन शक्ति की आवश्यकता है। क्षेत्र में उत्तम क्रिया कलाप वाले कर्मी की पदस्थापना हो।

## न्यूज बॉक्स

### मृतक चालक के परिजनों से मिले भाजपा एससी मोर्चा के अध्यक्ष

**बारियातू।** थाना अंतर्गत डाढ़ा पंचायत के डुमरा ग्राम निवासी हाइवा चालक रविन्द्र उरांव 35 की सड़क वाहन टक्कर दुर्घटना में मौत हो गई थी। घटना के बाद भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की। बीते मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड के सेरेगड़ा पंचायत के सवासार के ठीक सामने हाइवा और ट्रेलर के बीच टक्कर में हाइवा ड्राइवर रविन्द्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे ईलाज के दौरान मौत हो गई। इस दुख में संवेदना व्यक्त करते हुए भाजपा नेता सह अनुसूचित जाति मोर्चा लातेहार जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार पीड़ित परिवार के घर जाकर मृतक की पत्नी रीता देवी, पिता लालसहाया उरांव, बच्चे और घर के अन्य परिवारों से मिलकर सांत्वना दिया। भाजपा परिवार के तरफ से हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया गया। मृतक अपने पीछे पूरा भरा परिवार छोड़ गया। रविंद्र घर का एक कमाऊ सदस्य था। उनके तीन बच्चे हैं। जिसके लालन पालन के लिए परिवार की मुश्किलें बढ़ गई है। अमित कुमार ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी लाभ दिलाने की मांग की है। मौके पर बलजीत उरांव, बीरेंद्र उरांव, रीता देवी, अनीता देवी, सोहनती देवी, मनिता कुमारी, प्रेम उरांव रौशम उरांव, जागो देवी, मुनिता कुमारी सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### महीनों से आंगनबाड़ी केंद्र बंद ग्रामीणों में रोष,कार्रवाई की मांग



**कुंदा (चतरा)।** गांव में स्वास्थ सुविधाओं के प्रसार के साथ ही गर्भवती और धात्री महिलाओं समेत नन्हे बच्चों को उचित मार्गदर्शन देने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किए गए हैं। वहां से नन्हे बच्चों को शिक्षा के साथ ही कुपोषण मुक्ति का अभियान भी चलाया जाता है। लेकिन प्रखण्ड के कुंदा पंचायत के जग्रनाथपुर गांव( बैगा टोला) में आंगनबाड़ी केंद्र लगभग सात महीनो से बंद है। ग्रामीणों ने कहा कि आंगनबाड़ी सेविका नौनिहालों के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। केंद्र बंद रहने के कारण विरोध किया है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र लगभग सात महीना से सेविका ने नहीं खोली है। इसके साथ ही सेविका बच्चों को पोषाहार का लाभ भी समय से नहीं देती हैं। ग्रामीणों ने कहा कि बीच मे कभी कभार सिर्फ एक दिनों के लिए आती है और अपना काम कागजों पर पूरा कर चली जाती है। सीडीपीओ अजय कुमार ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र की जांच कराई जाएगी। सेविका और सहायिका पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** उपायुक्त सह दंडाधिकारी के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के बरवाडीह पंचायत भवन में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता बरवाडीह पंचायत के मुखिया संदीप कुमार सुमन द्वारा किया गया। संचालन बरवाडीह पंचायत सचिव मो.असलम ने किया। मौके पर बरवाडीह पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार, बरवाडीह पंचायत सेवक मो. असलम शामिल थे। ग्राम सभा में अबुआ आवास को लेकर ग्रामीणों को बरवाडीह पंचायत सचिव मो. असलम ने बताया कि अबुआ आवास वैसे लाभुकों को दिया जाएगा जिसका कच्चा मकान है। पक्का मकान एवं फोर व्हीलर वाहन वाले लाभुकों को नहीं दिया जाएगा। अगर जांच के क्रम में गलत पाए जाते है, तो वैसे लाभुकों के ऊपर कानूनी कार्रवाई भी किया जाएगा। बरवाडीह पंचायत में अबुआ आवास का कोटिवार लिस्ट जारी भी किया गया। एसटी व एससी का 55, ओबीसी 74, जेनरल 10, माइनॉरिटी 05कुल बरवाडीह पंचायत में 141 लिस्ट है। वही मौके पर उपस्थित बरवाडीह पंचायत के उप मुखिया संगीता देवी, वार्ड सदस्य गुड़िया कुमारी, बृजेश ठाकुर, उषा देवी, नूरी खातून, अंजू शर्मा, पुष्पा देवी आदित्य लाल,एवं सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

# महिला कॉलेज में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी, अभिभावकों ने अपने विचारों को रखा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** योध सिंह नामधारी महिला कॉलेज में शनिवार को शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन प्राचार्य डॉ. मोहिनी गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न विभाग की छात्राएं अपने अभिभावकों के साथ कॉलेज पहुंची। शिक्षकों ने अभिभावकों का स्वागत पौधा देकर किया। अभिभावक सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पूरे प्रमंडल में इस कॉलेज की अपनी एक अलग पहचान है। यहां की अच्छी बात यह है कि इस कॉलेज में यूनिफॉर्म अनिवार्य है, जो समानता का परिचायक है। राजीव रंजन पांडेय ने कहा कि उनकी एक बेटी यहां से अपनी पढ़ाई पूरी की है। दूसरी बेटी अभी पढ़ाई कर रही है। कॉलेज का माहौल बहुत अच्छा है। बेटियों के लिए इससे बेहतर दूसरा कोई कॉलेज नहीं है। एक अभिभावक ने अपना सुझाव दिया कि कॉलेज में व्यावसायिक शिक्षा की पहल होनी चाहिए। अर्जुन कुमार सिंह ने कहा कि कॉलेज की एक बहुत अच्छी बात है यह भी है कि जब भी कॉलेज में परीक्षा या अन्य कार्यों से कक्षा बाधित होती है, तो शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा स्टडी मैटेरियल ऑनलाइन माध्यम से और क्लास का वीडियो बनाकर भेजा जाता है, जिससे पढ़ाई बाधित नहीं होती है। बैठक में काफी संख्या में अभिभावक उपस्थित हुए थे। कई अभिभावकों ने एनसीसी, एनएसएस के भी काफी तारीफ की। मौके पर कॉलेज की शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित काफी संख्या में छात्राएं मौजूद थी।

# स्वास्थ्य विभाग व पीरामल फाउंडेशन का एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सदर अस्पताल सभागार में उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता व सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह के उपस्थिति में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल क्रियान्वयन हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लातेहार जिला के जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, के साथ सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, महिला एवं बाल विकास पदाधिकारी, पंचायतीराज पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस, सचिव नेहरू युवा केंद्र एवं कार्यक्रम प्रबंधक एनएसएस/ एनसीसी जिला लातेहार अंतर्गत के सभी ने इस जिला स्तरीय कार्यशाला में भाग लिया। सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह ने आगामी 10 से 25 अगस्त तक चलने वाली फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम में लक्षित लभार्थियो को शत प्रतिशत फाईलेरिया की दवा खिलाना सुनिश्चित करना है। सभी लोग अपने स्तर से आमजनों में जागरूकता के लिए काम करेंगे। जिला मलेरिया कैन्सल्टर सुनील कुमार सिंह ने फाईलेरिया रोग के बारे में बताया कि मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटे जाने से फाईलेरिया रोग से ग्रसीत हो जाते हैं। इस का लक्षण एवं प्रभाव पांच से सात वर्षों में दिखाई देता है। यह एक लाईलाज बीमारी है। जानकारी एवं जागरूकता से ही इस बीमारी से बचा जा सकता है। पीरामल फाउंडेशन सीडी टीम के कार्यक्रम प्रबंधक संजय कुमार गुप्ता ने पीपीटी के माध्यम से फाईलेरिया बीमारी के बारे में विस्तारपूर्वक उपस्थित प्रतिभागियों को जानकारी दी। साथ ही यह भी बताया कि झारखंड के सभी 24 जिलों में फाईलेरिया से प्रभावित हैं। फाईलेरिया रोग हाथीपाव के नाम से भी लोग जानते हैं। कार्यशाला में पीरामल फाउंडेशन एबीसी टीम के प्रोग्राम मैनेजर देबानजन बेनर्जी उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन

**गारू/लातेहार।** प्रखंड सभागार में शनिवार को जेएसएलपीएस द्वारा प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित जिला परिषद सदस्य जीरा देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा, प्रमुख सीता देवी, एसआई इंद्रदेव राम ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। मंच का संचालन आशीष कुमार गुप्ता ने किया। गरिमा केंद्र की दीदीयों ने केंद्र की उपलब्धियां और कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। जिला प्रबंधक सामाजिक विकास रोजालिया लकड़ा, डीएमएसएमआईबी ने बताया कि गरिमा केंद में 127 महिलाएं जो डायन बिसाही से प्रताड़ित थी सभी का समाधान और पीड़िता का काउंसिलिंग किया जा चुका है। साथ ही महिलाओं को रोजगार के लिये प्रेरित किया जा रहा है। महिला समिति से जुड़कर रोजगार की व्यवस्था कराई गई है। पीसीआई संस्था के प्रखंड समन्वयक ने उपस्थित महिला समूह कुछ दीदीयों को कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी की जिले में एमडीए/आईडीए कार्यक्रम (मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन) चलाया जा रहा है। इसकी शुरूआत 10 अगस्त से पूरे जिले में हो रही है, जो 25 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सभी को फाइलेरिया से बचाव के लिए एल्बेंडाजोल, डीईसी और आइवरमैक्टीन की दवा खिलाई जाएगी। इसके तहत प्रथम चरण में बूथ लेवल एक्टिविटी के माध्यम से दवा खिलाई जाएगी। बूथ लेवल एक्टिविटी सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, पीएचसी, सीएचसी में 10 अगस्त को संचालित होगी। इसके बाद 11 अगस्त से 25 अगस्त तक डीए घर-घर जाकर दवा का सेवन कराएगी। आमजन से स्वास्थ्य कर्मियों के सामने ही दवा सेवन करने की अपील। मौके पर बीपीएम गौरव कुमार नायक, सभी सीसी, आईपीआरपी, एसआई इंद्रदेव राम समेत सैकड़ों समूह की दीदी,गरिमा सखी आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी चतरा

**-: आम सूचना :-**

चतरा जिला के सभी पशुपालकों को सुचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश संख्या–15 रा0(विभाग),दिनांक–01.07.2024 के आलोक में जिला अन्तर्गत सभी प्रखण्डों के कुल 152 पंचायतों में प्रथम चरण में दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पशुपालकों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि को शिविर स्थल में अपने पशुओं के साथ आकर टैगिंग करालें तथा चिकित्सा, बध्यिाकरण, टीकाकरण, कृत्रिम गर्भाधान एवं स्वास्थ जाँच निःशुल्क करावें एवं योजना का लाभ उठावें। PASHUDHAN टैगिंग के बिना सरकार द्वारा किसी प्रकार का लाभ नही दिया जायेगा। शिविर का समय सुबह 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे निर्धारित है।

| क्रमांक | पंचायत का नाम | आयोजन स्थल का नाम | आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सक का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| प्रखण्डः– सिमरिया | | | | |
| 01 | पगार | सोहर/खपीया | 01.08.2024/02.08.2024 | डॉ0 अलोना संगम, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जोरी। |
| 02 | सबानो | सबानो/बारा | 05.08.2024/06.08.2024 | |
| 03 | जाँगी | जाँगी/चौराही | 07.08.2024/08.08.2024 | |
| 04 | सेरनदाग | सेरनदाग/पिपराडीह | 10.08.2024/12.08.2024 | |
| 05 | बगरा | बगरा/लूतीडीह | 13.08.2024/14.08.2024 | |
| 06 | जबरा | नवादा/जबरा | 16.08.2024/17.08.2024 | |
| 07 | कसारी | कसारी/केन्दू | 20.08.2024/21.08.2024 | |
| 08 | जीरवाखुर्द | सलगी/ऐरेगडा | 22.08.2024/23.08.2024 | |
| 09 | हुरनाली | हुरनाली/देवरिया | 24.08.2024/27.08.2024 | |
| 10 | पिरि | पिरि/तालसा | 28.08.2024/29.08.2024 | |
| 11 | ईचाक | ईचाक/ईद | 30.08.2024/03.09.2024 | |
| प्रखण्डः– हण्टरगंज | | | | |
| 12 | खुटीकेवाल खुर्द | खुटीकेवाल खुर्द/झिकटिया | 01.08.2024/02.08.2024 | डॉ0 मो0 रेहान अहमद रज़ा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, दंतार। |
| 13 | डूमरी कला | देवरीया/डूमरी कला | 05.08.2024/06.08.2024 | |
| 14 | चकला | डलकोमा/चकला | 07.08.2024/08.08.2024 | |
| 15 | लेंजवा | अकौना/लेंजवा | 10.08.2024/12.08.2024 | |
| 16 | गेरूवा | जवादोहर/गेरूवा | 13.08.2024/14.08.2024 | |
| 17 | डाहा | बिहिया/डाहा | 16.08.2024/17.08.2024 | |
| 18 | औरू | डटमी/डाहा | 20.08.2024/21.08.2024 | |
| 19 | बलुरी | बलुरी/नोनीया | 22.08.2024/23.08.2024 | |
| 20 | गेंजवा | ढोलिया/गेंजवा | 24.08.2024/27.08.2024 | |
| 21 | पाण्डेयपुरा खुर्द | पचमो/करमा | 28.08.2024/29.08.2024 | |
| 22 | उरैली | पुडरीकला/लरसर | 30.08.2024/03.09.2024 | |
| प्रखण्डः– प्रतापपुर | | | | |
| 23 | मोनिया | गोविया/जयपुर | 05.08.2024/06.08.2024 | डॉ0 कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर। |
| 24 | गजवा | ननईखुर्द/पांती | 07.08.2024/08.08.2024 | |
| 25 | योगिडीह | डुमरी/धुज्जी | 10.08.2024/12.08.2024 | |
| 26 | टण्डवा | असनाही/बरवाकोचवा | 13.08.2024/14.08.2024 | |
| 27 | चन्द्री गोविंदपुर | मढ़ अनंतपुर/बाधाकोला | 16.08.2024/17.08.2024 | |
| 28 | घोडदौड़ | दुल्लीबीघहा/करिद्वारा | 18.08.2024/20.08.2024 | |
| 29 | सिंजुआ | मैराग खुर्द/सलखुआ | 21.08.2024/22.08.2024 | |
| 30 | योगीयारा | लिदिक/कुकुरमन | 23.08.2024/24.08.2024 | |
| 31 | घोरीघाट | केसवा/घोरीघाट | 27.08.2024/28.08.2024 | |
| 32 | हुमाजांग | बंसी/भौराज | 29.08.2024/30.08.2024 | |
| 33 | भरही | मरका/तुम्बिया | 31.08.2024/02.09.2024 | |
| प्रखण्डः– टण्डवा | | | | |
| 34 | पोकला उर्फ कसियाडीह | घाघरा/कुमड़ागकला | 01.08.2024/03.08.2024 | डॉ0 पिंकी तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा। |
| 35 | कोयद | बरकुटे/कोयद | 05.08.2024/06.08.2024 | |
| 36 | सराढू | देवलगडा/सराढू | 07.08.2024/08.08.2024 | |
| 37 | गाड़ीलौंग | कामता /गाड़ीलौंग | 10.08.2024/12.08.2024 | |
| 38 | टण्डवा | टण्डवा/ | 13.08.2024/14.08.2024 | |
| 39 | राहम | सामीडीह उर्फ चिररूआ/राहम | 16.08.2024/17.08.2024 | |
| 40 | डहु | सिदपा/बानपुर | 20.08.2024/21.08.2024 | |
| 41 | बडगाँव | चिरलौंगा/कोरालरा | 22.08.2024/23.08.2024 | |
| 42 | कल्याणपुर | माण्डर/उतराठी | 24.08.2024/27.08.2024 | |
| 43 | किचटो | चैड़ा/बन्हे | 28.08.2024/29.08.2024 | |
| 44 | बहेरा | कनौदा/राजघर | 30.08.2024/03.09.2024 | |
| प्रखण्डः– पत्थलगडा | | | | |
| 45 | नोनगाँव | अनगडा खुर्द /लेम्बोईयाँ | 09.08.2024/11.08.2024 | डॉ0 पिंकी तिग्गा, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, टण्डवा। |
| 46 | मेराल | खेरा/जेहरा | 19.08.2024/25.08.2024 | |
| प्रखण्डः– कान्हाचट्टी | | | | |
| 47 | राजपूर | राजपूर/बुड़ीगढा | 03.08.2024/04.08.2024 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 48 | बेंगोकला | बेंगोकला/मनगढा | 05.08.2024/06.08.2024 | |
| 49 | बकचुम्बा | बकचुम्बा/जोरी | 16.08.2024/17.08.2024 | |
| 50 | जमरी बकसपूरा | जमरी बकसपूरा/पकरी | 18.08.2024/19.08.2024 | |
| 51 | चारू | चारू/राजाचक | 20.08.2024/23.08.2024 | |
| 52 | कोल्हैया | कोल्हैया/चेवटा | 24.08.2024/25.08.2024 | |
| 53 | कैण्डीनगर | कैण्डीनगर/मिसिरडीह | 26.08.2024/27.08.2024 | |
| प्रखण्डः– गिद्धौर | | | | |
| 54 | दवारी | तिलैया/दवारी | 09.08.2024/10.08.2024 | डॉ0 इन्द्रजीत कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, कान्हाचट्टी। |
| 55 | बारीसाखी | रूपीन/नयाखाप | 11.08.2024/12.08.2024 | |
| प्रखण्डः– ईटखोरी | | | | |
| 56 | सहरजाम | सहरजाम/बाघमुण्डी | 05.08.2024/06.08.2024 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 57 | परसोनी | कन्टाहीचक/कुरजुन | 07.08.2024/08.08.2024 | |
| 58 | करनी | बोंगा/करनी | 09.08.2024/10.08.2024 | |
| 59 | पीतिज | पीतिज/हुरनाली | 12.08.2024/13.08.2024 | |
| 60 | टोनाटाण्ड | नगवाँ/टोनाटाण्ड | 16.08.2024/17.08.2024 | |
| 61 | हलमता | हलमता/माधोपुर | 20.08.2024/21.08.2024 | |
| प्रखण्डः– मयुरहंड | | | | |
| 62 | मयूरहण्ड | परोरीया/मयुरहण्ड | 22.082024/23.08.2024 | डॉ0 नकुल कुमार मेहता, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, ईटखोरी। |
| 63 | पंदनी | पंदनी/मायापुर | 24.08.2024/27.08.2024 | |
| 64 | करमा | सेवाल/करमा | 28.08.2024/29.08.2024 | |
| 65 | मंझगावाँ | ढोढ़ी/तिलरा | 30.08.2024/31.08.2024 | |
| प्रखण्डः– चतरा | | | | |
| 66 | पाराडीह | कठौतिया/कोलाडीह | 02.08.2024/03.08.2024 | डॉ0 अंजु कुजूर, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चतरा। |
| 67 | सीमा | डोडा/हासबो | 05.08.2024/06.08.2024 | |
| 68 | देवरिया | संघरी/तपेज | 07.08.2024/08.08.2024 | |
| 69 | टीकर | चैनपुर/डाढा | 09.08.2024/10.08.2024 | |
| 70 | गोढाई | कसियाडीह/खाप | 12.08.2024/13.08.2024 | |
| 71 | डाढ़ा | डाढा/पकरिया | 14.08.2024/16.08.2024 | |
| 72 | सिकिद | बाडीसलम/डहुरी | 21.08.2024/22.08.2024 | |
| 73 | बरैनी | बरैनी/नवादा | 23.08.2024/24.08.2024 | |
| 74 | ब्रहमणा | भांग/घूरणाडीह | 27.08.2024/28.08.2024 | |
| 75 | मोकतमा | डहुरा/देवरिया | 29.08.2024/30.08.2024 | |
| प्रखण्डः– कुन्दा | | | | |
| 76 | नवादा | पिंजा/सलगी | 02.08.2024/03.08.2024 | डॉ0 कुमार सौरभ, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, प्रतापपुर। |

PR 330963 Animal Husbandry(24-25).D

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
चतरा


# कांवरियों का जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरवाडीह।** सावन माह की शुरूआत होते ही बाबा नगरी देवघर में बाबा भोले नाथ पर जलाभिषेक करने की सिलसिला शुरू हो जाती है। इसी क्रम में शनिवार को प्रखंड मुख्यालय से बाबा नगरी देवघर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक के लिए कांवरियों की एक टीम पंचमुखी शिव मंदिर में पंडित राकेश मिश्रा द्वारा पूजा-अर्चना कर शिव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर कांवरिया संघ के बैनर एक दर्जन से अधिक कांवरियों का पहला जत्था बोल बम के नारों के साथ बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। बाबा नगरी देवघर रवाना से पूर्व सभी कांवरियों ने पहाड़ी शिव मंदिर में भी पूजा अर्चना किया। वहीं बाबा नगरी देवघर जाने वाले पहले जत्थे में मुकेश कुमार, अजय ठाकुर, नंदलाल मेहता, बिहारी ठाकुर, अजय सिंहा, दीपक कुमार, गौतम बाबा, रवि छाबड़ा, बाबूलाल विश्वकर्मा, अखिलेश सिंह, शंकर कुमार समेत अन्य कांवरिया शामिल थे।

# पुरातत्व विभाग की टीम ने किया कुंदा किला का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण रांची मंडल की एक टीम पर्यटक स्थल महादेव मठ पहुंची। इस क्रम में पुरातत्व विभाग की टीम ने मठ का निरीक्षण किया। पुरातत्व सहायक सर्वेक्षण विभाग की टीम पदाधिकारी नीरज मिश्रा के नेतृत्व में आई थी। इनके टीम में अजहर साबिर, अमीन रामलखन बड़ई शामिल थे ।टीम के सदस्यों ने सर्वप्रथम कुंदा प्रखंड के किला,पर्यटक स्थल महादेव मठ,सूर्य कुंड का निरीक्षण किया ।अधीक्षण पुरातात्विकविद ने बताया कि 16 वीं सदी का बना किला देख रेख के अभाव में खंडहर होता जा रहा है। इनके अवशेष को बचाने की जरूरत है। यह कुंदा की पहचान है किला। मौके पर मुखिया मनोज कुमार साहू, मदन प्रसाद गुप्ता,पारस महतो,जितेंद्र शौण्डिक,पण्डित दीनदयाल जी महाराज उपस्थित थे।

## एक नजर

### घायल किशोर की इलाज के दौरान मौत



**सेन्हा-लोहरदगा।** मारपीट घटना के उपरांत इलाज के दौरान बच्चे की मौत पर परिजनों ने रोष प्रकट करते हुए पांच घंटा तक सेन्हा में एन एच 143 ए पथ पर लोहरदगा गुमला मुख्य पथ को जाम किया। सूचना पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की, सर्कल इंस्पेक्टर सच्चिदानंद साहू दल बल के साथ जाम स्थल पहुंच पथ जाम कर्ताओ से जायजा लिया. मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने तथा मुआवजा दिलाने का मांग रखा गया।जाम कताओं ने पीड़ित परिवार को मुआवजा तथा एक सदस्य को नौकरी और घटित घटना मामला में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध कारवाई का मांग किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद जाम हटा। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में बीते 18 जुलाई को मोहर्रम पर्व के अवसर पर मेला का आयोजन

### आह्वान यात्रा को लेकर आजसू पार्टी ने की बैठक

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी की आह्वान यात्रा के तहत सदर प्रखंड लोहरदगा के अरकोसा गांव में बैठक हुई। बैठक में केंद्रीय महासचिव सह विधानसभा प्रभारी श्रीमती नीरू शांति भगत ने कहा की चूल्हा प्रमुख बनाने का कार्य आप शीघ्रता से करें ताकि आम जनता की समस्याओं का निदान करने में हम लोग सकारात्मक भूमिका निभा सके। संगठन को भी मजबूत कर पाएंगे। आने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार जीत दर्ज करनी है। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य जिला संयोजक कवलजीत सिंह ,महिला मोर्चा की प्रखंड सचिव हेमंती देवी, लालू ऊरांव, विजय कुमार, लक्ष्मण उरांव, अंगद महतो,सुरेंद्र उरांव, सुजीत उरांव, सुबोध कुमार महतो, बिजेंदर उरांव सहित अन्य कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद थे।

### नाबालिग लड़के ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया प्रखंड मुख्यालय निवासी नारायण लोहरा के 13 वर्षीय पुत्र आर्यन लोहरा ने अपने ही घर में गमछा के सहारे फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली मिली जानकारी के अनुसार घटना शनिवार दोपहर लगभग 12 बजे कि हैं परिजनों के अनुसार आर्यन संत जोसफ विद्यालय कोनबीर नवाटोली के आठवीं कक्षा का छात्र था। परिजनों ने बताया कि आर्यन स्कूल से लौटा और अपने कपड़े बदलने के लिए कमरे में घुसा जहां उसने तौलियां के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।आनन फानन में उसे उतार कर रेफरल अस्पताल बसिया लाया गया जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि अस्पताल से जब थाना प्रभारी को उक्त मामले कि जानकारी दी गई तो उन्होंने साफ शब्दो में अपनी जवाबदेही से बचने के लिए कहां की मृतक के परिजन को थाना भेज कर केस करने बोल दीजिए।

उपायुक्त की अध्यक्षता में स्थापना सह अनुकंपा समिति की हुई बैठक, कहा

# किसी प्रकार की लापरवाही और कोताही स्वीकार योग्य नहीं



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्थापना सह अनुकंपा समिति की बैठक संपन्न हुआ। उक्त बैठक में विभिन्न विषयों पर बिंदुवार चर्चा हुई एवं गुमला उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सामान्य अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्राप्त 4 में से 3 आवेदनों को अनुमोदित किया गया है। एवं दो मामलों में विलम्ब होने को देखते हुए उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित विभागों के संबंध कर्मियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण की मांग की। उपायुक्त गुमला ने कहा कि सामान्य अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के मामलों पर किसी प्रकार की लापरवाही और कोताही स्वीकार योग्य नहीं है, योग्य नागरिकों को उनके अधिकार के लिए बार-बार कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े, इसके लिए अधिकारी एवं संबंधित कर्मी इसका ध्यान रखे। उग्रवादी हिंसा से संबंधित अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति हेतु 6 आवेदनों में से 5 मामलों पर स्वीकृति प्रदान की गई एवं एक मामले में भाई के द्वारा आवेदन दिया गया था।

जिसके जगह पत्नी के आवेदन की मांग की गई है। इस दौरान उच्च वर्गीय लिपिक के वेतनमान में वृद्धि करने के संबंध में प्राप्त प्रस्ताव पर पुनः विचार करने का निर्देश दिया गया।

विभिन्न संवर्ग के कर्मियों के स्थानांतरण /पदस्थापन हेतु प्राप्त 10 आवेदनों पर स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं 2 अनुसेवकों के स्थानांतरण हेतु प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

इसका अलावा मुख्यालय एवं एसपीएमयू में बाह्य स्रोत से कार्य करने वाले कर्मियों के संतोष जनक कार्य करने हेतु 5% वेतन में वृद्धि हेतु उपायुक्त के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है , जिसके तहत जिले स्क्रीनिंग समिति द्वारा अपने अधिनस्त कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर का हिंदी टंकण जांच करते हुए सेटिसफैक्ट्री परफॉर्मेंस नियंत्रण पदाधिकारी के अनुशंसा सहित जिला स्थापना शाखा को उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। उक्त के जिला शिक्षा स्थापना एवं अनुकंपा समिति की भी बैठक हुई, जिसमें शिक्षा विभाग अन्तर्गत विभिन्न मामलों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश उपायुक्त के द्वारा दिया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त गुमला, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर,डीआरडीए निदेशक, डीएसपी गुमला, जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, डीपीआरओ (पंचायत) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

# यातायात नियमों का करें पालन : अरबिंद कुमार



**कहा, वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग कर ही सड़क पर चलें**

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने शनिवार को रांची लोहरदगा मुख्य पथ के चट्टी पिकेट पर सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरूक किया। वहीं थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह ने वाहन चालकों एवं स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन एवं सड़क सुरक्षा सब की व्यक्तिगत जिम्मेवारी है।

उन्होंने वाहन चालकों को बिना हेलमेट गाड़ी न चलाने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, ट्रिपल लोड वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति से वाहन न चलाने का आग्रह किया। कहा कि ट्रैफिक रूल्स का पालन करने से 80 फीसदी तक सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकती है। कहा कि सड़क पर चलने वाले सभी लोग यदि यातायात नियमों का सख्ती से पालन करें तो सड़क दुर्घटनाएं शून्य हो जाएगी। उन्होंने सभी से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि सड़क पर वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग कर ही सड़क पर चलें मौके पर थाना प्रभारी के अलावा अन्य पदाधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### सीआरपीएफ ने मनाया 86वां स्थापना दिवस, कमांडेंट ने दी शुभकामनाएं



**लोहरदगा।** सीआरपीएफ 158 बटालियन लोहरदगा मुख्यालय में शनिवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 86 वां स्थापना दिवस मनाया गया। कमांडेंट राहुल कुमार ने मणिपुर में तैनात जवानों को इस दिन की महत्ता के बारें में बताया तथा जवानों एवं उनके परिवारजनो को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 86 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाए दीं। सुमित कुमार, उप कमाण्डेन्ट द्वारा क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड से सलामी ली गई। सलामी लेने के पश्चात उप कमाण्डेन्ट ने भी उपस्थित सभी अधिकारियों / जवानों एवं उनके परिवारजनों को 86 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। राहुल कुमार कमाण्डेन्ट ने मणिपुर में तैनात जवानों तथा सुमित कुमार, उप कमाण्डेन्ट ने लोहरदगा स्थित मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बताया कि इस बल की स्थापना दिनांक 27/07/1939 को नीमच में क्राउन रिप्रजेंटेटिव पुलिस के नाम से हुई थी, जिसे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के रूप में परिवर्तित कर दिया गया। साथ ही कमाण्डेन्ट ने जवानों अधिकारियों को बल के अतीत को याद करते हुए बल के गौरवशाली इतिहास व उपलब्धियों के बारे में भी अवगत कराया व सभी से अच्छा कार्य करते हुए बल की गरिमा को बनाए रखने हेतु आग्रह किया। इसी क्रम में पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु बटालियन मुख्यालय में पौधरोपण का भी आयोजन किया गया।

### युवाओं की पार्टी है आजसू : नीरू शांति




**लोहरदगा।** आजसू प्रधान कार्यालय में सैकड़ो की संख्या में युवाओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा। कार्यक्रम में आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने सभी का स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी युवाओं की पार्टी है और आज युवाओं का सैलाब लोहरदगा में आजसू की ओर है। इस बार के विधानसभा चुनाव में पार्टी जीत दर्ज करेगी। जिला संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा कि आप ही की तरह कमल किशोर भगत की उम्र जब 16 वर्ष की थी तो उन्होंने आजसू पार्टी के गठन के पश्चात सक्रिय भूमिका झारखंड अलग कराने में निभाई थी। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा कि आप के आने से संगठन मजबूत हुआ है। आप पार्टी के सिपाही हैं। महिला मोर्चा के अध्यक्ष अनीता साहू ने कहा इसी तरह महिलाओं हुजुम भी आजसू पार्टी में जुड़ने को तैयार है। मौके पर दिलीप कुमार साहू, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा ,विनोद सिंह, राजू गुप्ता, आयुष मेहता, आकाश मेहता, विजय कुमार, विक्रम कुमार, पवन प्रजापति, राणा शुभम उपस्थित थे।

### स्कूटी में घुसा सांप, मशक्कत के बाद संपेरे ने निकाला

**भंडरा।** वाहन पर सवार होने से पहले उसे चेक कर ले कि कहीं आपकी कार या बाइक में कोई सांप तो नहीं घुस गया है.भंडरा के सेमरा से ऐसा ही एक मामला शनिवार को सामने आया है।जहाँ स्कूटी में सांप छुपकर बैठा था और उसे गाड़ी से निकालने में लगभग 3 घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। मामला प्रखंड के गडरपो पंचायत के सेमरा गांव में देखने मिला, जहां एक स्कूटी के अंदर सांप घुस गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गांव के ग्रामीण भुनेश्वरी देवी जब घर मे खड़ी स्कूटी निकले पहुचे तो स्कूटी मे सांप देख डर गये। और हल्ला करने लगे शोर सुन लोगो की भीड़ पहुंची तो लोग स्कूटी पर सांप देखकर हक्के बक्के रह गए। स्कूटी के अंदर सांप घुसकर आराम फरमा रहा था। सांप के स्कूटी में घुस जाने की सूचना पर गडरपो पंचायत के ही पोडहा गांव निवासी सपेरा तपेसर लोहरा मौके पर सांप पकड़ने पहुंच गया। सांप नीचे से स्कूटी के अंदर के पार्ट्स में घुस गया था।सपेरा तपेसर ने बड़ी मशकत के बाद सांप को स्कूटी से बाहर निकाल लिया और बाद में सांप को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। तीन घंटे के बाद सपेरा के आने के बाद ही सांप को निकाला गया।

### पिता ने कुदाल से काटकर बेटी की हत्या की

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित पतगच्छा कतरी ग्राम के कलयुगी दानव पिता सूरज लोहार ने अपने ही मात्र 9 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी को कुदाल से काटकर कुंआ में फेंक दिया और उक्त हत्याकांड की जानकारी अपने परिवार और परिजनों को अपने मोबाइल से दी। गुमला सदर थाना स्थित पतगच्छा कतरी ग्राम निवासी नशेड़ी पिता सरजू लोहारा ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुयें बताया की ,उसकी पत्नी मुंबई में काम करती हैं और वहीं रहतीं और मैं अकेला अपनी 9 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी, जो शारीरिक रूप से लाचार थी और अपाहिज ( विकलांग ) और मंदबुद्धि की थी जिसकी परवरिश करने में अपनेआप को असमर्थता जाहिर करते हुए , नशेड़ी पिता सूरज लोहार ने शुक्रवार की रात्रि लगभग 8:00 बजे अपनी पुत्री को , पहले कुदाल से काटकर उसकी निर्मम हत्या कर दी, और फिर भी , उसको पूर्ण संतुष्टि नहीं मिली तो, उक्त दानव हत्यारे पिता सरजू लोहार ने उक्त मृतक पड़ी काजल कुमारी के उक्त शव को उठाकर , गांव के मंडल महतो के कुंआ में लेजाकर उक्त शव को डाल दिया। उक्त निर्मम हत्याकांड को अपने हाथों से अंजाम देने के बाद , उक्त निर्मम हत्या की सूचना अपने मोबाइल से अपने परिवार और परिजनों को दी, बाद उक्त घटना की जानकारी मिलते ही पतगच्छा - कतरी पुलिस पिकेट के प्रभारी मनोरंजन शर्मा एवं एस. आई. विवेक कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, अपने दलबल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन और पुछताछ शुरू करते हुवे, उक्त दानव कलयुगी हत्यारे पिता को विधिवत गिरफ़्तार करते हैं। उक्त मासूम 9 वर्षीय मृत बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर, पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया और आज पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।

### सड़क हादसे में घटनास्थल पर ही हुई एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो थाना के राष्ट्रीय उच्च पद 23 स्थित कुसुम्बाहा मोड़ बाजार के समक्ष कुसुम्बाहा मोड़ निवासी गोवर्धन उरांव अपने घर के पास सड़क पर करते वक्त सिसई के तरफ से रांची के तरफ जा रहे हैं स्कॉर्पियो कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतना जोरदार था की गोवर्धन उरांव की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, उक्त स्कॉर्पियो कर का नंबर प्लेट सड़क पर गिर गया और उक्त नंबर प्लेट के कारण उक्त स्कॉर्पियो कार को बेड़ों पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त स्कॉर्पियो कार को पकड़ने में सफल हो गई , उक्त घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घटनास्थल पर मृतक गोवर्धन उरांव के शव को सड़क में रखकर सड़क जाम कर दिया गया घंटों नेशनल हाईवे 23 सड़क जाम होने के कारण दोनों तरफ वाहनों की लाइन लग गई।

## मुखिया और कर्मियों के साथ बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी ने संयुक्त रूप से की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड विकास कार्यालय के सभागार में शनिवार को अवैध खनन रोकने को लेकर मुखिया, चौकीदार के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने संयुक्त रूप से बैठक किया। बैठक में अंचल अधिकारी आशीष कुमार मंडल ने सभी मुखिया और पंचायत कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने गांव पंचायत में अगर किसी भी तरह के अवैध खनन ( पत्थर तोड़ना या अवैध बालू के उठाव ) हो रही हो तो उसकी सूचना अंचल को दे।ताकि अवैध खनन माफियाओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही चौकीदार और राजस्व कर्मी को भी निर्देश देते हुए कहा कि अपने बीट क्षेत्र में पड़ने वाले किसी भी तरह के अवैध खनन की सूचना मिले तो अंचल कार्यालय को दे । ताकि उस पर रोक लगाया जा सके। अवैध खनन अवैध बालू उठाव को लेकर पूरी तरह छापेमारी की जाएगी। निश्चित तौर पर इस कार्य में संलिप्त लोगों के खिलाफ चिन्हित कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी तरुण कुमार, मुखिया, पंचायत कर्मी राजस्व कर्मी ,चौकीदार सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# लोहरदगा में थायरोकेयर के ब्रांच न्यू रांची पैथोलॉजी का भव्य उद्घाटन




**अगले पांच दिनों तक यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, हीमोग्लोबिन की जांच बिल्कुल मुफ्त**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

स्थानीय वीर शिवाजी चौक के समीप थायरोकेयर के ब्रांच न्यू रांची पैथोलॉजी सेंटर का उद्घाटन डॉ गणेश प्रसाद ने फीता काटकर किया गया। उदघाटन के मौके पर अतिथियों ने इस सेंटर के उज्वल भविष्य की कामना किया। लोहरदगा में थायरोकेयर का ब्रांच न्यू रांची पैथोलॉजी खुलने से मरीजो को सुविधा उपलब्ध होगी। यहाँ पर दूर दराज के ग्रामीण मरीजो को उचित मूल्य पर सभी तरह की खून जांच किया जाएगा। संचालक अनिकेत रंजन और आशीष अग्रवाल ने बताया कि इस पैथोलॉजी सेंटर में लिवर, किडनी, थायराइड, सीबीसी, मलेरिया, टाइफाइड, शुगर समेत सभी प्रकार की जांच आधुनिक संयंत्रों के माध्यम से की जाएगी। बताया गया कि हर रविवार को यहाँ पर जांच कराने पर मरीजो को 40 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। वही अगले पांच दिनों तक यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, हीमोग्लोबिन का जांच बिल्कुल मुफ्त किया जाएगा। उदघाटन के मौके पर मुख्य अतिथि डॉ गणेश प्रसाद, डॉ कुमुद अग्रवाल, समाजसेवी दीपक सर्राफ, कुंदन केशरी, नूर कलाम, सुनील नायक, सचिन प्रसाद, अनिकेत रंजन, आशीष अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा, जयराम प्रपरनाचार्य जी महाराज की पुण्यतिथि का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

झारखंड , छत्तीसगढ , उडिसा , राज्यों के यशस्वी सन्त देवराहा बाबा के गुरू भाई ब्रह्मलीन रामरेखा बाबा जयराम प्रपरनाचार्य जी महराज की पुण्य तिथि 28,29,30 जुलाई को रामरेखा धाम मे मनाया जा रहा है। 28 को अधिवास 29 को अखण्ड नाम प्रारम्भ 30 को विशाल भंडारा का अयोजित है। इस पुनीत अवसर पर समस्त सनातनी हिंदू धर्मावलंबी भक्तों को प्रसाद ग्रहण के लिए रामरेखा धाम समिति आमन्त्रित करता है। ब्रह्मलीन बाबा इस बिहड जंगल पहाडो के बीच 1928 मे उसका आना हुआ था। उस समय उक्त क्षेत्रों में न आने जाने का सुविधा था और ना ही रहने की व्यवस्था, फलस्वरूप



ब्रह्मलीन देवरहा बाबा जयराम प्रपरनाचार्य जी महाराज



वर्तमान अध्यक्ष अखंड दास जी महराज

उन्होंने रामरेखा क्षेत्र के उक्त पहाड की गुफा मे रहकर आसपास के गांवो मे धर्म जागरण का अलख जगाया और जय श्री राम का शंखनाद किया , फलस्वरुप देखते ही देखते उन्होंने सैकडो धर्म जागरण शाखाओं और उक्त केन्द्रों की स्थापना कर डाला , जो आज भी सनातनी हिन्दू धर्मलंबियों के लिए जन जागरण का कार्य कर रहे है। रामरेखा बाबा जयराम प्रपरनाचार्य जी महाराज अपने तप , त्याग के वल पर रामरेखा धाम को एक देवभूमि स्थल बना डाला और उन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर अपनी जगह बनाई , जिसके फलस्वरूप उन्हे रामानुज सम्प्रदाय का अध्यक्ष पद पर शुशोभित किया गया , जो अंतिम सांस और अन्तिम देह त्यागने तक बने रहे।

## कुडुख भाषा विषय के पद सृजन में गड़बड़ी की शिकायत

**नवीन मेल संवाहददाता। कुडू - लोहरदगा**

परम्पाकि स्वशासन पड़हा व्यवस्था, राजी पड़हा प्रार्थना सभा, आदिवासी छात्र संघ, केंद्रीय सरना आदि आदिवासी समिति के सदस्यों ने कुडुख भाषा विषय के पद सृजन में भारी गड़बड़ी को लेकर लोहरदगा उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को ज्ञापन सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में लिखा है कि बिते 17 मई के अन्तर्गत जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा हेतु विद्यालयों का चयन से सबंधित अपति के सबंध मे विद्यालय में नामांकित कुडुख (उराँव) की संख्या को गलत तरीके से नागपुरी में शामिल कर पद सृजित किया गया है। कुडुख (उरांव) भाषा को विलुप्त करने में सादरी बोली का मुख्य भूमिका रहा है ऊपर से प्राथमिक, मध्य विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा कुँडुख बच्चों की विद्यालय में नामांकित संख्या अधिक होने के बावजूद गलत तरीके से नागपुरी का पद सृजित किया गया है। यह कुडुख भाषा का प्रोतसाहन नहीं बल्कि मिटाने का कार्य हो रहा है। ज्ञापन सौंपने वालों में पारम्परिक स्वसाशन पढ़हा व्यवस्था लोहरदगा के बेल विजय उरांव, दीवान संजीव भगत, उपदीवान जतरू उरांव, पढ़हा सरकार रांची के संरक्षक जागरे उरांव, आदिवासी छात्र संघ लोहरदगा जिला के अध्यक्ष अवधेश उरांव, उपाध्यक्ष महादेव उरांव, कुडू प्रखंड अध्यक्ष अमित उरांव, अनिल उरांव, रविंद्र उरांव, आस्तिक लकड़ा, लखन भगत आदि शामिल हैं।

# अनुसंधानकर्ता का अनुसंधान ही केस की दिशा तय करता है : पीडीजे

**अनुसंधानकर्ता खुद को कभी छोटा नहीं समझें, न्यायालय उनके द्वारा कही गई बात को गंभीरता से लेती है**

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झालसा रांची के निदेशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार लोहरदगा के मार्गदर्शन में दिन शनिवार को सिविल कोर्ट परिसर स्थित सभागार में एक दिवसीय मल्टी स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में लोहरदगा जिले में प्रतिनियुक्त विभिन्न थानो से आए पुलिस अधिकारी, बाल कल्याण समिति के सदस्य, एलएडीसीएस के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्ता, एनजीओ प्रतिनिधि एवं अर्ध न्यायिक स्वयंसेवकों ने हिस्सा




लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे सह अध्यक्ष डालसा अरविंद कुमार पांडेय, फैमली जज श्री सुभाष, पोक्सो स्पेशल जज अखिलेश कुमार तिवारी, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार, वरिष्ठ सिविल जज अर्चना कुमारी एवं जया स्मिता तिर्की द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया । उद्घाटन भाषण में डालसा अध्यक्ष सह पीडीजे ने डीएलएसए के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी और प्रतिभागियों को कार्यशाला से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने का आह्वान किया। डालसा अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि अनुसंधानकर्ता खुद को कभी छोटा नहीं समझे, न्यायालय उनके द्वारा कही गयी बात को गंभीरता से लेती है। कार्यक्रम में प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट, अखिलेश कुमार तिवारी ने पोक्सो एक्ट के विभिन्न पहलुओं से लोगों को अवगत कराया और कहा कि पोक्सो कानून के द्वारा बच्चियों के विरुद्ध किए जा रहे यौन दुर्व्यवहार को सफलतापूर्वक रोका जा रहा है। क्योंकि इसमें दोषी को कठोरतम सजा का प्रावधान किया गया है और यौन अपराध से संबंधित मामलों को न्यायालय प्राथमिक स्तर पर तीव्र गति से निपटारा करती है । उन्होंने प्रतिभागियों को पोक्सो एक्ट के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी।

## खेल के साथ पढ़ाई पर भी विशेष फोकस करें : उर्मिला



**नवीन मेल संवाददाता। जारी**

प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय उत्क्र प्लस टू उच्च विद्यालय जारी में खेलो झारखंड के तहत वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आरम्भ रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम के बीच हुआ। बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख उर्मिला केरकेट्टा ने दीप प्रज्वलित कर खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। मौके पर उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह का आयोजन प्रखंड क्षेत्र के सभी स्कूलो मे होना चाहिए। इससे बच्चो मे विद्यालय आने की रुचि बढेगी। उन्होंने छात्रों से यह भी कहा कि खेल को खेल भावना से खेलें और मनोबल हमेशा उंचा रखें । खेल के साथ पढाई पर भी विशेष फोकस करें। खेल से शारीरक व मानसिक विकास होता है । हार जीत होती रहती है । हारने वाली टीम निराश न हों ,बल्कि और अच्छा खेलने के लिए प्रयास करें। उधर उदघाटन मौके पर वॉलीबाल मैच शुरू हुआ। मौके पर एचएम रोशन बखला,विक्टोरिया एक्का,जोसेफा टोप्पो,कान्ता ग्रेस जोजवार ,अन्जू रेणु खेस, राजीव रंजन मिंज,बसन्ती केरकेट्टा,राजेन कुजूर,तस्लीम रजा,दीपशिखा बाखला,रोशन एक्का सरोज तिर्की,अशोक केरकेट्टा सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पहचान

# प्रभात का सूर्यास्त नहीं हो सकता

**मनुष्य** जब अस्तित्व में आता है, तो उसकी प्रारंभिक पहचान उसकी देह से होती है। सामान्य व्यक्ति इसी देह के साथ ही एक दिन समाप्त भी हो जाता है। लेकिन समाज में कुछ ऐसे लोग भी जन्म लेते हैं, जिन्हें उनकी देह से नहीं दैदीव्यता से पहचाना जाता है। ऐसे ही मनुष्य को असाधारण, विलक्षण, प्रखर, प्रतापी, विचारवान, दयावान, निर्णायक, परिश्रमी जैसे शब्दों से अलंकृत किया जाता है। आदरणीय प्रभात झा जी के जीवन काल को हम देखें तो ध्यान में आता है कि



लोकेन्द्र पाराशर

उन्होंने सब बातों की चिंता करते हुए यदि किसी एक चीज की चिंता नहीं की तो, वह उनकी देह ही थी। देह से पूर्णतः विरक्त रहकर रक्त-रक्त को परिश्रम की पराकाष्ठा में लगा देना ही प्रभात जी की पहचान थी। बिहार से चलकर मुंबई और ग्वालियर आगमन की यात्रा को जिन लोगों ने देखा, उन्होंने प्रभात जी को एक अभाव में पलने वाले प्रभाव के रूप में ही देखा। मेरा उनका परिचय 1984 में उस समय हुआ जब माननीय अटल जी ग्वालियर से श्री माधवराव सिंधिया जी के विरुद्ध चुनाव मैदान में थे। एक सभा के मंच के समीप ही उन्होंने मुझे पूछा मुझे जानते हो? मैंने कहा नहीं तो...। वे मुझे पास की दुकान में मौसम्बी रस पिलाने ले गए, वहीं पूरा परिचय दिया। मैं भौंचक्का था, कारण का उल्लेख करना समचीनी नहीं है, बस इतना समझ लीजिए कि मैं उनके नाम को लेकर दुराग्रही था। लेकिन उस पहले परिचय के बाद उन्होंने जिस आत्मीयता के साथ मुझे भाजपा के संभागीय कार्यालय मुखर्जी भवन में आवास उपलब्ध कराने से लेकर पढ़ाई-लिखाई तक की चिंता की, उसने तो मुझे अंदर तक ग्लानि से भर दिया। मैं क्या सोचता था और वो क्या निकले। समय बीतता गया और बताता गया कि प्रभात जी यानि परिश्रम, प्रभात जी यानि पकड़, प्रभात जी यानि स्मरण शक्ति, प्रभात जी यानि वैचारिक स्पष्टता, प्रभात जी यानि प्रखरता और प्रभात जी यानि अपार संभावना का रास्ता। हुआ भी यही। प्रभात जी के साथ स्वदेश में कार्य करने का कुछ वर्ष अनुभव रहा। सारा आभा मंडल प्रभात जी के इर्दगिर्द ही डोलता था। एक समय था जब स्वदेश यानि प्रभात जी थे और प्रभात जी यानि स्वदेश था। रामजन्म भूमि आन्दोलन में मैंने उनकी पत्रकारिता और प्रतिबद्धता को बहुत गहरे से देखा। ग्वालियर का ऐसा कोई गली मोहल्ला नहीं था, जिसके किसी न किसी परिवार से प्रभात जी का टिफिन न आता हो। लोग पूछते थे प्रभात जी का परिवार नहीं है क्या दरअसल उनका परिवार भी था। भाभी को वर्षों तक समझ ही नहीं आया कि पति मिला है या संन्यासी। खैर! जीवछ और बऊआ नामक बेटों के आने के बाद भी कभी किसी ने यह नहीं देखा कि प्रभात जी पण्डित जी (वे भाभी को पण्डित जी ही कहते थे) के साथ बाजार गए हैं या बेटों को किसी उद्यान की सैर करा रहे हैं। कुल मिलाकर परिवार की जिम्मेदारी से विरक्त रहकर उन्होंने अपनी यात्रा को समष्टि के लिए इस कदर आगे बढ़ाया कि विचार ने उन्हें भाजपा मध्यप्रदेश का पहला मीडिया प्रभारी बनाया। बाद में वे राष्ट्रीय पदाधिकारी, सांसद और प्रदेश अध्यक्ष भी बने। **(लेखक भाजपा मप्र के प्रदेश मंत्री हैं।)**


# वह 28 जुलाई, जब फिरंगियों से उन्नाव के क्रांतिकारियों का शुरू हुआ था युद्ध

**स्वाधीनता संग्राम**

वर्ष 1857 का प्रथम स्वाधीनता संग्राम सभी को याद ही है। इस संग्राम में उन्नाव के रणबांकुरों ने अंग्रेजी फौजों से जम कर युद्ध किया था। उन्नाव की वीर भूमि पर सेनानियों ने कई बार फिरंगियों को पीछे धकेला। इसी का नतीजा था कि कानपुर में नाना राव पेशवा सरकार का पतन करके आगे बढ़ाने वाले जनरल हैवलॉक को दो बार कदम पीछे हटाने पड़े। कानपुर और बिठूर जीतने के बाद हैवलॉक जनरल नील को कानपुर की जिम्मेदारी देकर क्रांतिकारियों की कैद से अंग्रेज सैनिकों और उनके परिजनों को छुड़ाने के लिए गंगा पार करके लखनऊ की ओर बढ़ा। 28 जुलाई को गंगापार करके वह मगरवारा पहुंचा। मगरवारा के घर-घर में क्रांति की ज्वाला धड़क रही थी। फिरंगियों को धूल चटाने के लिए हर घर में छिद्र बनाए गए थे ताकि बंदूक और टॉप से लैस फिरंगियों को आगे बढ़ने से रोका जाए।


गौरव अवस्थी

विफल होने के बाद जनरल हैवलॉक 29 जुलाई को उन्नाव की ओर बढ़ा लेकिन क्रांतिकारियों ने घेरा डाल दिया। क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी सेनाओं का डटकर सामना किया। क्रांतिकारी सेना की कई देसी तोपें दलदल में फंस गईं। उन्नाव के उस युद्ध में क्रांतिकारियों की 15 तोपें टूट कर बेकार हो गईं। हैवलॉक ने इन तोपों को हथिया लिया। उस समर में 300 क्रांतिकारी शहीद हुए। उन्नाव के युद्ध में क्रांतिकारियों को विफल करने के बाद हैवलॉक बशीरतगंज की तरफ बढ़ा। बशीरतगंज तब ऊंची दीवारों से गिरा एक शहर था। यहां क्रांतिकारी और अंग्रेजी सेनाओं के बीच तीन बार भीषण युद्ध हुए। फिरंगी सेनाओं को दो बार क्रांतिकारियों ने खदेड़ दिया। बशीरतगंज के प्रथम युद्ध में जनरल हैवलॉक की 1/6 सेना नष्ट हो गई थी। उसकी सेना के 88 लोग मारे गए। उसने कानपुर में



जनरल नील से सैनिक सहायता मांगी लेकिन खुद क्रांतिकारियों से घिरा होने के कारण उसने असमर्थता जता दी। इसके चलते हैवलॉक अपने कदम पीछे हटाकर फिर मगरवारा पहुंच गया।

सैनिक सहायता मिलने के बाद चार अगस्त को हैवलॉक फिर लखनऊ की ओर आगे बढ़ा और बशीरतगंज में क्रांतिकारियों से दूसरा युद्ध हुआ। इस युद्ध में क्रांतिकारियों के साथ अनेक तालुकदार और जमींदार की सेनाएं भी शामिल हुईं थीं। दूसरे युद्ध में 25 अंग्रेज अफसर मारे गए और करीब ढाई सौ क्रांतिकारी शहीद हुए। बशीरतगंज के इस द्वितीय युद्ध के बारे में हैवलॉक ने खुद लिखा-' लखनऊ मार्ग का प्रत्येक गांव हमारे विरुद्ध था आम लोग भी ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ उठ खड़े हुए थे।' बशीरतगंज से 12 मील की दूरी पर फतेहपुर 84 में अपने सैनिकों के साथ नाना साहब पेशवा के जमे होने और ग्वालियर की सेनाओं के कालपी तक पहुंच जाने की खबरों की वजह से हैवलॉक लखनऊ बढ़ने के बजाय फिर मगरवारा वापस लौटने को मजबूर हुआ।

तीसरी बार जनरल हैवलॉक 11 अगस्त को गंगा पार करके लखनऊ की ओर चला। इस बार क्रांतिकारियों ने बसेरतगंज के पहले बुढ़िया की चौकी गांव के पास ही अंग्रेजी सेनन से मोर्चा लिया। इस युद्ध में भी हैवलॉक को काफी क्षति पहुंची 32 अंग्रेज सैनिक मारे गए और करीब 300 क्रांतिकारी शहीद हुए। बशीरतगंज के इस युद्ध में लौंडिया खेड़ा के राव रामबक्स सिंह, रसूलाबाद के मंसब अली और बांगरमऊ (तरफसराय) के जस्सा सिंह जनवार की सेनाओं के साथ जनसाधारण ने भी भाग लिया। युद्ध में सफल होने के बावजूद हैवलॉक क्रांतिकारी अवरोध के चलते लखनऊ की ओर बढ़ नहीं पा रहा था। इस पर कानपुर बिठूर पर काबिज उसकी सेना के द्वितीय अधिकारी जनरल नील ने पत्र लिखकर अपनी नाराजगी भी जाहिर की थी।

क्रांतिकारियों के अवरोध के भीषण अवरोध के चलते ही हैवलॉक को लखनऊ पहुंचने में 2 महीने का वक्त लग गया था। मगरवारा में 21 सितंबर को हुए दूसरे युद्ध में भी ब्रिटिश फौजों को भीषण युद्ध का सामना करना पड़ा था। अगर उन्नाव में युद्ध घनघोर न होता तो ब्रिटिश हुकूमत लखनऊ पर 8 महीने पहले ही काबिज हो सकती थी। जनरल हैवलॉक कानपुर में नाना साहब की सरकार के पतन के बाद जब पहली बार गंगा पार करके मगरवारा में डेरा डाले था तब मगरवारा के घर-घर से फिरंगियों पर हमले हुए थे फिरंगियों से निपटने के लिए घर-घर में छेद बनाए गए थे इसका विवरण खुद हैवलाक ने अपने संस्मरण में लिखा है। उन्नाव के इन रणबांकुरों पर आज हम सभी को नाज तो है लेकिन हम अपने इन बहादुर पूर्वजों के स्वर्णिम इतिहास से ही अपरिचित हैं। प्रथम स्वाधीनता संग्राम से जुड़े मगरवारा, बशीरतगंज, नवाबगंज की पवित्र माटी को माथे पर लगाने का नया रिवाज क्यों शुरू नहीं होना चाहिए। प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अपनी आहुति देने वाले सभी ज्ञात-अज्ञात रणबांकुरों को शत-शत नमन।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

## समाज व्यवस्था

# आधुनिकता में विदेशी जीवनमूल्यों का प्रवाह

**आधुनिकता** प्रायः आकर्षण होती है। नई होती है और ताजी प्रतीत होती है। लेकिन वास्तविक आधुनिकता विचारणीय है। आधुनिकता नकली भी होती है। दरअसल आधुनिकता स्वयं में कोई निरपेक्ष आदर्श या व्यवहार नहीं है। इसका सीधा अर्थ ही प्राचीनता का अनुवर्ती है। आधुनिकता प्राचीनता के बाद ही आती है। इसलिए हरेक आधुनिकता की एक सुनिश्चित प्राचीनता होती है। इसी तरह प्राचीनता की भी और प्राचीनता होती है। आधुनिकता को और आधुनिक कहने के लिए उत्तर आधुनिकता शब्द का चलन बढ़ा भी है। सच बात तो यही है कि प्राचीनता और आधुनिकता के विभाजन ही कृत्रिम हैं। काल अखण्ड सत्ता है। काल में न कुछ प्राचीन है और न ही आधुनिक। हम मनुष्य ही काल संगति में प्राचीनता या नवीनता के विवेचन करते हैं। प्राचीनता ही अपने अद्यतन विस्तार में नवीनता और आधुनिकता है। हम आधुनिक मनुष्य अपने पूर्वजों का ही विस्तार हैं। वे भी अपनी विषम परिस्थितियों में अपने पूर्वजों से प्राप्त जीवन मूल्यों को झाड़ पोछकर अपने समय की आधुनिकता गढ़ रहे थे। ऐसा कार्य सतत प्रवाही रहता है।


हृदयनारायण दीक्षित

गतिशील समाज वर्तमान से संतुष्ट नहीं रहते। वे उसे और सुंदर बनाने के स्वप्न देखते हैं। कर्म भी करते हैं। वे राजव्यवस्था से भी संतुष्ट नहीं होते। जनतंत्री देशों में चुनाव होते हैं। राजव्यवस्था के कर्ताधर्ता एक निश्चित अवधि बाद चुनाव में जाते हैं। समाज उन्हें बदल देता है या फिर से उन्हें ही काम करने का जनादेश देता है। लेकिन समाज व्यवस्था के बदलने का कोई चुनाव नहीं होता। सामाजिक असंतोष को दूर करने का समयबद्ध उपाय नहीं है। सत्य की प्रतिष्ठा शाश्वत जीवन मूल्य है। असहमति के आदर से समाज की गतिशीलता बढ़ती है। सभी संस्कृतियों में प्राचीन के साथ संवाद की परंपरा है। लेकिन कथित प्रगतिवादी प्राचीन को कालवाह्य बताते हैं। लेकिन सारा पुराना कालवाह्य कूड़ा करकट नहीं होता। वह पूरा का पूरा बदली



परिस्थितियों में उपयोगी भी नहीं होता। पुराने के गर्भ से ही नया निकलता है। नवजात में पुराने के अंश भी होते हैं। सत्य, शिव और सुंदर के लिए कर्म चला करते हैं। इन्हीं तीनों की त्रयी विवेचन का मूल आधार बनती है। आधुनिकता का आग्रह स्वाभाविक है। लेकिन स्वाभाविक आधुनिकता भी प्राचीनता के गर्भ से ही आती है। हमें जीवन मूल्यों का आयात नहीं करना चाहिए। यों आधुनिकता कोई जीवन मूल्य नहीं है और प्राचीनता भी नहीं। दोनों समय और परिस्थिति का ही बोध कराते हैं।

विज्ञान और दर्शन के विकास ने देखने और सोचने की नई दृष्टि दी है। इससे प्राचीनता को सुंदर नूतन परिधान मिले हैं। ऋग्वेद प्राचीनतम ज्ञान कोष है। हम ऋग्वेद के समाज को प्राचीन कहते हैं। ऐसा उचित भी है। ऋग्वेद में उसके भी पहले के समाज का वर्णन है। ऋग्वेद जैसा मनोरम दर्शन और काव्य अचानक नहीं उगा। निश्चित ही उसके पहले भी दर्शन और विज्ञान के तमाम सूत्र थे। वैदिक पूर्वजों ने अपने पूर्वजों से प्राप्त परंपरा का विकास किया। ऋग्वेद की कविता वैदिक काल की आधुनिकता का दर्शन-दिग्दर्शन है। यही बात उपनिषद् और महाकाव्य काल पर भी लागू होती है। महाभारत में धर्म, सत्य और लोकव्यवहार की मान्यताएं बदल गई हैं। इसीलिए उसी समय गीता दर्शन का उदय हुआ। वैदिक काल की निरंतरता का विकास हड़प्पा सभ्यता है। इसे स्वतंत्र सभ्यता बताने वाले गलती पर हैं। क्योंकि, कोई भी सभ्यता या संस्कृति शून्य से नहीं उगती।

## वैज्ञानिक शोध



# किसानों की अच्छी आय में पशुधन क्षेत्र का अधिकतम योगदान

**किसानों** की आय में पशुधन क्षेत्र का सभी उप-क्षेत्रों में अधिकतम योगदान है। भारत ने पिछले कई वर्षों से दुनिया में अग्रणी दूध उत्पादन करने वाले देश की स्थिति को वार्षिक दूध उत्पादन में सतत वृद्धि के साथ बनाए रखा है, जिसमें शोध-विकास कार्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वैज्ञानिक शोध से ही प्रेसिजन या टिकाऊ पशुधन खेती का विकास किया गया है, जो इस श्रोत को किस प्रकार सतत विकास के मार्ग पर लाना व बाजार के संकेतों को समझते हुए पशुधन प्रबंधन के तरीकों को सुझाती है। ई-पशुधन हाट पोर्टल सरकार द्वारा उठाया गया एक ऐसा कदम है जो किसानों और स्वदेशी नस्ल के प्रजनकों को जोड़ने का कार्य कर रही है। इसके माध्यम से स्वेदेशी नस्लों के संरक्षण और विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी मिलेगा। पशुधन में टेक्नोलॉजी के साथ-साथ कुछ जमीनी कमियां है जिनको भी दूर करना अत्यधिक आवश्यक है, जैसे कि कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ कुप्रथाओं का प्रचालन (उत्पादन बढ़ाने के लिए कुछ गलत करना., रोग का सही समय व सही तरीके से उपचार न कराना, और कोई प्रमाणिक एवं संगठित बाजार का ना होना, इत्यादि। कृषि विज्ञान और पशुपालन3.3. मत्स्यपालन क्षेत्रआईसीएआर ने सालाना बीज उत्पादन के लिए भारतीय प्रमुख कार्प्स (बड़ी मछली) के कई प्रजनन के लिए समर्थन बढ़ाया है। चुनिंदा प्रजनन के माध्यम से आठ पीढ़ियों के बाद प्रति पीढ़ी 17% उच्च वृद्धि प्राप्ति के साथ शोधित रोहू (जयंती जयंती रोहू मछली) के साथ गहन कार्प संस्कृति और 10-15 टन/हेक्टेयर के उत्पादन स्तर के साथ संबंधित प्रौद्योगिकियों को विकसित किया गया है। इनके अलावा, प्रजनन, बीज उत्पादन और महत्वपूर्ण तकनीक के लिए प्रजनन, बीज उत्पादन और संस्कृति प्रौद्योगिकी जैसे कि मिल्कफिश ( चैनोस चैनोस., मोतीस्पॉट (एट्रोप्लस सूरतेंसिस), एशियाई समुद्री डाकू (लेट्स कैलकारिफर), कोबिया (रैचिसेंट्रॉन कैनाडम) और सिल्वर पोम्पानो (ट्रेचिनोटस ब्लोचि) इत्यादि मछली की प्रजाति विकसित की गईं हैं। 3.4 एकीकृत खेती प्रणाली एकीकृत कृषि प्रणाली (आईएफएस. संसाधनों के विकास, प्रबंधन और आवंटन के साथ-साथ निर्णय और गतिविधियों, एक परिचालन फार्म इकाई के भीतर, या इकाइयों के संयोजन का एक संपूर्ण परिसर है, जिसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन, प्रसंस्करण और उत्पादों का विपणन होता है।


संजय गोस्वामी

# कांग्रेस और खालिस्तान में गर्भनाल का रिश्ता!

मां और संतान के बीच गर्भनाल का रिश्ता ही ऐसा होता है कि प्रसव के बाद शरीर अलग होने के बावजूद आत्मीयता बनी रहती है। संतान को पीड़ा हो तो मां बिलख उठती है।

देश के समक्ष अब यह रहस्य नहीं रहा कि अलगाववादी सोच के व्यक्ति जरनैल सिंह भिण्डरांवाले को पंजाब की अकाली राजनीति को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने मैदान में उतारा और उस पर खालिस्तानी लेबल चस्पा किया। माँ और सन्तान के बीच गर्भनाल का रिश्ता ही ऐसा होता है, कि प्रसव के बाद शरीर अलग होने के बावजूद आत्मीयता बनी रहती है। सन्तान को पीड़ा हो तो माँ बिलख उठती है। ऐसा ही गत 25 जुलाई को संसद भवन में देखने को मिला जब पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री और जालन्धर से कांग्रेस के सांसद चरनजीत सिंह चन्नी ने खालिस्तान समर्थक सांसद अमृतपाल के पक्ष में आह भरी। चन्नी के शब्दों में 20 लाख लोगों के खडूर साहिब लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के प्रतिनिधि अमृतपाल को जेल में रखा जा रहा है, यह भी एमरजेंसी है। ज्ञात रहे कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून में डिब्रूगढ़ जेल में नजरबन्द खालिस्तान प्रचारक व अजनाला कोतवाली हिंसा का मुख्य आरोपी अमृतपाल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीता है और कांग्रेस सांसद चन्नी लोकसभा में उसके ही पक्ष में बोल रहे थे। रोचक बात तो ये है कि अमृतपाल को जेल में भेजने वाली पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी के सांसद भी सुन्न अवस्था में चन्नी के साथ वाली सीटों पर ही बैठे थे।


राकेश सैन

वैसे चन्नी के बौद्धिक व प्रशासनिक योग्यता के स्तर का इसी बात से अनुमान लगाया जा सकता है कि फरवरी, 2018 में कैप्टन अमरिन्द्र सिंह की सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री रहते हुए उन्होंने प्राध्यापकों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि क्रिकेट की तरह टॉस करके की थी। उस समय देश-दुनिया में इस घटना को बड़े हास्यस्पद अन्दाज में कहा और सुना गया था। बाद में मुख्यमंत्री बनने के बाद चन्नी प्रधानमंत्री की सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं कर पाए और बठिंडा से फिरोजपुर जाते हुए कथित किसान आन्दोलनकारियों ने प्रधानमंत्री के काफिले को घेर लिया था। इस पर चन्नी ने सुरक्षा की सारी जिम्मेवारी केन्द्रीय सुरक्षा एजेंसियों पर डालने का प्रयास किया। केवल इतना ही नहीं, लोकसभा चुनावों के समय जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमलों को चन्नी ने भाजपा की रणनीति बताया था। अब चन्नी द्वारा किसी खालिस्तानी का समर्थन करना चाहे किसी को चौंकाता हो परन्तु 1980 के दशक की राजनीतिक कलाबाजियां देख चुकी पीढ़ी अच्छी तरह जानती है कि चन्नी का अमृतपाल के प्रति दुःख अनायास नहीं बल्कि यह कांग्रेस और खालिस्तान के बीच गर्भनाल के रिश्ते की टीस है।

देश के समक्ष अब यह रहस्य नहीं रहा कि अलगाववादी सोच के व्यक्ति जरनैल सिंह भिण्डरांवाले को पंजाब की अकाली राजनीति को कमजोर करने के लिए कांग्रेस ने मैदान में उतारा और उस पर खालिस्तानी लेबल चस्पा किया। रिसर्च एण्ड एनालाइसेज विंग (रॉ) के सेवानिवृत अधिकारी जी.बी.एस. सिद्धू अपनी पुस्तक 'खालिस्तान षड्यन्त्र की इनसाइड स्टोरी' में दावा करते हैं कि जब भी भिण्डरांवाले से कोई संवाददाता खालिस्तान की मांग के बारे पूछते तो उसका यही जवाब होता था कि- हम खालिस्तान की मांग नहीं करते पर सरकार इसका प्रस्ताव करती है तो हम इन्कार भी नहीं करेंगे।



चूंकि पंजाब के नर्म दलीय अकाली नेताओं को कमजोर करने के लिए गर्मदलीय लोगों के साथ खालिस्तान का लेबल चस्पा करना जरूरी था, तो 13 अप्रैल, 1978 में हुए निरंकारी-सिख टकराव की घटना के बाद ऐसी शक्ति का खड़ा करना जरूरी हो गया जो खुल कर खालिस्तान की बात करे। चूंकि भिण्डरांवाला न तो खालिस्तान की मांग करने वाला था और न ही विरोध, तो उसके साथ इस बिखराव की मांग को आसानी से जोड़ा जा सकता था। उस समय कांग्रेस नेताओं ने यह काम बड़ी बाखूबी किया। उस समय भारत में काम कर रहे बीबीसी लन्दन के पत्रकार मार्क टुल्ली व सतीश जैकब की पुस्तक 'अमृतसर- मिसेज गान्धी लास्ट बैटल' के पृष्ठ 60 पर दावा करते हैं कि इस काम के लिए पंजाब में दल खालसा के नाम से कट्टरवादी संगठन का गठन किया गया। इसकी पहली बैठक चण्डीगढ़ के अरोमा होटल में हुई जिसका 600 रुपये का भुगतान ज्ञानी जैल सिंह द्वारा किया गया। पत्रकार कुलदीप नैयर की पुस्तक 'बियाण्ड द लाइन्स -एन ऑटोबायोग्राफी' के अनुसार, इस संगठन के उद्घाटन समारोह में सिख पन्थ की अवधारणा और उसके स्वतन्त्र अस्तित्व को जीवित रखने का संकल्प लिया गया। संगठन का राजनीतिक उद्देश्य खालसा का बोलबाला बताया गया।

एक अन्य पत्रकार जीएस चावला अपनी पुस्तक 'ब्लडशेड इन पंजाब- अनटोल्ड सागा ऑफ डिसीट एण्ड सैबोटेज' में लिखते हैं कि- दल खालसा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने पहले चण्डीगढ़ में एक पूर्व कांग्रेसी सांसद के यहां स्टेनोग्राफर की नौकरी की थी। 6 अगस्त, 1978 को चण्डीगढ़ के सेक्टर 35 में स्थित गुरुद्वारा श्री अकालगढ़ में आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस में यह घोषणा की गई कि दल खालसा की स्थापना का मुख्य उद्देश्य स्वतन्त्र सिख साम्राज्य की स्थापना सुनिश्चित करना है। अगले दिन पंजाब के कई समाचारपत्रों में यह खबर छपी, प्रेस कान्फ्रेंस का खर्चा भी पंजाब के कांग्रेसी नेताओं ने उठाया।

देश के सुविख्यात विचारक कुप्पहल्ली सीतारामैया सुदर्शन अपनी पुस्तक 'यों भटका पंजाब' में लिखते हैं कि-कांग्रेस की आपसी गुटबाजी ने भी पंजाब समस्या को उग्र बनाने में बहुत मदद दी है। केवल दलीय दृष्टिकोण से ही समस्याओं को देखने का उसका स्वभाव रहा है, इसलिए सत्ताहीन अवस्था में अकाली दल को शह देने के लिए उसने भिण्डरावाले को उभारा। कांग्रेस की आपसी धड़ेबन्दी ने भिण्डरावाले की उग्रता के विरुद्ध समय रहते कड़े कदम उठाने नहीं दिये और जब भिण्डरावाले ने भस्मासुर का रूप लेकर अपने वरदाता को ही भस्म करने के लिए हाथ बढ़ाया तब कांग्रेसी शासन को ऐसी कार्यवाही के लिए बाध्य होना पड़ा जिसने समाज में अविश्वास की खाई को और चौड़ा कर दिया तथा उग्रपन्थियों को खुलकर खेलने का मौका दे दिया।

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)


## बिहार में बोले रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ

# यह नया भारत, हम ना किसी से डरते हैं, ना ही पीठ दिखाते हैं

एजेंसी

**छपरा।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शनिवार को छपरा आए। एनडीए कार्यकतार्ओं से उन्होनें शिष्टाचार मुलाकात की। छपरा नगर निगम के सभागार में केंद्रीय मंत्री एक जनसभा को संबोधित भी करेंगे। वहीं छपरा सर्किट हाउस में उन्होंने पत्रकार वार्ता भी किया। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहे काम के बारे में बताया। रक्षा के क्षेत्र में भारत के बढ़ रहे कदम का उन्होंने जिक्र किया और बिहार के लिए बजट 2024 में क्या खास रहा, उसके बारे में भी बताया।

**यह नए दौर का भारत, छपरा में बोले संजय सेठ :** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को छपरा सर्किट हाउस में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित होने की राह में मजबूती से कदम बढ़ा रहा है। यह नये दौर का भारत है। हम किसी से डरते नहीं है और ना ही किसी को पीठ दिखाते हैं। भारत को किसी दूसरे देश के आगे हाथ फैलाने की भी जरूरत नहीं है।



### विश्व के 85 देशों को हम रक्षा संबंधी जरूरी उपकरण सप्लाई कर रहे हैं

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि रक्षा के क्षेत्र में भी भारत अब आत्मनिर्भर हो रहा है। विश्व के 85 देश को हम रक्षा से संबंधित उपकरण व शस्त्र बनाने के लिए सामग्रियां सप्लाई कर रहे हैं। प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि भारत पूरी तरह आत्मनिर्भर हो। आज केंद्र सरकार की योजनाओं ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को भी आगे बढ़ने का अवसर दिया है। इस समय बजट सत्र चल रहा है। बिहार के लिए बजट 2024 में विशेष प्रावधान किया गया है।

### हार में सड़क व पुल निर्माण पर भी विशेष बल दिया गया है : संजय सेठ

मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पूर्वोदय योजना की घोषणा बिहार के नाम के साथ किया गया है। बिहार में सड़क व पुल निर्माण पर भी विशेष बल दिया गया है। संवाददाता सम्मेलन में महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, एमएलसी इं सच्चिदानंद राय, तरैया विधायक जनक सिंह, पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी, जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, भाजपा नेता धर्मेंद्र सिंह चौहान, धर्मेंद्र साह, विवेक कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## जम्मू-कश्मीर में खाई में गिरी कार, पांच बच्चों समेत 8 लोगों की मौत

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को सिंथन-कोकरनाग मार्ग पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक कार सड़क से फिसलकर पास की खाई में पत्थरों पर जा गिरी, जिसके कारण कार में सवार एक पुलिसकर्मी और पांच बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई। कोकरनाग के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) सुहेल अहमद ने बताया कि यह दुर्घटना दक्सुम नाका से 20 किलोमीटर दूर आरशान हट के पास हुई। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी इम्तियाज अहमद अपने पांच बच्चों और दो महिलाओं के साथ उस समय कार में सवार थे, जब किश्तवाड़-अनंतनाग मार्ग पर आरशान स्थान पर यह हादसा हुआ। उन्होंने बताया कि मृतक इम्तियाज किश्तवाड़ से माडवा किश्तवाड़ में अपने घर वापस आ रहे थे, जहां उनकी तैनाती थी। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है।

## पर्यटकों के लिए जल्द खुलेगा ककोलत, ठंडी वादियां दिलाएंगी राहत

# सीएम नीतीश करेंगे उद्घाटन

एजेंसी

**पटना ।** बिहार का कश्मीर कहा जाने वाला ककोलत जलप्रपात जल्द ही पर्यटकों से गुलजार होने लगेगा। जलप्रपात के नव निर्माण का उद्घाटन 29 जुलाई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। पिछले कुछ सालों से ककोलत जलप्रपात पर्यटकों के लिए बंद है। उद्घाटन के बाद इसे फिर से खोल दिया जाएगा।

**कोरोना काल से है बंद:** कोरोना काल से ही ककोलत जलप्रपात बंद था। उद्घाटन के बाद इसे पर्यटकों के लिए फिर से खोल दिया जाएगा। पिछले तीन-चार सालों में ककोलत जलप्रपात में काफी काम हुआ है। ककोलत बंद रहने के कारण पर्यटक झारखंड के पेट्रो जलप्रपात जाते थे।



### करोड़ों की लागत से किया गया सौंदर्यीकरण

करोड़ों रुपए की लागत से ककोलत जलप्रपात को नया रूप दिया गया है। अब यह नए स्वरूप में दिखेगा। वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था होगी। वाहन पार्किंग की सुविधा होने से पर्यटक बेफिक्र होकर जलप्रपात का आनंद ले सकेंगे। इसके अलावा महिलाओं के लिए कपड़ा बदलने के लिए कमरा, शौचालय, नहाने के लिए पूल आदि की व्यवस्था होगी।


**2019 में सीढ़ियों का हुआ निर्माण :** वर्ष 2019 में ककोलत में 2.27 करोड़ की लागत से 188 सीढ़ियों का निर्माण कराया गया था। इस बीच कोरोना काल में काम बंद होने और तकनीकी दिक्कतों के कारण यह प्रोजेक्ट लंबे समय तक अटका रहा।

**ककोलत प्रवेश के लिए बनाया गया टिकट काउंटर :** ककोलत में प्रवेश के लिए 10 टिकट काउंटर बनाए गए हैं। प्रवेश 10 रु है। दो पहिया वाहनों के लिए पार्किंग 20 रु, तीन पहिया वाहनों के लिए 30 रु, चार पहिया वाहनों के लिए 50 रु तथा बसों व भारी वाहनों के लिए 100 रु निर्धारित किया गया है।

# शुभेंदु ने केंद्रीय फंड पर ममता के दावे का खंडन किया

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस दावे का खंडन किया, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार पर राज्य को उसके वैध बकाया राशि से वंचित करने का आरोप लगाया था। अधिकारी ने कहा कि 2018-19 से 2023-24 तक राज्य के राजस्व की तुलना में केंद्र सरकार का फंडिंग अधिक रही है।



अधिकारी ने एक बयान में कहा, “राज्य के बजट दस्तावेजों के आंकड़े बताते हैं कि 2018-19 से 2023-24 तक राज्य को मिलने वाली कुल केंद्रीय फंडिंग राज्य के अपने राजस्व से लगभग 31 प्रतिशत अधिक रही है। उन्होंने राज्य की आर्थिक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए कुछ आंकड़े भी प्रस्तुत किए। उनके अनुसार, हालांकि पश्चिम बंगाल में भारत की जनसंख्या का 7.5 प्रतिशत हिस्सा है, लेकिन 2023-24 में घरेलू वस्तुओं पर जीएसटी में राज्य का योगदान 62,613 करोड़ रुपये है, जो राष्ट्रीय आंकड़े 15 लाख 23 हजार 249 करोड़ रुपये का केवल 4.11 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, “यह दशार्ता है कि राज्य आर्थिक रूप से कमजोर है। इस योगदान में भी, सीजीएसटी का योगदान केवल 19 हजार 267 करोड़ रुपये है, जबकि शेष जीएसटी राज्य जीएसटी या उपकर के रूप में राज्य द्वारा ही रखा जाता है।

अधिकारी ने प्रत्यक्ष कर संग्रहण के क्षेत्र में राज्य के प्रदर्शन को भी उजागर किया।

## डोडा हमले में शामिल तीन आतंकियों के स्केच जारी

### सूचना देने पर 5 लाख का इनाम

**डोडा।** जम्मू-कश्मीर के डोडा में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शामिल तीन संदिग्ध आतंकियों के स्केच पुलिस ने जारी किए हैं। माना जा रहा है कि यह तीनों आतंकी डोडा और देसा के ऊपरी इलाकों में सक्रिय हैं। उनके बारे में सूचना देने पर 5 लाख रुपये का इनाम रखा गया है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक ये लोग देसा के उरार बागी इलाके में हाल ही में हुए हमलों में शामिल थे। जनता से उनके ठिकाने या मूवमेंट के बारे में कोई भी जानकारी देने के लिए आगे आने का आग्रह है। क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने में जनता का सहयोग महत्वपूर्ण है। पुलिस ने संपर्क के लिए कई संपर्क नंबर जारी किए हैं जिसमें एसएसपी डोडा 9541904201, एसपी मुख्यालय डोडा 9797649362, 9541904202, एसपी ओपीएस डोडा 9541904203, डीवाईएसपी डीएआर डोडा 9541904205, डीवाईएसपी मुख्यालय डोडा 9541904207, एसएचओ पीएस डोडा 9419163516, 9541904211 आदि शामिल हैं।



# बिहार विस में कोटा मुद्दे पर जोरदार हंगामा, विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन हंगामेदार दृश्य देखने को मिला। विपक्ष ने केंद्र द्वारा राज्य को विशेष दर्जा देने से इनकार करने सहित कई मुद्दों पर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राज्य सरकार पर निशाना साधा। विशेष दर्जे के अलावा, राज्य के संशोधित आरक्षण कानूनों पर एक निजी विधेयक पर मतदान कराने की उनकी मांग खारिज होने के बाद विपक्ष ने विरोध प्रदर्शन किया। विपक्षी राजद और कांग्रेस विधायकों ने राजद एमएलसी सुनील सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी आलोचना की, जिसके कारण उन्हें राज्य विधान परिषद से हटा दिया गया और राजद विधायक रेखा देवी के बारे में नीतीश कुमार की हालिया टिप्पणी की भी आलोचना की गई। अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने वाले सुनील सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दोषी ठहराया। सिंह ने आरोप लगाया कि अगर जांच कराई गई तो कुमार सबसे भ्रष्ट समाजवादी के रूप में बेनकाब हो जाएंगे। उन्होंने यह भी दावा किया कि मुख्यमंत्री ने उन्हें कई बार धमकी दी है। बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी ने आरोप लगाया कि सिंह के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई व्यक्तिगत प्रतिशोध से प्रेरित है। देवी ने दावा किया कि भाजपा-जदयू शासन के तहत भारतीय लोकतंत्र के लिए एक काला अध्याय शुरू हो गया है। पीएम मोदी का दावा है कि 70 वर्षों में कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं हुआ है। क्या इसका मतलब यह है कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अकेले ही देश को बदल दिया है, जबकि उनके पूर्ववर्तियों ने कुछ नहीं किया? केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राबड़ी देवी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री थीं, एक पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी थीं और एक पूर्व उपमुख्यमंत्री की मां थीं। अगर सचमुच लोकतंत्र खत्म हो गया होता तो उन्हें आजादी नहीं होती।



## सत्ता में आते ही 24 घंटे में रद्द होगी अग्निवीर योजना : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद अखिलेश यादव ने इखढ पर हमला करते हुए एक्स पर लिखा कि सत्ता में आते ही 24 घंटे में देश के सुरक्षा से समझौता करने वाली और सैनिकों के भविष्य से खिलवाड़ करनेवाली अल्पकालिक ह्यअग्निवीरह्ल सैन्य भर्ती योजना रद्द होगी। उन्होंने लिखा कि ह्यअग्निवीरह्ल पर यही मांग है कि पुरानी भर्ती की फिर बहाली हो।उन्होंने अवधेश सिंह की वीडियो को शेयर करते हुए ये ऐलान किया। वीडियो में अवधेश सिंह कहते दिखाई दे रहे हैं कि पीएम मोदी कहते हैं कि अग्रिवीर को लेकर विपक्ष गुमराह कर रहा है, लेकिन हकीकत यह है कि शुरूआत उन्होंने की है। इतना दिन बीत गया था कि किसी ने केवल 4 साल के लिए व्यवस्था नहीं की थी।

## हमेशा याद किए जाएंगे एपीजे अब्दुल कलाम : मुख्यमंत्री योगी



एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को प्रख्यात वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि कलाम अपने कीर्तिमानों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। योगी ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ल पर एक पोस्ट में कहा, ह्लमहान वैज्ञानिक, मिसाइल मैन, पूर्व राष्ट्रपति, ह्यभारत रत्नह्ल डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि !ह्व उन्होंने कहा, ह्लअंतरिक्ष एवं रक्षा अनुसंधान क्षेत्र में भारत द्वारा स्थापित कीर्तिमानों के लिए कलाम सदैव याद किए जाएंगे। वहीं, उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने एक्स पर लिखा, किसी भी मिशन की सफलता के लिए रचनात्मक नेतृत्व आवश्यक है। युवा पीढ़ी को नयी दिशा देने वाले और मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। मौर्य ने कहा, ह्लकलाम के सिद्धांत, विचार और प्रेरणादायी कार्य आनी वाली युवा पीढ़ियों का सदैव मार्गदर्शन करते रहेंगे। राज्य के मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) ने पोस्ट किया, भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।

कलाम 2002 से 2007 तक भारत के राष्ट्रपति रहे और उन्हें हर राजनीतिक दल का सम्मान प्राप्त था। 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु में जन्मे कलाम का 27 जुलाई 2015 को शिलांग में निधन हो गया था।

# आज का राशिफल

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृष :** आय के अच्छे योग बनेंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है।

**मिथुन:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**कर्क :** कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। आत्मचिंतन करें। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। योग्यताएं सम्मान दिलायेगी।

**सिंह :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल व अवसाद रहेगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या:** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**तुला :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं। आगे-आगे गौरख जागे वाली कहावत चरितार्थ होगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। यात्रा परिणाम सुखद रहेगा।

**वृश्चिक:** कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेगी।

**धनु :** अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। विशेष परिश्रम से ही अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। मन उदास रहेगा। कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। निकट जनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा।

**कुंभ:** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**मीन :** कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गवाएं। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें। नये आगंतुकों से लाभ होगा। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

## पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री विश्वनाथ चौधरी का निधन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री विश्वनाथ चौधरी (83) का शनिवार सुबह करीब 6:45 बजे एसएसकेएम अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। उन्होंने वामपंथी शासनकाल के दौरान लगभग ढाई दशक तक मंत्री पद संभाला। लगातार सात बार आरएसपी के टिकट पर बालुरघाट से विधायक चुने गए। 34 वर्षों के वाम शासन में उन्होंने 1987 से 2011 तक राज्य के कारा और समाज कल्याण विभागों की जिम्मेदारी निभाई।



## संसद की मुख्य भूमिका संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि संसद की प्राथमिक भूमिका संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करना है। उन्होंने कहा कि संसद से अधिक गंभीर लोकतंत्र का संरक्षक कोई नहीं हो सकता। धनखड़ ने आज संसद भवन में राज्यसभा के नवनिर्वाचित एवं मनोनीत सदस्यों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यदि लोकतंत्र पर कोई संकट आता है, यदि लोकतांत्रिक मूल्यों पर हमला होता है तो आपकी भूमिका निर्णायक होती है। उन्होंने कहा कि संसद में चर्चा के लिए कोई भी विषय वर्जित नहीं है, बशर्ते उचित प्रक्रिया का पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि सदन की प्रक्रिया के नियमों में निर्धारित उचित प्रक्रिया का पालन किए जाने पर किसी भी विषय, किसी भी व्यक्ति, यहां तक कि अध्यक्ष के आचरण पर भी चर्चा की जा सकती है। संसद की स्वायत्तता और अधिकार पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि संसद अपनी प्रक्रिया और कार्यवाही के लिए सर्वोच्च है। सदन में, संसद में कोई भी कार्यवाही समीक्षा से परे है, चाहे वह कार्यपालिका हो या कोई अन्य प्राधिकारी।



## कोलकाता में सरेआम व्यवसायी की हत्या चिन्हित हुआ आरोपित

**कोलकाता।** कोलकाता के आनंदपुर में एक व्यापारी की सरेआम धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार अमृत व्यापारी का नाम आरिफ खान था और वह पूर्वी कोलकाता के तोपशिया इलाके का निवासी था। पुलिस का कहना है कि कारोबारी के परिचित व्यक्ति नहीं उसकी हत्या की है। हत्या करने वाले की पहचान कर ली गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, आरिफ शाम को आनंदपुर इलाके के पंचाननग्राम में काम से गया था। रास्ते में चलते समय उसका परिचित अब्बास नाम का युवक पास आया और पुरानी बातों को लेकर दोनों में

## गोपालगंज में शौचालय की टंकी मे दम घुटने से 2 मजदूरों की हुई मौत

एजेंसी

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में शनिवार को शौचालय की टंकी का सेंटरिंग खोलने के दौरान दो मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। वहीं, इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया।जानकारी के मुताबिक, घटना जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के बड़कागांव की है। मृतकों की पहचान जिले के फुलवरिया थानाक्षेत्र के तुरकहा गांव निवासी रंजन राम और पवन महतो के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बड़कागांव में एक मकान का शौचालय की टंकी का निर्माण कराया गया था। शौचालय की टंकी का सेटरिंग खोलने के दौरान 2 मजदूरों की दम घुटने से मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**जांच में जुटी पुलिस:** इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## व्यापार /लाइफ व साइंस

# अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में फ्री वाई-फाई की सुविधा देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बनी विस्तारा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप की विस्तारा एयरलाइन अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्री वाई-फाई सुविधा देने वाली पहली भारतीय एयरलाइन बन गई है। शनिवार को एयरलाइन की ओर से यह जानकारी दी गई। विस्तारा द्वारा दी गई जानकारी में कहा गया कि एयरलाइन की ओर से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर 20 मिनट की फ्री वाई-फाई की सुविधा दी जाएगी। एयरलाइन ने आगे कहा कि 20 मिनट के फ्री वाई-फाई की सुविधा कंप्लीमेंट्री होगी। इसकी मदद से यात्री आसानी से अपने प्रियजनों के साथ यात्रा के दौरान जुड़े रह सकते हैं।

### पहले के मुकाबले अधिक सुविधाजनक होगी यात्रा

यह सर्विस बोइंग 787-9 ड्रीमलाइनर और एयरबस ए321नियो एयरक्राफ्ट पर उपलब्ध होगी। इसमें ग्राहक ईमेल पर आए ओटीपी की मदद से इनफ्लाइट वाई-फाई का उपयोग कर सकते हैं। विस्तारा के चीफ कमर्शियल ऑफिसर (सीसीओ), दीपक राजावत ने कहा कि हमें विश्वास है कि ग्राहक हमारे इस प्रयास को पसंद करेंगे। इससे उनकी यात्रा पहले के मुकाबले अधिक सुविधाजनक होगी। बिजनेस क्लास और विस्तारा प्लेटिनम क्लब के सदस्यों को 50 एमबी कंप्लीमेंट्री वाई-फाई दिया जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि गैर-सदस्यों को अनलिमिटेड डेटा के साथ व्हाट्सएप जैसे मैसेजिंग ऐप उपयोग करने के लिए 372.74 रुपये के साथ जीएसटी का भुगतान करना होगा। उड़ान के दौरान इंटरनेट सर्फिंग, सोशल मीडिया और वेब के उपयोग के लिए 1,577.54 रुपये समेत जीएसटी चुकाना होगा।




**एयरलाइन** में फ्लाइट के दौरान 700 घंटों का इन-फ्लाइट इंटरटेनमेंट पैकेज ऑफर किया जा रहा है। इसमें मूवी, टीवी शो और ऑडियो टाइटल्स शामिल हैं।

# सरकार ने लोन ऑफर कर रहीं 379 वेबसाइट पर लगाया बैन

### अब नहीं बचेंगे ऑनलाइन ठगी करने वाले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** साइबर क्राइम पर भारत सरकार ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसमें सबसे बड़ा हाथ उन स्कैमिंग ऐप्स का है जो लोगों को लालच देकर या बेवकूफ बनाकर उनकी मेहनत की कमाई लूट ले रहे हैं। अब सरकार ने ऐसे घोटालेबाज ऐप्स के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। लगातार बढ़ रहे साइबर क्राइम पर भारत सरकार ने नकेल कसना शुरू कर दिया है। इसमें सबसे बड़ा हाथ उन स्कैमिंग ऐप्स का है जो लोगों को लालच देकर या बेवकूफ बनाकर उनकी मेहनत की कमाई लूट ले रहे हैं। अब सरकार ने ऐसे घोटालेबाज ऐप्स के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। राज्यसभा में सरकार ने जानकारी दी कि इंडियन साइबर क्राइम कॉर्डिनेशन सेंटर ने उन 379 वेबसाइट को बंद कर दिया है जो पिछले सात महीनों से गैरकानूनी लोन के लिए आवेदन दे रहे थे।

गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कई दूसरे स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर 14उ२ ने 91 फिशिंग और फेक वेबसाइट पर भी निशाना साधा है। सरकार का इरादा साइबर अपराधियों पर नकेल कसना है। बता दें कि, ये प्रयास सरकार द्वारा ठकक (नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया) के साथ साझेदारी में किए जा रहे हैं।

# कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक जीता

**नई दिल्ली।** कजाकिस्तान ने पेरिस 2024 ओलंपिक का पहला पदक अपने नाम कर लिया है। चेटेउरौक्स में 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक मैच में जर्मनी को 17-5 से हराया। चीन और कोरिया गणराज्य, शीर्ष दो क्वालीफायर, एक ही स्पर्धा में खेलों के पहले स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। कजाख निशानेबाज एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने पहला राउंड 21.4-20.7 से जीतकर 2-0 की बढ़त बना ली। जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सिमिलियन उलब्रिच 3-3 और 4-4 से बराबरी करने में सफल रहीं लेकिन कभी बढ़त नहीं ले सकीं। ले और सतपायेव ने अगले तीन राउंड जीतकर स्कोर 10-4 कर दिया। हालाँकि जर्मनों ने निम्नलिखित को बराबर करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन इससे अपरिहार्य में देरी हुई क्योंकि कजाकों ने एक आरामदायक जीत हासिल की।

## पहला गोल्ड चीन के नाम



**चेटौरौक्स (फ्रांस)।** चीन की मिक्स्ड शूटिंग जोड़ी हुआंग युटिंग और शेंग लिहाओ ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक का पहला गोल्ड मेडल जीता। चीनी जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम स्पर्धा के फाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी किम जिह्योन और पार्क हाजुन को 16-12 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। चीन ने शुरूआती दौर से ही बढ़त बनाए रखी और अंत में कोरियाई खिलाड़ियों के प्रयासों के बावजूद अपनी बढ़त बनाए रखी। इससे पहले, कजाकिस्तान ने खेलों का पहला मेडल जीता, जब एलेक्जेंड्रा ले और इस्लाम सतपायेव ने जर्मनी की अन्ना जानसेन और मैक्सीमिलियन उलब्रिक को उसी स्पर्धा में 17-5 से हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

**चीनी जोड़ी ने 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम स्पर्धा के फाइनल में दक्षिण कोरियाई जोड़ी किम जिह्योन और पार्क हाजुन को 16-12 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की**

# सरबजोत और अर्जुन चीमा की जोड़ी हारी

**एजेंसी। पेरिस**

एयर राइफल मिश्रित टीमें की ओलंपिक खेलों में शनिवार को यहां निराशाजनक शुरूआत के बाद सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा ने टुकड़ो में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह नहीं बना सके। सरबजोत क्वालिफिकेशन में 577 के कुल स्कोर के साथ 9वें स्थान पर रहे जबकि अर्जुन 574 के स्कोर के साथ 18वें स्थान पर रहे। 8वें स्थान के साथ फाइनल में जगह बनाने वाले जर्मनी के रॉबिन वाल्टर का स्कोर भी 577 था लेकिन उन्होंने सरबजोत के 16 के मुकाबले 17 सटीक निशाने लगाए थे।

सरबजोत चौथी सीरीज में परफेक्ट 100 का स्कोर करने के बाद शीर्ष तीन में पहुंच गए थे, लेकिन 22 साल का यह निशानेबाज लय बरकरार रखने में नाकाम रहा और मामूली अंतर से फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। चीमा भी एक समय चौथे स्थान पर पहुंच गए थे लेकिन वह भी इस लय का बरकरार नहीं रख सके। चीमा और सरबजोत दोनों उस भारतीय टीम का हिस्सा थे जिसने पिछले साल हांगझोऊ में एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्वर्ण पदक जीता था।



**10 मीटर एयर राइफल मिश्रित स्पर्धा से भारतीय शूटर बाहर**

इससे पहले भारतीय निशानेबाज 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम क्वालिफिकेशन चरण में बाहर हो गए। भारत की दो जोड़ियां इस स्पर्धा में भाग ले रही थी। रमिता जिंदल और अर्जुन बाबूता 628.7 के कुल स्कोर के साथ छठे, जबकि इलावेनिल वलारिवन और संदीप सिंह 626.3 के कुल स्कोर के साथ 12वें स्थान पर रहे। रमिता और अर्जुन की जोड़ी ने एक समय उम्मीद बनाई थी। यह भारतीय जोड़ी तीन शॉट शेष रहते 5वें स्थान पर थी, लेकिन आखिर में पदक राउंड के कट ऑफ से 1.0 अंक पीछे रह गई।

# लक्ष्य सेन ने की जीत के साथ शुरुआत सात्विक-चिराग की जोड़ी ने भी जीता पहला मैच

पेरिस, 27 जुलाई (आईएएनएस)। भारत के युवा बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक में शानदार शुरूआत करते हुए गुआतेमाला के केविन कॉर्डन को सीधे सेटों में हरा दिया। ग्रुप एल के इस पुरुष सिंगल्स मैच में लक्ष्य ने 21-8, 22-20 से जीत दर्ज की।

पहला गेम आसानी से जीतने के बाद लक्ष्य को दूसरे गेम में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 41वें नंबर के कॉर्डन ने लक्ष्य को कड़ी टक्कर देते हुए स्कोर को 20-16 कर दिया। लेकिन युवा भारतीय ने शानदार वापसी करते हुए लगातार छह अंक जीते और मैच 22-20 से अपने नाम कर लिया। इस तरह उन्होंने तीसरे गेम खेलने की नौबत नहीं आने दी। यह लक्ष्य के लिए काफी महत्वपूर्ण जीत है, क्योंकि कॉर्डन टोक्यो ओलंपिक में सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, और कांस्य पदक जीतने के काफी करीब पहुंच गए थे। लक्ष्य के ग्रुप में विश्व नंबर तीन जोनाथन क्रिस्टी (इंडोनेशिया) और जूलियन कैरागी (बेल्जियम) भी हैं। लक्ष्य का ग्रुप आसान नहीं है।

भारत ने बैडमिंटन के पुरुष डबल्स में भी जीत के साथ



शुरूआत की है। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने ग्रुप ड मैच में मेजबान देश के लुकास कोरवी और रोनन लाबार को 21-17, 21-14 से हराया। भारत को इस जोड़ी से पदक की बड़ी उम्मीद है।

## ओलंपिक नौकायन



## भारत के बलराज हीट में चौथे स्थान पर, रेपेचेज में पहुंचे

| | |
|---|---|
| 1 **बलराज** ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया | 2 **थॉमस मैकिनटोश** ने छह मिनट 55.92 सेकेंड का समय लिया |

**चेटेरोक्स (फ्रांस)।** पेरिस ओलंपिक में हिस्सा ले रहे भारत के एकमात्र नौकायन (रोइंग) खिलाड़ी बलराज पंवार शनिवार को यहां पुरुष एकल स्कल स्पर्धा की पहली हीट (शुरूआती रेस) में चौथे स्थान पर रहे और अब रेपेचेज में हिस्सा लेंगे। पच्चीस साल के बलराज ने सात मिनट 7.11 सेकेंड का समय लिया। वह न्यूजीलैंड के थॉमस मैकिनटोश (छह मिनट 55.92 सेकेंड), स्टीफानोस एनतोस्कोस (सात मिनट 1.79 सेकेंड) और अब्देलखालेक एलबाना (सात मिनट 5.06 सेकेंड) से पीछे रहे। प्रत्येक हीट से शीर्ष तीन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। रेपेचेज के जरिए बलराज को सेमीफाइनल या फाइनल में जगह बनाने का दूसरा मौका मिलेगा।



# श्रीलंका के खिलाफ है सूर्यकुमार का तौबा-तौबा रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव ने श्रीलंकाई दौरे पर पहले ही टी20 में एक बार फिर से श्रीलंकाई गेंदबाजों की तौबा तौबा करवा दी। पल्लेकेले स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में सूर्यकुमार ने महज 22 गेंदों पर अर्धशतक ठोका और श्रीलंका के खिलाफ अपना शानदार रिकॉर्ड भी बरकरार रखा। सूर्य जब बल्लेबाजी करने आए थे तब भारत का स्कोर 6 ओवर में 74/1 था। सलामी बल्लेबाजों शुभमन गिल और यशस्वी जयसवाल ने टीम को यह गति दी थी। इसके बाद सूर्य ने इस गति को बनाए रखा। सूर्यकुमार ने 7 चौके और 2 छक्कों समेत अर्धशतक बनाया। अर्धशतक बनाने के बाद गौतम गंभीर ने डगआउट से खड़े होकर सूर्य का अभिनंदन किया।

सूर्यकुमार ने श्रीलंका के खिलाफ अर्धशतक लगाकर बड़ा रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। वह श्रीलंका के खिलाफ मात्र छह मैचों में ही 305 रन बना चुके हैं। इसमें 3 अर्धशतक और एक शतक भी शामिल हैं। सूर्यकुमार ने श्रीलंका के खिलाफ 50 (34), 34 (29, 7 (10), 51 (36), 112* (51), 58 (26) रन बनाए हैं। यही नहीं, यह श्रीलंका के खिलाफ सूर्या का चौथा पचास प्लस स्कोर था। उन्होंने टी20 में श्रीलंका के खिलाफ सर्वाधिक 50+ स्कोर के विराट कोहली के कारनामे की बराबरी की। इस लिस्ट में डेविड वार्नर (7 बार) पहले नंबर पर हैं। जोस बटलर, कोहली और सूर्यकुमार (4-4) संयुक्त तौर पर दूसरे नंबर पर हैं।

## उन्होंने पूरी मेहनत की है और अब उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है : अभिनव बिंद्रा

**पेरिस।** भारत के पहले व्यक्तिगत ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा का मानना है कि चयनित खिलाड़ियों ने जरूरी मेहनत कर ली है लेकिन अब उन्हें अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। बिंद्रा ने आईएएनएस से कहा, ऱमैं प्रदर्शन का इंतजार कर रहा हूं और एथलीटों के अच्छे प्रदर्शन का इंतजार कर रहा हूं और हमारे एथलीटों का हौसला बढ़ाने का इंतजार कर रहा हूं... उन्होंने पूरी मेहनत की है और अब यह सिर्फ वहां जाकर प्रदर्शन करने की बात है।उदिन की शुरूआत नाविक बलराज पंवार के साथ हुई, जिन्होंने रविवार को होने वाले रेपेचेज राउंड में आगे बढ़ते हुए पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा में फाइनल ए में जगह बनाने की अपनी संभावनाएं बरकरार रखीं। इसके बाद सरबजोत सिंह और अर्जुन सिंह चीमा पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहे और क्वालिफिकेशन राउंड में बाहर हो गए। भारत की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीमें - संदीप सिंह/एलावेनिल वलारिवन और अर्जुन बाबूता/रमिता जिंदल - शुरूआती परीक्षा भी पास नहीं कर सकीं।

## ओलंपिक खिलाड़ियों को सरकार कर रही है पूरा सपोर्ट पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद : राजा रणधीर सिंह

**नई दिल्ली।** एशिया की ओलंपिक काउंसिल के एक्टिंग प्रेसिडेंट राजा रणधीर सिंह ने कहा है कि सरकार द्वारा अब खिलाड़ियों को हर संभव तरीके से सहायता दी जा रही है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को श्रेय जाता है। रणधीर सिंह ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि, ओलंपिक में सरकार द्वारा जो सपोर्ट मिल रही है, वह कमाल की बात है। मेरी खुद की बेटी शूटिंग इवेंट खेलती है। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्तिगत स्तर पर खिलाड़ियों के साथ शामिल होते हैं, उनके जीतने पर बधाई देते हैं, यह बड़ी प्रेरणा है। इससे खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है और देश के लिए खेलने की अहमियत बढ़ जाती है।पेरिस ओलंपिक की शुरूआत हो चुकी है। भारत ने अपने 117 खिलाड़ियों के दल को ओलंपिक में भाग लेने के लिए भेजा है। देश को इस बार पदक की संख्या 10 या उससे ऊपर करने की उम्मीद है। भारत का ओलंपिक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टोक्यो ओलंपिक में रहा है, जहां पर भारत ने एक गोल्ड मेडल समेत 7 पदक जीतने में सफलता हासिल की थी। भारत के लिए 27 जुलाई को आधिकारिक तौर पर पेरिस ओलंपिक की शुरूआत हो गई है।



# भारत और एशिया कप खिताब के बीच श्रीलंका

**एजेंसी। दांबुला**

महिला एशिया कप 2024 के फाइनल में भारत का मुकाबला मेजबान श्रीलंका से रविवार को होगा। यह भारत के लिए टी 20 एशिया कप का पांचवां फाइनल होगा, जबकि श्रीलंका लगातार दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है।

यह मैच रविवार को दांबुला में दोपहर तीन बजे से शुरू होगा, जिसका सीधा प्रसारण स्टार स्पोर्ट्स और हॉटस्टार पर किया जाएगा। अगर वनडे और टी20 फॉर्मेट को मिला लिया जाए तो यह कुल 9वां महिला एशिया कप है और भारत हर बार खिताबी मुकाबले तक पहुंचा है। पहला महिला एशिया कप 2004 में सिर्फ. भारत और श्रीलंका के बीच खेला गया था और पांच मैचों के इस टूनामेंट को भारत ने 5-0 से जीता था। इसके बाद भारत ने लगातार तीन बार (2005, 2006, 2008) श्रीलंका को हराकर वनडे एशिया कप का खिताब जीता।

2012 से महिला एशिया कप टी20 फॉर्मेट में खेला जाना लगा और अब तक हुए चार टी20 एशिया कप के फाइनल में भारत ने लगातार जगह बनाई है। 2022 में हुए पिछले टी20 एशिया कप के फाइनल में भारत ने श्रीलंका को आठ विकेट के बड़े अंतर से हराया था। वहीं श्रीलंकाई टीम पिछली हार का बदला लेकर अपना पहला एशिया कप खिताब जीतना चाहेगी।

दोनों टीमों के बीच अब तक 24 टी20 मुकाबले हुए हैं, जिसमें भारत को 19 जबकि श्रीलंका को सिर्फ.चार मैचों में जीत हासिल हुई है। एक मैच बिना किसी परिणाम के समाप्त हुआ है।


**मंधाना और अटापट्टू पर नजरें**

स्मृति मंधाना पिछले कुछ महीनों से बेहतरीन फॉर्म में हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक पर शतक लगाकर धमाका करने वाली मंधाना का फॉर्म एशिया कप में भी बरकरार रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ शुरूआती मैच में 45 रनों की पारी खेलने के बाद सेमीफाइनल में उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ एक तेज अर्धशतक लगाया और अपनी टीम को 10 विकेट की जीत दिलाई।

**हालिया फॉर्म**

दोनों टीमें अभी तक वर्तमान एशिया कप में अपराजित रही हैं और लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची हैं। सेमीफाइनल मुकाबले में जहां भारतीय टीम को बांग्लादेश पर 10 विकेट की आसान जीत हासिल हुई, वहीं श्रीलंकाई टीम को पाकिस्तान पर जीत हासिल करने में आखिरी गेंद तक मशक्कत करनी पड़ी। एशिया कप से ठीक पहले श्रीलंका को वेस्टइंडीज ने उनके घर पर ही तीन टी20 मैचों की सीरीज में 2-1 से हराया था।

## भारत के लियॉन व आयुष सयुंक्त रूप से दूसरे स्थान पर, कजाकिस्तान के रिनात बने विजेता



**बील, स्विट्जरलैंड।** बील शतरंज महोत्सव में मास्टर्स और चैलेंजर के साथ साथ ओपन टूनार्मेंट भी खेला जा रहा था , मास्टर्स मास्टर्स और चैलेंजर में जहां 6 खिलाड़ियों के बीच राउंड रॉबिन आधार पर अलग अलग फॉर्मेट में मुकाबले हुए तो ओपन वर्ग में 34 देशो के 128 खिलाड़ियों के बीच स्विस लीग के आधार पर 10 राउंड के खेले गए जिसमें अंत में चार खिलाड़ी 7.5 अंक बनाकर सयुंक्त पहले स्थान पर थे पर टाईब्रेक के आधार पर कजाकिस्तान के रिनात जुमाबयेव विजेता बनने में कामयाब रहे जबकि भारत के लियॉन मेन्दोंसा , आयुष शर्मा और उज्बेक्सितान के मदामीनोव मुखिद्दीन क्रमशः दूसरे से चौंथे स्थान पर रहे । लियॉन नें अंतिम राउंड में हमवतन आयुष से ड्रॉ खेला और 2649 का प्रदर्शन करते हुए अपनी लाइव रेटिंग को 2621 पर पहुंचा दिया ।

# ईस्ट जोन हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड की पुरुष टीम ने पश्चिम बंगाल को हराया

**झारखंड की टीम ने पश्चिम बंगाल के ऊपर 9-0 से जीत हासिल की**



**सिमोन डोडराय को उनके शानदार प्रर्दशन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

असम के गुवाहाटी में 24 से 31 जुलाई तक आयोजित द्वितीय हॉकी इंडिया सब जूनियर ईस्ट जॉन हॉकी चैंपियनशिप में अपने तीसरे मैच में झारखंड पुरुष टीम ने पश्चिम बंगाल के ऊपर 9-0 से जीत हासिल की। झारखंड टीम के सिमोन डोडराय को उसके शानदार प्रदर्शन पर शनिवार के मैच में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। झारखंड टीम की लगातार जीत पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई तथा अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दी है। हॉकी झारखंड के उपाध्यक्ष मनोज कोनबेगी ने यह जानकारी दी।

## स्वियातेक, अल्काराज और जोकोविच दूसरे दौर में

**पेरिस।** सात सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने वाले कार्लोस अल्काराज और इगा स्वियातेक ने रोलां गैरो में खेले जा रहे ओलंपिक टेनिस स्पर्धा में अपने अभियान का आगाज सीधे सेटों में जीत के साथ किया। बारिश के कारण छत को बंद करके इन मुकाबलों को खेला गया। स्वियातेक और अल्काराज की तरह नोवाक जोकोविच ने भी सीधे सेटों में जीत हासिल की। जोकोविच के सामने दूसरे दौर में लंबे समय से प्रतिद्वंद्वी राफेल नडाल की चुनौती हो सकती है जो पुरुष एकल में रविवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

# अफगानिस्तान ग्रेटर नोएडा में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट खेलेगा, एसीबी ने पुष्टि की

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने शनिवार को पुष्टि की कि उनकी पुरुष टीम 9 से 13 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा में न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच खेलेगी।

यह पहली बार होगा कि अफगानिस्तान न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच खेलेगा, इस साल लंबे प्रारूप में यह टीम का तीसरा मैच होगा। अफगानिस्तान ने इससे पहले आयरलैंड (2019), बांग्लादेश (2019) और जिम्बाब्वे (2021) के खिलाफ एक-एक



टेस्ट मैच जीता है। हम अपने क्रिकेट इतिहास में पहली बार एक गुणवत्तापूर्ण न्यूजीलैंड टेस्ट टीम की मेजबानी करके खुश हैं। यह उस कड़ी मेहनत का प्रमाण है जो हमने विभिन्न आईसीसी बोर्ड बैठकों के मौके पर विभिन्न बोर्डों के साथ कई चचाओं और बैठकों के माध्यम से की है।

एसीबी के अध्यक्ष मीरवाइज अशरफ ने कहा, ब्लैक कैप्स विश्व क्रिकेट में एक उत्कृष्ट ऑल-फॉर्मेट टीम है, और हमें उम्मीद है कि हम भविष्य में सफेद गेंद वाले द्विपक्षीय मैचों के लिए न्यूजीलैंड क्रिकेट के साथ एक समझौते पर पहुंचेंगे।

यह मैच ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए अफगानिस्तान की वापसी का भी प्रतीक होगा, जो एसीबी और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के बीच आपसी समझौते के बाद अफगानिस्तान के घरेलू मैचों के लिए आवंटित स्थानों में से एक है।

## एक नजर

### एनसीसी कैडेटों के नामांकन के लिए 29 से जमा होगा आवेदन

**रांची।** झारखंड नौसेना एनसीसी इकाई के जरिये 11 अगस्त को एनसीसी कैडेटों के नामांकन के लिए परीक्षा का आयोजन संत जोन्स प्लस टू विद्यालय रांची में किया जाएगा। इसके लिए प्रतिभागी झारखंड नौसेना एनसीसी इकाई के कार्यालय से आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। 29 जुलाई से नौ अगस्त तक आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि है।

### चेक बाउंस के दोषी को 4 माह की सजा व 70 हजार जुर्माना

**रांची।** ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट दिव्या राघव की अदालत ने शनिवार को चेक बाउंस के दोषी अर्जुन प्रसाद यादव को चार महीने की सजा और 70 हजार का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जुमार्ना की राशि उस पीड़ित को दी जायेगी, जिसे अर्जुन ने चेक दिया था, जो बाउंस हो गया। अर्जुन प्रसाद यादव ने अजय जैन को पैसों के भुगतान के लिए 50 हजार का चेक दिया था, जो बाउंस कर गया था। इसके बाद अजय जैन ने कोर्ट की शरण ली थी। अजय जैन ने सिविल कोर्ट में कंप्लेंट केस दर्ज करवाया था। अजय जैन की ओर से अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने बहस की।

### दुष्कर्म के दोषी को चार साल सश्रम कारावास की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अमित शेखर की कोर्ट ने शनिवार को रांची सिविल कोर्ट की सफाई कर्मचारी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी संजय सिंह को चार साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने आदेश में कहा है कि जुर्माना नहीं देने पर दोषी को छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। प्राथमिकी के अनुसार संजय सफाई कर्मचारी के साथ अक्सर छेड़छाड़ करता था। एक दिन मौका पाकर उसने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पीड़िता ने रांची के कोतवाली थाना में कांड संख्या 90/2020 दर्ज करायी थी।

### एक्टिंग चीफ जस्टिस ने सुनी वकीलों की समस्या

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद ने शुक्रवार को झारखंड स्टेट बार काउंसिल के पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान एक्टिंग चीफ जस्टिस को राज्य के अधिवक्ताओं की समस्याओं से अवगत कराया गया। बैठक में काउंसिल के सदस्य राजेश शुक्ला, महेश तिवारी, गोपेश्वर प्रसाद झा, अमर कुमार सिंह, संजय कुमार विद्रोही, कुंदन प्रकाशन सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# राज्य में 30 और 31 जुलाई को बारिश के आसार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में दो अगस्त तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार दो अगस्त तक राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की प्रबल संभावना है। इस दौरान राज्य में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। पिछले 24 घंटे में राज्य में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा हुई जबकि राज्य में कहीं-कहीं पर भारी बारिश भी हुई। राज्य में मॉनसून गतिविधि सक्रिय रही। सबसे अधिक वर्षा 77 एमएम दारू (हजारीबाग) में दर्ज की गयी। उच्चतम तापमान 37.4 डिग्री सेल्सियस गोड्डा में जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस चाईबासा में दर्ज किया गया। शनिवार को दिन में सबसे अधिक बोकारो में 49.5 एमएम बारिश हुई।



### इन जिलों में भारी बारिश की संभावना

**मौसम** विभाग के अनुसार 28 जुलाई को खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, पलामू और गढ़वा में भारी बारिश की संभावना है जबकि 30 और 31 जुलाई को राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों बोकारो, रामगढ़, रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां में मौसम विभाग ने भारी बारिश को लेकर चेतावनी जारी की है। 31 जुलाई और एक अगस्त को राज्य के उत्तर-पश्चिमी एवं उत्तर-पूर्वी भागों गढ़वा, पलामू , लातेहार, चतरा, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़, दुमका और देवघर में भारी बारिश को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं राजधानी रांची में एक जून से 27 जुलाई तक 314 मिलीमीटर बारिश हुई है।

## जेडीयू ने बढ़ाई प्रदेश भजपा की चिंता

# 11 सीटों पर विस चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही नीतीश की पार्टी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में जनता दल (यूनाइटेड) एनडीए फोल्डर के तहत विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना में जेडीयू की झारखंड इकाई के 50 प्रमुख नेताओं के साथ बैठक की और उन्हें चुनाव की तैयारी में जुट जाने का निर्देश दिया। बैठक के बाद झारखंड जदयू के अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने मीडिया से कहा कि हमने फिलहाल राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार को उन 11 सीटों और संभावित उम्मीदवारों की सूची सौंपी है, जहां हमारी पार्टी के लिए बेहतर संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हम कुछ और सीटों पर अपनी स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं। ऐसे में कुछ अन्य सीटों पर उम्मीदवार उतारने पर विचार हो सकता है।



जेडीयू एनडीए फोल्डर की पार्टी है और हम इसी गठबंधन के साथ चुनाव लडेंगे। किन सीटों पर उम्मीदवार उतारे जाएंगे, यह निर्णय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य प्रभारी मिलकर तय करेंगे। सीटों के बंटवारे पर भारतीय जनता पार्टी से बात चल रही है। हमें जो सीटें मिलेंगी, उसके अलावा बाकी सीटों पर हम गठबंधन के उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे।

नीतीश कुमार के साथ हुई बैठक में पार्टी के नेताओं के साथ-साथ कुर्मी जाति संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उन्होंने नीतीश कुमार से कहा कि झारखंड में कुर्मी जाति को आदिवासी का दर्जा देने की मांग लंबे अरसे से चल रही है और आपसे इस दिशा में पहल करने की अपेक्षा है। नीतीश कुमार ने आश्वस्त किया कि पार्टी के सांसद यह मामला संसद में उठाएंगे।

### बीएयू में खरीफ अनुसंधान परिषद की बैठक आज से

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के खरीफ अनुसंधान परिषद की 44वीं बैठक 28-29 जुलाई को कृषि संकाय के सभागार में होगी। इसमें बाह्य विशेषज्ञ के रूप में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) डॉ तिलक राज शर्मा, सहायक महानिदेशक (पशु पोषण एवं दैहिकी) डॉ अमरीश कुमार त्यागी व वन उत्पादकता संस्थान, रांची के निदेशक डॉ अमित पांडेय भाग लेंगे। अध्यक्षता बीएयू कुलपति और अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष डॉ एससी दुबे करेंगे। पहले दिन रविवार को पशुचिकित्सा एवं वानिकी संकाय के शोध कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण होगा।

## एनआईए का हथियार जब्ती मामला

# 23वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को अदालत में झारखंड में भाकपा माओवादी की गिरफ्तारी और हथियार जब्ती मामले में एक और आरोपित के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया। एनआईए ने झारखंड निवासी प्रदीप सिंह चेरो के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। यह मामला आरसी-02/2022/एनआईए/आरएनसी से जुड़ा है। यह इस मामले का 23वां आरोपित है। एनआईए से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में झारखंड पुलिस ने मूल रूप से नौ लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। इससे पहले कि एनआईए ने जून 2022 में जांच अपने हाथ में ली और अगस्त 2023 से जुलाई 2024 के बीच पांच पूरक आरोपपत्र दाखिल की। एनआईए की जांच से मामले में विभिन्न भाकपा माओवादी के सशस्त्र कैडरों और जमीनी समर्थकों की संलिप्तता उजागर हुई है। चेरो पर आईपीसी, आर्म्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूए(पी) एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप पत्र दाखिल किया गया है। यह आरोप प्रतिबंधित भाकपा माओवादी द्वारा झारखंड में सुरक्षा बलों पर हमला करने की साजिश के तहत लगाया गया है। यह साजिश उनके शीर्ष कमांडर प्रशांत बोस की गिरफ्तारी का बदला लेने के लिए रची गई थी। यह हमला झारखंड के लोहरदगा जिले के पेशरार क्षेत्र में फरवरी 2022 में हुआ था। उस समय, क्षेत्रीय कमांडर रवींद्र गंझू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सीपीआई (माओवादी) कैडर सुरक्षा बलों पर हमला करने की साजिश रचने के लिए लोहरदगा के बुलबुल के जंगल क्षेत्र में एकत्र हुए थे। गंझू के साथ सक्रिय सीपीआई (माओवादी) कैडर बलराम उरांव और मुनेश्वर गंझू के साथ 45-60 अन्य लोग शामिल थे।

## लोबिन ने विस की सदस्यता खत्म किए जाने पर मोर्चा खोला, कहा

# राज्य सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को दे रही बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने विधानसभा की सदस्या खत्म किए जाने पर मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लोकतंत्र की हत्या हुई है। उनकी सदस्यता जानबूझकर स्पीकर के माध्यम से पार्टी के लोगों ने समाप्त करा दी है। इससे मैं विचलित होने वाला नहीं हूं। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में घुसपैठ हुई है। राज्य सरकार वोट बैंक के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दे रही है।

हेम्ब्रम शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र शुरू होने से कुछ घंटे पहले उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। ऐसे में उनके द्वारा उठाए गए जनहित के सवालों का जवाब कौन देगा? साथ ही कहा कि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। उन्हें पूरा विश्वास है कि चालू सदन में उन्हें सवाल उठाने का मौका मिलेगा।



राज्य सरकार पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड लेबर सप्लाई स्टेट बन गया है। आदिवासी रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। लोगों का सरकार पर से विश्वास उठ गया है। चुनाव लड़ने के बारे में उन्होंने कहा कि समय आने पर बताऊंगा। एक सवाल के जवाब में लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि वे चुनाव जरूर लड़ेंगे। किस पार्टी से चुनाव लड़ेंगे, इसका खुलासा समय आने पर करूंगा।

उल्लेखनीय है कि 25 जुलाई को बोरियो से झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम और मांडू से भाजपा विधायक जेपी पटेल संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत दल-बदल के दोषी पाए गए थे। दोनों विधायकों को पार्टी लाइन के खिलाफ गतिविधि में दोषी करार दिया गया था। इस आलोक में झारखंड विधानसभा के स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने फैसला सुनाते हुए दोनों विधायकों की सदस्यता रद्द कर दी थी।

# जमीन कारोबारी कमलेश को ईडी ने कोर्ट में किया पेश, भेजा गया जेल

**रांची।** ईडी ने गिरफ्तार जमीन कारोबारी कमलेश कुमार को शनिवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत में पेश किया। अदालत ने कमलेश कुमार को आठ अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार (जेल) भेज दिया। मामले में ईडी की ओर से रिमांड पर लेने के लिए आवेदन दिया गया है। रिमांड पर अदालत सोमवार को सुनवाई करेगी। जमीन घोटाला से जुडे मामले में ईडी ने बीते 21 जून को कमलेश के ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस दौरान ईडी ने फ्लैट से एक करोड़ कैश और राइफल की 100 गोलियां बरामद की थीं। इसके बाद ईडी के अधिकारियों के आग्रह पर रांची के कांके थाना में कमलेश के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी।



# ऑड्रे हाउस की कला प्रदर्शनी में संस्कृति की दिख रही झलक

**रांची।** आईजीएनसीए के क्षेत्रीय केंद्र रांची और कला-संस्कृति विभाग की ओर आड्रे हाउस में आयोजित कला प्रदर्शनी का अवलोकन शनिवार को भी आमजन के साथ स्कूली विद्यार्थियों ने किया। झारखंड की लोक एवं जनजातीय समुदायों की जीवनशैली एवं पारिस्थितिकी परिदृश्य विषय पर आधारित इस कला प्रदर्शनी में छात्रों ने झारखंड की आदिम संस्कृति व जीवनशैली के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान झारखंड के वरिष्ठ कलाकारों ने छात्रों और पेटिंग में रूचि रखनेवालों के साथ जानकारियां साझा की। भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने भी पेंटिंग का अवलोकन किया। मौके पर आईजीएनसीए के क्षेत्रीय निदेशक, डॉ सपम रणबीर सिंह, डॉ रेम्बेमो ओडीयू मौजूद थे। प्रदर्शनी का समापन आज होगा।

## न्यूज बॉक्स

### संजय सेठ ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से लिया आशीर्वाद

**रांची।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नई दिल्ली में शनिवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मुलाकात की। यह उनकी औपचारिक मुलाकात बताई गई है। मुलाकात के दौरान सेठ ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।



### डीजीपी से भाकपा, राजद व कांग्रेस के नेताओं ने की मुलाकात



**रांची।** भाकपा के राज्य कार्यकारणी सदस्य सह जिला मंत्री अजय सिंह और राजद के राजेश यादव एवं कांग्रेस के योगेंद्र बेनी ने पुलिस मुख्यालय में झारखंड के नए डीजीपी अनुराग गुप्ता से शनिवार को मुलाकात की। तीनों नेताओं ने डीजीपी को गुलदस्ता भेंट कर डीजीपी बनने पर बधाई दी। साथ ही उनसे आग्रह किया की पूरे राज्य में कानून व्यवस्था मजबूत और अपराधियों पर नकेल कसे। झारखंड में आपराधिक घटनाओं में सबसे अधिक जमीन विवाद को लेकर है। भू-माफियाओं के कारण होती है। इसलिए जमीन दलालों और भू-माफियाओं को पुलिस संरक्षण न मिले। लोगों को थाने में पहुंचने पर सुरक्षा का अहसास हो। डीजीपी ने आश्वस्त किया की मेरे कार्यकाल में इस तरह की शिकायत नहीं मिलेगी।

### पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर सुनवाई तीन अगस्त को



**रांची।** टेंडर कमीशन मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की जमानत याचिका पर शनिवार को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की ओर से दिल्ली के दो अधिवक्ता जमानत पर बहस करने पहुंचे थे। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ईडी के जोजेफ हुसैन जुड़ गये थे। इसी दौरान रांची जिला बार एसोसिएशन के सचिव पहुंचे और कहा कि जब कंडोलेंस है तो सुनवाई कैसे हो रही है। इसके बाद मामले में सुनवाई की अगली तिथि तीन अगस्त निर्धारित की गई है। टेंडर कमीशन से प्राप्त बड़ी रकम का मनी लांड्रिंग करने के आरोप में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम जेल में बंद हैं। आलमगीर आलम की गिरफ्तारी के 64 दिनों बाद चार्जशीट दाखिल हुई थी। इसके बाद उन्होंने जमानत की गुहार लगायी है। ईडी ने उनको 15 मई को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में हैं। यह गिरफ्तारी उनके पीएस संजीव कुमार लाल एवं उसका नौकर जहांगीर आलम के यहां से मिले 32.30 करोड़ रुपये नकद बरामद होने के मामले में किया गया है। गिरफ्तारी के बाद ईडी ने पुलिस रिमांड पर लेकर लगातार 14 दिनों तक पूछताछ की थी। इस मामले में इडी ने चार जुलाई को चार्जशीट दाखिल की है। इसी मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित अन्य आरोपित जेल में हैं।

### सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें : झामुमो




**रांची।** झामुमो के चतरा, पलामू और लातेहार जिला के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक रांची के हरमू स्थित सोहराई भवन में शनिवार को हुई। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बैठक में आए कार्यकर्ताओं के मन में राज्य की लोक कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में उठ रहे जिज्ञासाओं को शांत किया और संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर पर कार्यक्रम करने की बात कही। पांडेय ने बैठक में राज्य सरकार के जरिये चलाए जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने का निर्देश नेताओं को दिया। साथ ही सांगठनिक रूप से युद्ध स्तर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ राज्य के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करें। बैठक में चतरा, पलामू और लातेहार जिला के जिला समिति के सभी पदाधिकारी, वर्ग संगठनों के अध्यक्ष एवं सचिव, नगर-महानगर समिति के पदाधिकारी, प्रखंड समिति के पदाधिकारी तथा पंचायत समिति के अध्यक्ष तथा सचिव शामिल हुए।

## पृष्ठ एक का शेष

**नीति आयोग की बैठक में शामिल...**
था। अब बैठक से दूरी बनाकर सोरेन ने यह संदेश दे दिया है कि वह इंडी ब्लॉक के स्टैंड के साथ हैं। झारखंड के मुख्य सचिव एल खियांग्ते दिल्ली में आयोजित नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए शुक्रवार को रांची से नई दिल्ली के लिए रवाना हुए थे, लेकिन बैठक में उन्हें प्रवेश नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बैठक में शामिल नहीं होने की वजह से वह भी बैठक में शामिल नहीं हो सके।

**नीति आयोग की बैठक छोड़ निकलीं ममता...**
न केवल बंगाल का अपमान है, बल्कि सभी क्षेत्रीय दलों का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि मैं इस बैठक में इसलिए शामिल हो रही हूं क्योंकि सहकारी संघवाद को मजबूत करने में मेरी ज्यादा दिलचस्पी है। यहां तक कि बजट भी राजनीतिक पक्षपात वाला है। उन्होंने कहा कि आप दूसरे राज्यों के साथ भेदभाव क्यों कर रहे हैं। नीति आयोग के पास कोई वित्तीय शक्तियां नहीं हैं, यह कैसे काम करेगा? इसे वित्तीय शक्तियां दें या योजना आयोग को वापस लाएं। उल्लेखनीय है कि विपक्षी दलों के गठबंधन आईएनडीआईए शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने पहले ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हो रही इस बैठक का बहिष्कार करने की घोषणा की थी। इनमें तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और झारखंड के मुख्यमंत्री शामिल हैं।

**सम्मानपूर्वक सुनी गई ममता बनर्जी...**
चाहती थी, लेकिन मैं अब नहीं बोलूंगी। बस इतना ही था। इसके अलावा और कुछ नहीं था। हम सबने सुना। उन्होंने अपनी बात रखी और हमने सम्मानपूर्वक उनकी बातें सुनीं और नोट किया। प. बंगाल के मुख्य सचिव ने बैठक में हिस्सा लेना जारी रखा और वह उनके जाने के बाद भी उपस्थित रहे।

**झारखंड में कॉलेज हॉस्टल में घुसकर...**
मामले में जांच के लिए सब इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार के साथ पुलिस टीम हॉस्टल पहुंची थी, तब वहां मौजूद कुछ युवकों ने उनपर हमला कर दिया। इसमें एक पुलिस अफसर और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए।

**तीर-धनुष और लाठी-डंडे के साथ सड़क पर उतरे हजारों आदिवासी छात्र**

**पाकुड़।** झारखंड के पाकुड़ जिला मुख्यालय में शनिवार दोपहर हजारों आदिवासी छात्र-छात्राएं लाठी-डंडे, तीर-धनुष के साथ सड़कों पर उतर आए। वे उन पुलिसकर्मियों को गिरफ्तार करने और उन पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे, जिन्होंने शुक्रवार की आधी रात केकेएम कॉलेज हॉस्टल में घुसकर छात्रों की पिटाई की थी। पुलिस की पिटाई से 11 छात्र घायल हुए हैं, जिनका इलाज पाकुड़ सदर हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। हॉस्टल में मारपीट के दौरान दो पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। प्रदर्शनकारी छात्र-छात्राएं शहर के सिद्धो-कान्हू पार्क के पास इकट्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए गांधी चौक पहुंचे। वे पुलिस-प्रशासन और बांग्लादेशी घुसपैठ के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे। उन्होंने ऐलान किया कि अगर पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज होगा। दरअसल, आदिवासी छात्र संघ ने 18 जुलाई को पाकुड़ के महेशपुर थाना क्षेत्र के गायबथान गांव में आदिवासी समुदाय के लोगों पर कथित बांग्लादेशी घुसपैठियों के हमले की घटना के विरोध में शनिवार को आक्रोश रैली निकालने का ऐलान कर रखा था।

### दिवंगत होमगार्ड के आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी देने का आदेश

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने दिवंगत होमगार्ड के आश्रित को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का आदेश दिया है। दरअसल साल 2014 में होमगार्ड जवान तारिणी कुमार ज्योतिषी की ड्यूटी से घर जाने के दौरान मौत हो गयी थी। तारिणी के परिजनों ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी की मांग की थी। लेकिन सरकार ने उनकी मांग नहीं सुनी। इसके बाद दिवंगत होमगार्ड के बेटे राकेश कुमार ने हाईकोर्ट की शरण ली। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अम्बुज नाथ की कोर्ट में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता मनोज चौबे ने बहस की। कोर्ट ने मनोज चौबे की दलील से सहमत होकर दिवंगत होमगार्ड के आश्रित बेटे को अनुकंपा के आधार पर नौकरी देने का आदेश दिया।


Government of Jharkhand

**Urban Development & Housing Department**

Medininagar Municipal Corporation

**e-Procurment Tender Notice**

| Sl. No.. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 10/2024-25 | Rejuvenation of Badka Talab in ward no. 18 Under Medininagar Municipal corporation | 1,91,90,608/- | 3,83,900/- | 10,000/- | 12 माह |
| 2 | UDHD/MMC/ 11/2024-25 | Rejuvenation of School Pokhra Talab in ward no. 34 Under Medininagar Municipal corporation | 1,51,86,781/- | 3,03,800/- | 10,000/- | 12 माह |

| **Part – B** | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 29/07/2024 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 29/07/2024 At 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 29/07/2024 At 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 20/08/2024 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 21/08/2024 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 330903 Urban Development (24-25)_D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

# मैं आगे से किसी बैठक में हिस्सा नहीं लूंगी : ममता

## असम, गोवा और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों को दिया ज्यादा समय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने बैठक से बाहर आने के बाद पत्रकारों से कहा, मैं बैठक का बहिष्कार करके बाहर आई हूं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को बोलने के लिए 20 मिनट दिए गए। असम, गोवा, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने 10 से 12 मिनट तक अपनी बात रखी। मुझे पांच मिनट बाद ही बोलने से रोक दिया गया। यह अनुचित है। मैं आगे से किसी भी बैठक में हिस्सा नहीं लूंगी। ममता ने कहा, विपक्ष की तरफ से मैं यहां अकेली नेता हूं। मैंने बैठक में इसलिए हिस्सा लिया, क्योंकि सहकारी संघवाद को मजबूत किया जाना चाहिए। सरकार ने राजनीतिक रूप से पक्षपातपूर्ण बजट पेश किया है और सवाल किया कि केंद्र राज्यों के बीच भेदभाव क्यों कर रहा है। नीति आयोग के पास कोई वित्तीय शक्तियां नहीं हैं, तो यह कैसे काम करेगा? इसे वित्तीय शक्तियां दें या योजना आयोग को वापस लाएं। बंगाल सीएम ने कहा, 'मैंने बैठक में कहा कि 2024-25 के आम बजट में कुछ राज्यों की अनदेखी की गई है। मैंने कहा कि आप राजनीतिक रूप से पक्षपात कर रहे हैं, आप कई राज्यों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। यहां तक कि बजट भी राजनीतिक, पक्षपाती बजट है। मैंने उनसे कहा कि इसकी समीक्षा की जानी चाहिए। मैंने सभी राज्यों के लिए बात की। मैंने यह भी कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पश्चिम बंगाल को केंद्रीय निधि का भुगतान नहीं हुआ है।

### नाराज ममता, नीति आयोग की बैठक से बाहर



### पैसे का हिसाब देने से इनकार कर रहा पश्चिम बंगाल : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक छोड़कर चले जाने पर सांसद मनोज तिवारी ने कहा है कि जब नीति आयोग किसी राज्य के लिए योजना बनाता है और फंड मुहैया कराता है तो उससे यह भी पूछा जाएगा कि पैसा कहां खर्च हुआ। पश्चिम बंगाल केंद्र द्वारा दिए गए पैसे का हिसाब देने से इनकार कर रहा है। उन्होंने कहा, बंगाल में केंद्र सरकार द्वारा दिए गए पैसे का दुरुपयोग हो रहा है।

### केन्द्र सरकार ने तमिलनाडु के हितों की उपेक्षा की: एमके स्टालिन

नई दिल्ली। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने शनिवार सुबह एक्स पर कहा है कि वे नीति आयोग की बैठक में इसलिए हिस्सा नहीं ले रहे हैं, क्योंकि केन्द्र सरकार ने राज्य के हितों की अनदेखी और राज्य के लोगों की उपेक्षा की है। उन्होंने कहा है कि संसद में पेश किया केन्द्रीय बजट भारतीय जनता पार्टी को वोट नहीं देने वाले राज्यों के प्रति प्रतिशोध की कार्रवाई की तरह है। इंडी गठबंधन को वोट देने वालों से बदला लेने के लिए बजट तैयार किया है।

### मुख्यमंत्रियों की ओर से बैठक का बहिष्कार दुर्भाग्यपूर्ण : केसी त्यागी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक का कांग्रेस व विपक्षी दलों के कई मुख्यमंत्रियों द्वारा बहिष्कार किए जाने को जनता दल ( जदयू ) के प्रवक्ता केसी त्यागी ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। त्यागी ने कहा कि नीति आयोग केंद्र और राज्यों के बीच धन के आवंटन की व्यवस्था को सुनिश्चित करता है। यह राज्यों के अधिकारों की रक्षा करता है। केसी त्यागी ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा नीति आयोग का नाम बदलकर योजना आयोग रखे जाने की सलाह को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि नीति आयोग व योजना आयोग का काम कमोबेश एक ही है। इसलिए वे ममता बनर्जी की बातों से सहमत नहीं हैं।

### नीतीश भी बैठक में शामिल नहीं हुए

कई विपक्षी मुख्यमंत्रियों ने इस अहम बैठक में भाग नहीं लिया। हालांकि केंद्र की सत्ताधारी एनडीए सरकार के सहयोगी व बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी शनिवार को नई दिल्ली में नीति आयोग की बैठक में हिस्सा नहीं लिया। बैठक में राज्य का प्रतिनिधित्व दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने किया। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने से कहा, यह पहली बार नहीं है, जब मुख्यमंत्री नीतीश आयोग की बैठक में हिस्सा नहीं ले रहे। मुख्यमंत्री पहले भी बैठक में शामिल नहीं हुए थे और बिहार का प्रतिनिधित्व तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने किया था।

### ममता बनर्जी ने कांग्रेस, इंडी गठबंधन को बड़ा संदेश दिया : शहजाद पूनावाला

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक का बहिष्कार करने के लिए विपक्ष की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि बहिष्कार तो सिर्फ बहाना है, सही मायनों में तो ये विकसित भारत का विरोध कर रहे हैं। पूनावाला ने कहा कि बैठक में शामिल होकर ममता बनर्जी इंडी गठबंधन और खासकर कांग्रेस को साफ-साफ संदेश दे रही हैं कि कांग्रेस पार्टी डिक्टेट नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि इन्हें बजट से नहीं बल्कि बजट बनाने वाले से समस्या है। विपक्षी गठबंधन के अंदर ही अलग-अलग सुर नजर आ रहे हैं। आरजेडी कहती है कि बिहार को झुनझुना मिला, जबकि इंडी गठबंधन में शामिल बाकी दल कहते हैं कि बिहार को सब कुछ मिला, ऐसे में किसकी बात पर भरोसा किया जाए।



> *नीति आयोग की बैठक के बारे में ममता बनर्जी जो बातें कह रही हैं, मुझे लगता है कि वे झूठ बोल रही हैं। वह जानती थीं कि वहां क्या होने वाला है। उनके पास स्क्रिप्ट थी।*
>
> ***अधीर रंजन चौधरी***
> *कांग्रेस नेता*

### केंद्र का बर्ताव विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश : तृणमूल

**कोलकाता।** नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित नीति आयोग की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का वाकआउट एक बड़ा विवाद बन गया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने इस घटना को विपक्ष की आवाज को दबाने का स्पष्ट उदाहरण बताया है। टीएमसी प्रवक्ता शांतनु सेन ने कहा, जब देश की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री बंगाल को उसका हक न मिलने की बात कर रही थीं, तब उनका माइक म्यूट कर दिया गया। यह दर्शाता है कि विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

### आसियान फोरम में शामिल हुए जयशंकर, अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर दिया जोर




**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर आसियान बैठक में भाग लेने के लिए लाओस की राजधानी वियनतियाने पहुंचे। यहां वह 31वें आसियान क्षेत्रीय फोरम में शामिल हुए। इस संबंध में उन्होंने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान आर्थिक, राजनीतिक, टेक्नोलॉजी और कनेक्टिविटी के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर बल दिया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 31वें आसियान क्षेत्रीय फोरम में कहा कि कोविड, संघर्ष और जलवायु परिवर्तन आज हमारी चुनौतियों को उजागर करते हैं। समाधान केवल सहयोग के माध्यम से ही संभव है, जिसमें आर्थिक, राजनीतिक, तकनीकी और कनेक्टिविटी सहयोग शामिल है।

### प्रधानमंत्री ने सीआरपीएफ के स्थापना दिवस पर बधाई दी




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के स्थापना दिवस पर सीआरपीएफ कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को स्थापना दिवस पर बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया सीआरपीएफ के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी जवानों को मेरी शुभकामनाएं। राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और अथक सेवा वास्तव में सराहनीय है। वे हमेशा साहस और प्रतिबद्धता के उच्चतम मानदंडों के लिए खड़े रहे हैं। हमारे राष्ट्र

### पीएम नरेंद्र मोदी अगस्त में कर सकते हैं यूक्रेन का दौरा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कीव (यूक्रेन) जाने वाले हैं। सूत्रों ने बताया कि पीएम मोदी अगस्त में कीव की यात्रा करेंगे। रूस से जंग के बीच पीएम मोदी का यह यूक्रेन का पहला दौरा होगा। जुलाई में दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय वार्ता हुई, जिसमें एस जयशंकर और यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और यूक्रेन के आंद्रेई यरमाक ने फोन पर बातचीत की थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने की बात कही थी।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** कंप्यूटर इंजीनियर विभिन्न क्षेत्र में काम करते हैं, जिनमें कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क और इंफ्रास्ट्रक्चर की डेवलपिंग और मैनटैनिंग शामिल है। एक कंप्यूटर इंजीनियर स्पेशल सोल्युशन या न्यू टेक्नोलॉजी बनाने के लिए कंप्यूटर हार्डवेयर डिज़ाइन करता है। एक कंप्यूटर इंजीनियर की जॉब में मुख्य रूप से डिटेल रिसर्च और डिजाइनिंग शामिल हैं। उदाहरण के लिए Intel और Samsung जैसी कंपनियां फ़ोन, प्रोसेसर और राऊटर जैसे डिवाइस को डिजाइन करने के लिए कई कंप्यूटर इंजीनियर को अप्पोइंट करती हैं।



### कंप्यूटर इंजीनियर की जिम्मेदारियां

- कंपनी के डेटाबेस की सिक्योरिटी, स्टेबिलिटी और फ़ंक्शनेलिटी की देखरेख करना।
- विभिन्न कंप्यूटर एप्लीकेशन, सॉफ्टवेयर और ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए कोड बनाना।
- कस्टमर को टेक्निकल सपोर्ट प्रदान करना।
- कंप्यूटर सिस्टम का आर्किटेक्चर और यूजर इंटरफ़ेस (UI) डिज़ाइन करना।
- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और कंप्यूटर सिस्टम या अन्य डिजिटल डिवाइस के लिए एप्लीकेशन बनाना।
- कंपनी के लिए रिसर्च कोऑर्डिनेशन, सर्वे करना, डाटा रिकॉर्ड और एनालाइज करना और इंटरनेट के माध्यम से इन्फॉर्मेशन कलेक्ट करना।

# कंप्यूटर इंजीनियरिंग में बना सकते हैं अपना करियर...

### कंप्यूटर इंजीनियर के लिए जरूरी स्किल्स

- **कोडिंग:** कोडिंग वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के प्रोफ़ेशनल्स सॉफ्टवेयर और प्रोग्राम बनाते हैं। एक कंप्यूटर इंजीनियर को अपने करियर में सफल होने के लिए कोडिंग की जानकारी होनी चाहिए।
- **कम्युनिकेशन स्किल:** कंप्यूटर इंजीनियर अक्सर सॉफ्टवेयर और डिबग प्रोग्राम विकसित करने के लिए टीमों में काम करते हैं। एक कंप्यूटर इंजीनियर को नए कर्मचारियों या अन्य इंजीनियरों को प्रशिक्षित करने की भी आवश्यकता हो सकती है, जिसके लिए कम्युनिकेशन स्किल का होना जरूरी है।
- **प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल:** अपने काम में कंप्यूटर इंजीनियर को बहुत सारी प्रॉब्लम का सामना करना पड़ता है। प्रोग्राम डिबग करना या गड़बड़ियों को खोज कर जल्द से जल्द ठीक करना उनकी जिम्मेदारी होती है। इसके लिए उन्हें सोल्युशन प्रस्तावित करने के लिए सक्षम होना जरूरी है।
- **रिसर्च स्किल:** कोडिंग और इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के बारे में अधिक सीखना रिसर्च से शुरू होता है। जब कंप्यूटर इंजीनियर को कुछ प्रॉब्लम का सामना करना पड़ता है, जैसे कि कौन से मेथड का उपयोग किया जाए, किस मेथड से सबसे अच्छा रिजल्ट मिल सकता है, तब उन्हें रिसर्च की अवश्यकता होती है। अतः कंप्यूटर इंजीनियर को जानकारी खोजने और एक्सप्लेन करने के लिए स्टेलर रिसर्च स्किल की आवश्यकता होती है।
- **रेसिलिएंस:** कई बार ऐसा होता है जब एक कंप्यूटर इंजीनियर का सुझाव टीम द्वारा उपयोग की जाने वाली विधि नहीं हो सकती है। कंप्यूटर इंजीनियर के लिए टेक्निकल नॉलेज महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उन्हें असफलताओं के बाद भी महान विचार प्रदान करना जारी रखने की अनुमति देता है।
- **सिक्योरिटी:** कंप्यूटर इंजीनियर के लिए साइबर सिक्योरिटी को समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे अक्सर उन कंपनियों और व्यक्तियों के लिए प्रोग्राम और सॉफ्टवेयर कोडिंग करते हैं जो अपनी जानकारी को निजी रखना चाहते हैं। अतः कंप्यूटर इंजीनियर के पास साइबर सिक्योरिटी की समझ होना ज़रूरी है।



### कंप्यूटर इंजीनियरिंग के लिए भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़

- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), बैंगलोर
- इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, हैदराबाद
- बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस, पिलानी
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, बॉम्बे
- एलएनएम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी, जयपुर
- वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर
- नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, त्रिची